

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



1411 करोड़ की लागत से 24184 आवासों... 12

एसडीएम व प्रबंधक ने एनएसएस के विशेष शिविर... 10





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 120
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 11 फरवरी, 2024


# लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो जाएगा सीएए : शाह

## शाह बोले, ये कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा, मुस्लिम समुदाय को उकसाया जा रहा

- अमित शाह ने शनिवार को ईटी-नाउ-ग्लोबल बिजनेस समिट में ये बातें कहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश में सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएए देश का एक्ट है, इसे हम यकीनन नोटिफाई करेंगे। इसे चुनाव से पहले नोटिफाई किया जाएगा और चुनाव से पहले इसे लागू भी किया जाएगा। इसे लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं होना चाहिए। अमित शाह ने शनिवार को ईटी नाउ-ग्लोबल बिजनेस समिट में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीएए लागू करने का वादा किया था। जब कई देशों में अल्पसंख्यक लोगों पर अत्याचार हो रहे थे, तो कांग्रेस ने रिफ्यूजियों को भरोसा दिलाया था कि वे भारत आ सकते हैं। उन्हें यहां की नागरिकता दी जाएगी, लेकिन अब कांग्रेस अपनी बात से मुकर रही है। गृह मंत्री ने कहा कि हमारे देश के अल्पसंख्यक समुदायों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को उकसाया जा रहा है। सीएए किसी की सिटिजनशिप नहीं छीन सकता है, क्योंकि इसमें ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है। सीएए ऐसा एक्ट है जो बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अत्याचार सह रहे रिफ्यूजियों को नागरिकता दिलाएगा।



### विरोध में भड़के दंगों में 50 से ज्यादा जानें गईं

लोकसभा में आने से पहले ही ये बिल विवाद में था, लेकिन जब ये कानून बन गया तो उसके बाद इसका विरोध और तेज हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। 23 फरवरी 2020 की रात जाफराबाद मेट्रो स्टेशन पर भीड़ के इकट्ठा होने के बाद भड़की हिंसा, दंगों में तब्दील हो गई।

### चार राज्यों में सीएए के विरोध में प्रस्ताव पारित हो चुका है

सीएए बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद 4 राज्य इसके विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर चुके हैं। सबसे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के ताने बाने के खिलाफ है। इसमें नागरिकता देने से धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। इसके बाद पंजाब और राजस्थान सरकार ने विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। चौथा राज्य पश्चिम बंगाल था, जहां इस बिल के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा था- बंगाल में हम सीएए, एनपीआर और एनआरसी की अनुमति नहीं देंगे।

### जनता से मिलेगा 370 सीटों का आशीर्वाद

शाह ने कहा, हमने संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म कर दिया, पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देता था। इसलिए, हमें भरोसा है कि देश के लोग भाजपा को 370 सीटों और एनडीए को 400 से अधिक सीटों का आशीर्वाद देंगे।

### क्षेत्रीय दलों से गठबंधन पर कही ये बात

कार्यक्रम के दौरान उनसे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया। इस पर गृहमंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) परिवार नियोजन में भरोसा करती है, लेकिन राजनीति में नहीं। शिअद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 2024 का चुनाव एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि विकास और केवल नारे देने वालों के बीच होगा।

### न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर उन्होंने कहा, नेहरू-गांधी परिवार के वारिस को इस तरह के मार्च के साथ आगे बढ़ने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि 1947 में देश के विभाजन के लिए उनकी पार्टी जिम्मेदार थी।

### यूपीए की गड़बड़ियां जानने के लिए जरूरी था श्वेत पत्र

संसद में सरकार की ओर से पे किए गए श्वेत पत्र पर शाह ने कहा, यह जरूरी था, क्योंकि देश को यह जानने का पूरा हक है कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने 2014 में सत्ता खोने से पहले क्या गड़बड़ी की थी। दस साल बाद हमारी सरकार ने अर्थव्यवस्था को फिर से जिंदा किया है। विदेशी निवेश आया है और कोई भ्रष्टाचार नहीं है। इसलिए, श्वेत पत्र प्रकाशित करने यह सही समय है।

### 'चुनाव से पहले देश में सीएए लागू हो जाएगा'

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर अमित शाह ने कहा कि चुनाव से पहले इसे लेकर अधिसूचना आ जाएगी। इस संबंध में नियम जारी करने के बाद इसे लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि सीएए किसी के लिए भी नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। हमारे मुस्लिम भाइयों को गुमराह किया जा रहा है। भड़काया जा रहा है। सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का सामना करने के बाद यहां आए हैं। यह किसी की भारतीय की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है।

### अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर क्या कहा

अयोध्या के राम मंदिर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि देश के लोग 500-550 वर्षों यह मानते थे कि जिस स्थान पर भगवान राम का जन्म हुआ था, वहां मंदिर बनना चाहिए। लेकिन, तुष्टिकरण की राजनीति और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए राम मंदिर के निर्माण की अनुमति नहीं दी गई।

### शाह ने कोलकाता में कहा था, सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता

इससे पहले कोलकाता में पिछले साल दिसंबर में एक रैली के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है। शाह ने घुसपैठ, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और तुष्टीकरण के मुद्दों पर ममता बनर्जी को घेरा था। उन्होंने लोगों से ममता सरकार को बंगाल से हटाने और 2026 विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनने का आग्रह किया था। वहीं, 12 दिन पहले केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा था कि मैं गांरटी देता हूं कि देशभर में 7 दिनों के अंदर नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो जाएगा। बनगांव से भाजपा के सांसद ठाकुर दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

# सुशासन दिवस 2024 : मुख्यमंत्री योगी बोले, यूपी में सुशासन अचानक नहीं आया, कई बड़े रिफॉर्म करने पड़े



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सुशासन दिवस 2024' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों को एक एक करके सबके सामने रखा। सीएम ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर रिफॉर्म किये गये। पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया।

### भारत के पास दुनिया को नेतृत्व देने की क्षमता

नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय सुशासन महोत्सव 2024 के लिए सीएम ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सुशासन महोत्सव 2024 प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को हम सबके सामने प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है। देश के अंदर सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना है। सीएम योगी ने कहा कि जैम ट्रिनिटी (जनधन, आधार और मोबाइल) के माध्यम से जहां भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है तो वहीं डीबीटी के माध्यम से अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाएं और सेवाएं पहुंचाने का कार्य हुआ है।

### सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। सीएम योगी ने कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है। प्रदेश में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी है। एमएसएमई क्लस्टर को मजबूती प्रदान की गई। ओडीओपी योजना लाकर परंपरागत उद्यम को प्रोत्साहित किया गया। मुख्यमंत्री ने सीएम इंटर्नशिप स्कीम, प्लेज पार्क स्कीम की भी चर्चा की। सीएम ने प्रदेश में बेहतर हुई कनेक्टिविटी की चर्चा करते हुए बताया कि जल्द ही यूपी 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। यूपी में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे हैं।

### हर साल एक लाख युवा उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर प्रदेश में नये उद्यमियों के लिए लाई गई पांच लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस प्रतिवर्ष एक लाख नये युवा उद्यमियों को तैयार करने पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सफलतापूर्वक कोरोना महामारी का सामना किया और किसी को बेरोजगार नहीं होने दिया गया। यूपी आज बीमारू राज्य से ऊपर उठकर रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। आज प्रदेश में उद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे 1 करोड़ 30 लाख से अधिक नौजवानों को रोजगार मिलेगा। 19 फरवरी को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का कार्यक्रम होने जा रहा है, जिसमें 10 लाख करोड़ के उद्योगों का भूमिपूजन होने जा रहा है। इस अवसर पर राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के कार्यकारी निदेशक जयंत कुलकर्णी, डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, गोरंगदास, अभय, चित्रा सहित बड़ी संख्या में आमंत्रित युवा मौजूद रहे।

### पहले भारत की परंपराओं का उड़ाया जाता था मजाक

सीएम ने बताया कि आज एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। पहले हम भारतवासियों को कहा जाता था कि हमारा जो कुछ भी ज्ञान है वो पोंगापंथी है। हमारी परंपराओं को लांछित किया जाता था। आज दुनिया के 193 देश 21 जून की तिथि को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप मनाती है। भारत की इस ऋषि परंपरा से जुड़कर पूरी दुनिया ना केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से हमारी परंपरा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती है। ये सब प्रधानमंत्री मोदी के कारण संभव हो सका है।

# पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती : डीजीपी बोले, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा को पुख्ता किया जाए

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग में यूपी पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड के साथ पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 सीधी भर्ती को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने 17 और 18 फरवरी को होने वाली इस परीक्षा को लेकर सभी जिलों के कप्तानों के साथ पुलिस कमिश्नर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद के सहायक नोडल अधिकारियों को इस संबंध ने दिशा निर्देश दिए। डीजीपी ने परीक्षा केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था से लेकर आवागमन तक की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके लिए जिलाधिकारी और संबंधित विभागों से लगातार संपर्क में रहने को कहा। उन्होंने परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए परीक्षा केन्द्रों, रेलवे / मेट्रो स्टेशन और बस / टैक्सी स्टैंड के साथ ही होटल/रेस्टोरेन्ट पर भीड़ प्रबन्धन करने के टिप्स दिए। साथ ही महिला परीक्षार्थियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

# श्रीकृष्ण मंदिर की दीवारों पर गुंबद बनाकर घोषित की थी शाही मस्जिद, दस्तावेज संग्रह में मिले हैं इसके सबूत

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण के संबंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पहले महानिदेशक अलेक्जेंडर कनिंघम के दस्तावेज संग्रह में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिला है। कनिंघम ने वर्ष 1862-1864 के बीच जन्मभूमि-ईदगाह का सर्वे किया था, जिसकी रिपोर्ट में लिखा है कि औरंगजेब द्वारा श्रीकृष्ण मंदिर के ऊपरी हिस्से को तोड़ा गया और दीवारों को यथावत रखते हुए उनके ऊपर ही गुंबद बनाकर उसे शाही ईदगाह मस्जिद घोषित कर दिया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं वादकारी अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पहले निदेशक अलेक्जेंडर कनिंघम ने 1862-64 में पूरे देश में कई स्थानों पर सर्वे किया था। इसमें मथुरा की शाही मस्जिद ईदगाह भी शामिल थी। इसकी सर्वे रिपोर्ट का उल्लेख उन्होंने अपने दस्तावेजी संग्रह/किताब आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि कटरा केशवदेव की भूमि पर बनी मस्जिद की लंबाई 172 फुट, चौड़ाई 66 फुट और ऊंचाई 25 से 30 फुट है। मंदिर को तोड़कर उसकी दीवारों पर गुंबद बनाकर उसे शाही ईदगाह मस्जिद घोषित करने के संबंध में साक्ष्य दिए हैं कि छींटदार लाल/बलुआ पत्थर से कटरा केशव देव भूमि पर औरछा राजा वीर सिंह बुंदेला द्वारा श्रीकृष्ण का मंदिर बनवाया गया था।

### मस्जिद की दीवारों पर मंदिर होने के साक्ष्य

अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कनिंघम ने अपनी सर्वे की रिपोर्ट में लिखा है कि ईदगाह में एक खंभे में देवनागरी भाषा में संवत् 1713 फाल्गुन लिखा है। इसमें से फाल्गुन काटकर सिर्फ 1713 किया गया। एक खंभे में केशवराय लिखा है। कुछ चिह्न भी मिले हैं, जो हिंदू मंदिरों में होते हैं।

# हल्द्वानी हिंसा में बदायूं के युवक की भी हुई थी मौत सिर में लगी थी गोली

**जन एक्सप्रेस । बदायूं**

उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए बवाल में बदायूं के सहसवान कस्बे के एक युवक की भी मौत हुई है। उसके सिर में गोली लगी थी। उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को उसके परिवार वालों ने शव को चुपचाप लाकर दफन कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक सहसवान कस्बे के मोहल्ला दहलीज निवासी 22 वर्षीय आरिश हल्द्वानी में कबाड़ा खरीदने और बेचने का काम करता था। बृहस्पतिवार शाम को हल्द्वानी में अतिक्रमण तोड़ने के दौरान बड़ा बवाल हो गया था। उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया और एक थाने में आग लगा दी थी। इसके बाद स्थिति बिगड़ती चली गई थी। मकानों-दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। गोलीबारी की घटनाएं हुई। बवाल के बाद पूरे शहर में तनाव फैल गया था।

# सपा मुखिया के बच्चों के नाम से 24 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, दर्ज हुआ केस

- मामले में गौतमपल्ली थाने में साइबर क्राइम की धारा में केस दर्ज किया गया है

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



जालसाजों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बच्चों के नाम पर 24 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बना लिए। इतना ही नहीं इन एकाउंट से अफवाहों को पोस्ट किया गया। मामले में गौतमपल्ली थाने में साइबर क्राइम की धारा में केस दर्ज किया गया है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य नरेश उत्तम ने बृहस्पतिवार को गौतमपल्ली थाने में साइबर क्राइम की धारा 66 सी के तहत केस दर्ज कराया है। पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बच्चों की फोटो व उनके नाम का प्रयोग करते हुए कुछ लोगों ने फेसबुक पर 15 और एक्स पर नौ फर्जी आईडी बनाई हैं। इनका प्रयोग करते हुए झूठी बातें व अफवाह पोस्ट की गईं। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं और आम लोगों में भ्रम पैदा हुआ।

### साइबर क्राइम सेल की मदद ली जा रही

एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में साइबर क्राइम सेल की मदद ली जा रही है। साइबर जानकारों का कहना है कि शिकायत के चंद मिनट में ही फर्जी आईडी को बंद किया जा सकता है। साथ ही एक सप्ताह के अंदर आईपी एड्रेस के जरिए फर्जी आईडी बनाने वालों को ट्रेस भी किया जा सकता है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** इसके बाद से उसकी सेवा नए सिरे से चालू होगी जिसका सीधा असर उसकी सीनियॉरिटी, प्रमोशन, इंक्रीमेंट व अन्य भत्तों पर पड़ेगा

# सुधर जाओ सरकारी कर्मचारी, अब मनमानी पड़ेगी भारी

- काम में लापरवाही करने वाले और जब चाहे छुट्टी लेने वाले सरकारी कर्मचारियों पर सीएम योगी का रुख सख्त
- अगर किसी कर्मचारी ने आदेश के अनुपालन में लापरवाही बरती तो उसकी सर्विस ब्रेक हो जाएगी

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** सरकारी काम में लापरवाही और छुट्टियों की मनमानी पर योगी सरकार सख्त हो गई है। सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो सरकारी कर्मचारी या अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं कर रहा या फिर छुट्टी लेने मनमानी कर रहा है उसकी सर्विस ब्रेक कर दी जाएगी। इसके बाद से उसकी सेवा नए सिरे से चालू होगी जिसका सीधा असर उसकी सीनियरिटी, प्रमोशन, इंक्रीमेंट व अन्य भत्तों पर पड़ेगा। इससे लाखों सरकारी कर्मचारियों को सर्विस ब्रेक होने का डर सताने लगा है। कार्मिक विभाग ने इसको लेकर चेतावनी जारी की है। कार्मिक विभाग ने अपने आदेश में सरकारी कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर किसी कर्मचारी ने आदेश के अनुपालन में लापरवाही बरती तो उसकी सर्विस ब्रेक हो जाएगी। इसके बाद जब वह नौकरी दोबारा ज्वाइन करेगा तो वहीं से सर्विस शुरू होगी। प्रमोशन और इंक्रीमेंट पर इसका सीधा असर पड़ेगा। कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश कुमार चतुर्वेदी की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है।

### सर्विस ब्रेक कर दी जाएगी

कार्मिक विभाग के आदेश के अनुसार, अगर कोई कर्मचारी कागज पर छुट्टी का आवेदन लिखकर चला जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं उस कर्मचारी को अनुपस्थित मानते हुए उसकी सर्विस ब्रेक कर दी जाएगी। कार्मिक विभाग के अनुसार सर्विस ब्रेक होने की दशा में ऐसे कर्मचारियों के इंक्रीमेंट और प्रमोशन पर असर पड़ेगा, क्योंकि सर्विस ब्रेक होने के बाद जिस दिन वह कर्मचारी दोबारा अपने पद पर ज्वाइन करेगा। प्रमोशन और इंक्रीमेंट उसी तारीख से लागू किया जाएगा। ऐसे में पूरी सर्विस बुक नए सिरे से तैयार की जाएगी। जिसकी वजह से कर्मचारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

### अवकाश मानव सम्पदा पोर्टल से ही स्वीकृत किए जाएंगे

लोक निर्माण अनुभाग-8 की ओर से यह आदेश दिया गया है कि सभी प्रकार के अवकाश मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकृत किए जाएंगे। भौतिक रूप से प्राप्त अवकाश संबंधी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस आदेश के तहत प्रकार के अवकाश मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने पर पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकृत किया जाएगा। भौतिक रूप से प्राप्त अवकाश सबधी प्रार्थना पत्र स्वीकार न किए जाएं।

### भौतिक रूप से स्वीकृत अवकाश की जिम्मेदारी स्वीकृत करने वाले अधिकारी पर

यदि किसी प्रकार के अवकाश को भौतिक रूप से स्वीकृत किया जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अवकाश स्वीकृत करने वाले अधिकारी का होगा। उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### धड़ाधड़ बन रहे मानव संपदा अकाउंट

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सरकारी विभागों में अधिकांश कर्मचारी और अधिकारियों के मानव संपदा अकाउंट बन चुके हैं। जिसके जरिए वे अपनी छुट्टी अप्लाई कर सकते हैं। उनका विभाग अध्यक्ष इस छुट्टी को ऑनलाइन ही प्रमाणित करेगा। ऑनलाइन छुट्टी प्रमाणित होने की दशा में विभाग अध्यक्ष के सामने सभी छुट्टियों की पारदर्शी जानकारी उपलब्ध होती है। कर्मचारी इसमें कोई घालमेल नहीं कर सकता।

# जनपद मे यूपीपी भर्ती परीक्षा के 21 केन्द्र निर्धारित निष्पक्ष पारदर्शी परीक्षा कराने की तैयारियां तेज

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जनपद में 17 एवं 18 फरवरी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित सूचितापूर्ण, नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में होगी।

जनपद में 21 परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक होगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती किया गया है। जिन परीक्षा केंद्रों में 504 परीक्षार्थी से अधिक होंगे वहां एक अतिरिक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाएगी। कक्ष निरीक्षकों व सह केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार लगाई जाएगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए परीक्षा संपन्न कराये। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें। बोर्ड ने कार्यदाई संस्था, कार्यदाई संस्था सुरक्षा, कार्यदाई संस्था जैसमेर की ड्यूटी लगाई जाएगी। जो परीक्षा केंद्रों में एक दिन पूर्व बैठक कर परीक्षा के संबंध में पूरी तैयारी कर जानकारी साझा करेंगे। केंद्र व्यवस्थापक मूलभूत सुविधाओं शौचालय, पेयजल, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर आदि को देख लें और केन्द्र परीक्षा केंद्रों की साफ-सफाई कराकर केंद्र द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सिटिंग प्लान, मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करा लें। केंद्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षकों से इस आशय का प्रमाण पत्र लें ले कि कोई उनका रिलेटिव इस केंद्र में परीक्षा नहीं दे रहा है। उन्होनें कहा कि केंद्र व्यवस्थापक अपने कक्ष निरीक्षकों-कार्मिकों की सूची उपलब्ध करा दें। परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर गहनता से तलाशी कराई जाय ताकि कोई भी परीक्षार्थी अनुचित सामाग्री परीक्षा कक्ष में न ले जा सके। परीक्षा कक्ष में किसी भी हाल में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर आदि पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से संबंधित लगाए गए अधिकारियो व कर्मचारियों का व्हाट्स एप ग्रुप बना लें। ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान होता रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी बिंदकी, खागा, सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# गंदगी और प्रदूषण से कराह रही मन्दाकिनी नदी की सफाई में जुटेगी बुंदेली सेना

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



मंदाकिनी नदी इन दिनों प्रदूषण और गंदगी से कराह रही है। आलम यह है कि कर्वी के घाट और तीर्थक्षेत्र में नयागाँव रपटा से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक लाल रंग की जलीय काई से नदी पटी है। बुंदेली सेना ने एकबार फिर युद्ध स्तर पर नदी सफाई अभियान शुरु करने और मंदाकिनी को साफ स्वच्छ सदानीरा बनाने का लक्ष्य बनाया है।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मंदाकिनी नदी में साल दरसाल पानी कम होता जा रहा है। नदी उदगम स्थल से ही पानी कम आ रहा है। जिसके चलते हर साल नदी में नई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विगत वर्षों में नदी सफाई की आवश्यकता अप्रैल महीने के आसपास होती थी। इस बार जनवरी के दूसरे पखवारे से ही नदी में प्रदूषण की समस्या बढ़ी है। पहले लाल काई की समस्या कम थी। इस वर्ष पानी में ऊपर उतरा रही काईनुमा घास ने नदी को पाट दिया है। कर्वी में मुक्तिधाम से लेकर इंटेकवेल तक नदी ढक गई है। यही हाल कई किलोमीटर क्षेत्र का है। सीतापुर में नयागाँव रपटा से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक चोई चारे से नदी की सीढ़ियाँ और घाट पटे पड़े हैं। ऐसे में अब नदी की सफाई का अभियान बुंदेली सेना जल्द ही शुरु करेगी। कार्ययोजना बनाकर एक तरफ से सफाई शुरु होगी ताकि पूरी नदी को धीरे-धीरे साफ स्वच्छ किया जा सके। अजीत सिंह नें उन संगठनों का जो नदी को लेकर आरोप प्रत्यारोप और बयानबाजी तक सीमित हैं, उनसे भी बिना समय गँवाए नदी सफाई अभियान शुरु करने का आह्वान किया है।

उन्होंने बताया कि नदी को लेकर सबको जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। यह किसी की व्यक्तिगत थाती नहीं है। जिससे जितना बन पड़े नदी की सेवा करें।

जल है तो कल है, नदी से ही कर्वी और तिरहार के लाखों लोगों का जीवन निर्भर है। नदी को बचाने के लिए हर आम और खास को कमर कसनी होगी तभी नदी बचेगी।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेतृत्व में राहुल का फूंका पुतला, जमकर हुई नारेबाजी

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा में संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरूद्ध की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने अलग-अलग स्थानों पर राहुल गांधी के पुतले को आग के हवाले करते हुए आरोप लगाया कि विघटनकारी विचारों के साथ जनता के बीच राहुल गांधी बटवारा कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जनसेवक राजेश सिंह के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पटेल नगर चैराहा में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का पुतला आग के हवाले कर नारेबाजी किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जनसेवक ने कहा कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध टिप्पणी करके पिछड़ा वर्ग का अपमान किया है। यह पूरे देश में मोहब्बत की दुकान खोलने का नाटक करते हुए अपमान एव विघटनकारी विचारों के साथ जनता के बीच में जाति धर्म के आधार पर बटवारा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में नारा लेकर चलने वाले समाजवादी विचारधारा के लोगों द्वारा चुप हो जाना मौन समर्थन व्यक्त हो रहा है। जनता को पिछड़े-अगड़े एवं धर्म के आधार पर बांटने वालों का बहिष्कार जनता करेगी। इस मौके पर बडी सख्या मे समर्थक उपस्थित रहे।




# सीएचसी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस। मानिकपुर, चित्रकूट**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप जिलाधिकारी रामजन्म यादव ने फीता काटकर व सरस्वती प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर किया। एसीएमओ डॉ महेंद्र कुमार ने इस दौरान समस्त लोगों को मतदाता की शपथ भी दिलाई।

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मानसिक रोगियों ने कुशल चिकित्सको से उपचार कराया। इस दौरान ज्यादातर लोग नींद न आना या ज्यादा सोते है, सोकर उठने में सिर भारी रहता है, बिस्तर छोड़ने की इच्छा नही होती है, उलझन, घबराहट और बेचैनी बनी रहती है, मन मे उदासी व उत्साह की कमी रहती है। कमजोरी हींन भावना का होना, नकारात्मक सोच आदि विभिन्न समस्याओं से ग्रस्त लोगों ने उपचार कराया।

इस दौरान एसीएमओ ने उपस्थित लोगों को मतदाता की शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर तहसीलदार वाचास्पति सिंह, अधीक्षक डॉ मनीष यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनदास मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष महेश केशरवानी, विष्णु तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, आदित्य मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# किराये के विवाद पर ई-रिक्शा चालक ने अधेड़ को घूसा मारा, मौत

**जन एक्सप्रेस। बांदा**

ई रिक्शा के किराए के लेन देन को लेकर हुए विवाद में ई रिक्शा चालक ने अधेड़ के नाक मे घूसा मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बिजली खेड़ा निवासी राजबहादुर (50)पुत्र शिवरतन शुक्रवार की सुबह ई रिक्शा में बैठकर गौरिहार जाने के लिए क्योटरा स्थिति बस स्टैंड़ जा रहा था। तभी बिजली खेड़ा के पास राजबहादुर ने ई-रिक्शा चालक को दस रूपए दिए। लेकिन ई-रिक्शा चालक अधिक रूपया मांग रहा था। इस पर राजबहादुर ने कहा कि वह भी ई रिक्शा चलाता है। दस रूपया ही लगता है। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनो में लपटा झपटी होने लगी। इस पर ई रिक्शा चालक ने राजबहादुर के नाक में घूस मार दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। नजदीक में खड़ी महिला ने राजबहादुर को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।

परिजन शव लेकर घर आ गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

## समाधान दिवस में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा दिये आदेशों के क्रम में आज समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना दिवस पर एसडीएम सदर रजत कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर गवेन्द्र पाल गौतम द्वारा थाना कोतवाली नगर पर, एसडीएम पैलानी शशि भूषण व क्षेत्राधिकारी सदर जियाउद्दीन अहमद द्वारा थाना पैलानी पर व एसडीएम बबेरु नमन मेहता व क्षेत्राधिकारी बबेरु राजवीर सिंह द्वारा थाना बबेरु पर जनता की शिकायतों को सुना गया तथा उनके निस्तारण में हेतु सम्बन्धित को आदेशित/निर्देशित किया गया । थाना समाधान दिवस पर समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वार सुनी गई जनता की शिकायतें।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**




जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली कर्वी में अयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धि अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं का निस्तारण रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस एवं अन्य जो जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण के साथ लाभार्थी को भी संतुष्टि मिले।

शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि अधिशासी अधिकारी कर्वी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर में फुटपाथ पर लगाए जा रहे दुकानों को अभियान चलाकर जब्त कर नगर पालिका में रखें एवं जुर्माना लगाने के बाद ही छोड़ें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि फुटपाथों पर साइन बोर्ड भी लगवाएं।

उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि कानूनगो व लेखपाल की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। महिलाओं पर विशेष फोकस देते हुए उन्होंने कहा कि परिवार परामर्श केन्द्रो पर प्राथमिक स्तर पर समस्याओं का समाधान कराएं।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अजित पांडेय आदि मौजूद रहे।

# संत तुलसी स्कूल में जिलाधिकारी ने बच्चों को खिलाई फाइलेरिया की दवा

**जन एक्सप्रेस। बांदा**



पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा भाक्ति नागपाल द्वारा भान्वी सिंह व उन्नति गुप्ता को फाइलेरिया की दवा खिलाकर कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बीमारी हाथी पांव के नाम से भी जानी जाती है।

जिलाधिकारी ने बच्चों को बीमारी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस बीमारी से बचाव के लिये मच्छरदानी, साफ-सफाई व कहीं भी गन्दे पानी का एकत्र न होने के साथ फुल आस्तीन के कपडे पहनने की सलाह दी। फाइलेरिया अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा खिलायेंगी। सभी बच्चों को यह दवा खाना आव यक है। छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाओं व गम्भीर रूप से बीमार रोगियों को यह दवा नहीं खानी है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर श्री जगनायक यादव ने भी बच्चों को बीमारी से सम्बन्धित जानकारियां दी। विद्यालय के चिकित्साधिकारी डा0 जगदी नारायण चन्सौरिया ने फाइलेरिया के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बचाव हेतु दवा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी को विद्यालय के प्रबन्धक श्री संत कुमार गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के डा0 मनीश कुमार गुप्ता व भागवत प्रसाद मेमोरियल के प्रबन्धक रामलखन कुशवाहा द्वारा गुलदस्ता भेंट किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा एसीएमओ डा0 अजय कुमार , डीएमओ डा0 पूजा अहिरवार, एमआई भानुप्रताप सिंह व रवि राज तथा डब्ल्यूएचओ तथा एनजीओ की टीम के साथ एफआई सुनील कुमार मौजूद रहे। 372 बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाँदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के अलीगंज शटटन चौराहा निवासी वाहिद (25)पुत्र चुन्ना खां शुक्रवार की रात नशे की हालत में घर आया। उसे उल्टी होने लगी। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

## गहनता के साथ करें अभ्यर्थियों की जांचः एसपी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में 11 फरवरी को होने वाली समीक्षा अधिकारी परीक्षा के लिए पुलिस बल को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि समीक्षा अधिकारी परीक्षा में लगे हुये समस्त अधिकारी, कर्मचारी तय समय से तैनाती स्थल पर पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। जांच में लगा पुलिस बल शालीनता के साथ गहनता से प्रत्येक अभ्यर्थी की तलाशी करेगा व प्रतिबन्धित वस्तुओं को किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र के अन्दर न जाने पाए। सभी परीक्षा केन्द्र के गेट परीक्षा शुरु होने के 10 मिनट पूर्व ही बंद कर दिया जाए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, यातायात राज कमल आदि मौजूद रहे।

## सघन वाहन जांच अभियान में 105 वाहनों का हुआ ई-चालान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा माह अभियान के परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने शहर के धनुष चैराहा, बेड़ी पुलिया, चकरेही चौराहा, गल्ला मण्डी गेल, पटेल तिराहा आदि प्रमुख मार्गो, चैराहों पर ओवर लोड़ वाहनों, दो पहिया वाहनों में बिना हेलमेट व चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाए, वाहनों की जांच की। जिसमें 105 वाहनों से 1,72,000 हजार रुपये का ई-चालान किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली कर्वी का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली कर्वी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शातिर और पेशेवर अपराधियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, बंदीगृह, मालखाना, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, आवासीय परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया। साथ ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अजीत कुमार पाण्डेय को रजिस्टरों में नवीनतम सूचनाएं दर्ज रखने तथा थाना परिसर की साफ-सफाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने थाना परिसर में निर्माणाधीन आवासीय बिल्डिंग का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक आशुतोष तिवारी, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग लड़की से गांव का ही युवक कर रहा था एक माह से दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में पीड़िता की माँ ने थाना दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। राजापुर थानाक्षेत्र के एक गाँव की महिला ने अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ गाँव के ही दो भाईयों पर आरोप लगाया है। पीड़िता की माँ ने बताया कि आरोपी ने बहला-फुसलाकर उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। साथ ही मोबाइल पर आपत्तिजनक फोटो खींच लिया। आरोपी के सगे भाई ने भी पीड़िता को इस फोटो को दिखाकर हमबिस्तर होने का दबाव बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी तो उन्होंने विरोध किया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी बेटी की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे परेशान होकर पीड़िता का परिवार थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।

## बालश्रम रोकने को लेकर बनाई रणनीति

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** श्रम कार्यालय में सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार के साथ उद्योग व्यापार मंडल से संबद्ध डीजे लाइट एसोसिएशन व मैरिज गार्डेन एसोसिएशन की आहूत बैठक में बालश्रम रोकने की चर्चा किया गया। सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने अपील किया कि सभी मैरिज गार्डेन लाइट डेकोरेशन अपने प्रतिष्ठानों में बालश्रम कानूनन अपराध है का पोस्टर लगाये अन्यथा कार्यवाही होगी। उद्योग व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने समस्त सम्मानित व्यापारियों से अपील करते कहा हुए कहा कि बालश्रम कानूनन अपराध है। कार्यवाही से बचें, साथ ही सरकार की योजना के अन्तर्गत 2020 के उपरान्त 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों हेतु जिनके माता पिता में एक व्यक्ति नही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में आवेदन करें। सरकार ऐसे पात्रों के बैंक खाते में प्रति माह 2500 रुपये प्रदान करेगी ताकि पात्रों की परवरिश व शिक्षा सुनिश्चित हो। साथ ही समस्त मैरिज गार्डेन डीजे लाइट डेकोरेशन व अन्य संस्थान बाल श्रम कानूनन अपराध का बैनर लगायें।

# शक्ति संवाद में महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा धन्यवाद

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

धर्मनगरी चित्रकूट के सीतापुर में शनिवार को शक्ति संवाद का आयोजन हुआ। नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला मोर्चा चित्रकूट ने महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि नारी शक्ति के साथ संवाद का सफल कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे स्वयं सहायता समूह की बहनों ने कार्य व गतिविधि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भाजपा सरकार आने के बाद डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से नारियों को खूब सहायता मिली है। आशा बहन ने कहा कि पहले की तुलना मे अब जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। नारियों के जीवन में यह बदलाव अच्छे भविष्य का सूचक है। महिलाओं को स्वरोजगार करने के लिए अच्छा माहौल मिला है।

भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा नारी हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी व भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने से अब संसद भवन मे भी गांव की महिलाएं दस्तक देंगी, उनकी धमक विधानसभा और संसद भवन में गूंजेगी। पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पीएम मोदी ने सबसे पहले बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। इसके बाद 33 प्रतिशत आरक्षण पारित कर महिलाओं को सबसे बडा अधिकार दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी, डॉ आलोक कुमार पाण्डेय ने किया।

# ग्रामोदय व्याख्यान माला, नारी सशक्तिकरण संगोष्ठी सहित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

*** छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक, बौद्धिक, ललित कला और खेल प्रतिभाओं का दिखा जलवा**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे ग्रामोदय महोत्सव के तीसरे दिन ग्रामोदय व्याख्यान, नारी सशक्तिकरण संगोष्ठी, खेल, बौद्धिक, ललित कला, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय की भावना को आत्मसात कर ग्रामोदय मॉडल को खडा किया था। चित्रकूट सहित देश के अनेक हिस्सों में इसके अनुरूप प्रभावी काम चल रहे हैं। नाना जी चाहते थे कि गांव में कोई गरीब न रहे, कोई अशिक्षित न रहे, कोई बेकार न रहे, कोई अस्वस्थ न हो, विवाद मुक्त गांव रहे। उन्होंने कहा कि नाना जी ने 75 वर्ष की आयु में चित्रकूट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ग्रामोदय संकल्पना को यथार्थ का धरातल प्रदान करने का कार्य दीनदयाल शोध संस्थान, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम आदि अनेक संस्थाओं के माध्यम से प्रारंभ किया था। उन्होंने ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार से नाना जी द्वारा रचित ग्रामोदय संकल्पना एवं कार्यशैली को बार-बार पढने और अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि के अवसर पर 25 से 27 फरवरी तक सतत विकास के लक्ष्य को लेकर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामोदय व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता और स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत विचार प्रमुख राकेश तिवारी ने ग्रामोदय और ग्रामोत्थान के लिए स्वदेशी विचार को क्रांति लाने वाला बताते हुए कहा कि गांव और गांव में रहने वाले लोग जब प्रफुल्लित होंगे तभी वास्तविक ग्रामोत्थान होगा। उन्होंने भारत के गौरवशाली अतीत को विस्तार से समझाते हुए कहा कि विकेंद्रीकृत व्यवस्था, नीतियां, सहकारिता, उद्यमिता एवं स्वरोजगार को अपनाकर ग्रामोदय एवं ग्रामोत्थान किया जा सकता है। स्वदेशी जागरण मंच की आवश्यकता, स्थापना एवं महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में ग्रामोदय और ग्रामोत्थान को प्रभावशील बनाने में बनाने की दिशा में उद्यमिता एवं स्वरोजगार सशक्त माध्यम के रूप में उभर सकता है। व्याख्यान माला की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की ग्रामोदय संकल्पना को यथार्थ रूप से क्रियान्वित करने की दिशा में सतत रूप से संकल्पित है और इसके सार्थक प्रयास आना प्रारंभ हो गए हैं। स्वागत उद्बोधन ग्रामोदय व्याख्यान माला के संयोजक प्रो आई पी त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन ग्रामोदय महोत्सव के संयोजक प्रो नंदलाल मिश्रा ने किया। संचालन डॉक्टर ललित कुमार सिंह ने किया।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। रविवार। 11 फरवरी 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है। लेकिन बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 21.0 (-1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.4 (+0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# हाफ मैराथन दौड़ से हुआ बिठूर महोत्सव का आगाज






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**कानपुर नगर।** बिठूर महोत्सव का आगाज़ बीते दिन शनिवार की सुबह हाफ मैराथन दौड़ के साथ हुआ। हाफ मैराथन दौड़ सरसैया घाट से शुरू होकर बिठूर के नाना राव पार्क में जाकर समाप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव के पहले दिन मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में कानपुर के अलावा अन्य जिलों से आए युवक युवतियों ने इसमें भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी विजयी प्रतिभागियों को एटीएम राजेश कुमार, व अन्य अधिकारियों ने पुरस्कार किया। महिला वर्ग में एटा की रंजना राजपूत को प्रथम पुरस्कार, निशा को द्वितीय, मशीन सचान को तृतीय स्थान पर रही वहीं पुरुष वर्ग में अयोध्या के प्रिंस राज यादव, बुलंदशहर के नितिन राठी को द्वितीय, व सौरभ तिवारी तृतीय स्थान पर रहें। इसके बाद दोपहर के वक्त कानपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों से आए नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं, रंगोली, कला प्रतियोगिता में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। शाम के वक्त 5 बजे बिठूर के पत्थर घाट पर गंगा महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। महा आरती में मुख्य रूप से ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर, बिठूर विधायक





अभिजीत सिंह सांगा, विधायक अजय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह, कृष्ण मुरारी शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी कानपुर नगर आरके सिंह, के अलावा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। बिठूर महोत्सव के पहले दिन का मुख्य आकर्षण पार्श्व गायक कैलाश खेर का कार्यक्रम रहा। कैलाश खेर ने अपने गीतों से समा बांध दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शहर के प्रबुद्ध वर्ग भेजेंगे धन्यवाद प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पदाधिकारीयों के साथ बैठक की उन्होंने कहा कि भव्य, दिव्य, आकर्षक और अलौकिक श्रीराम मंदिर के लोकार्पण और भगवान बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह के आयोजन में सभी भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्य यजमान के रूप में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शहर के प्रबुद्ध वर्ग जैसे प्रमुख व्यवसाई, वकील, चिकित्सक, प्रमुख उद्योगपति, साहित्यकार, पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी, शिक्षक, स्वयंसेवी संस्थाओं, मोहल्ला समितियों, स्कूल, कॉलेज,



महाविद्यालयों, नगर निगम, कोआपरेटिव सोसाइटी से उनके लेटर पैड पर लिखवा कर धन्यवाद प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

पार्टी के मंडल अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष प्रबुद्ध वर्ग के पास जाकर उनसे धन्यवाद प्रस्ताव लिखवायेंगे। उन्होंने कहा कि गांव चलो बूथ चलो अभियान के अंतर्गत सभी बूथ प्रवासी अपने-अपने बूथों पर प्रवास करेगे व बूथ कमेटियों एवं पन्ना प्रमुखों के साथ मुलाकात कर उन्हें उनकी जिम्मेदारियां से अवगत कराएं। बैठक मे राम बहादुर यादव, शिव शंकर सैनी, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मनीष त्रिपाठी,राजन चौहान, अर्जुन बेरिया, शिवपूजन सविता, वन्दना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व एवं कुलाधिपति के निर्देश क्रम में शनिवार को भारत अंतरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत दो दिवसीय श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मुनीश गंगवार द्वारा की गई व आयोजन कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ.अर्चना सिंह, उमा रश्मि, डॉ. गीत शिखा एवं डॉ.नवल कुमार झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मे वेशभूषा कार्यक्रम के अंतर्गत सातवें सेमेस्टर की छात्राएं प्रांशी,



स्नेहा और शालू ने मां सीता का वेश धारण कर वृक्षारोपण का दृश्य प्रस्तुत किया। वही हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने का दृश्य अभिषेक द्विवेदी, जितेंद्र मिश्रा, आशीष, सतीश कमलेश, विकास द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रव्य, आयशा, दीपिका, दीपाली श्वेता, संगम, सुगम आदि छात्र - छात्राए मौजूद रहे।

## लीगल कॉन्क्लेव : न्यायिक उत्कृष्टता प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज की साहित्यिक समिति और प्रो.बोनो क्लब द्वारा शनिवार को लीगल कॉन्क्लेव: न्यायिक उत्कृष्टता प्रतियोगिता और विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव मे मुख्य अतिथि के रूप में यू.पी.राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण लखनऊ के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, विशिष्ट अतिथि कानपुर नगर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कीर्ति कुणाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे तीन गतिशील आयोजनों- संवैधानिक पहेली, अनुबंध और टॉर्ट



ट्रायल और हैबियस स्कोरप्लस- से युक्त इस कॉन्क्लेव ने कानूनी उत्साही लोगों को जटिल कानूनी मुद्दों को समझने, अपने कौशल का प्रदर्शन करने और सार्थक चर्चाओं में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया। आयोजन को लेकर पंजीकृत 165 उपस्थित रहे।जो कानूनी चर्चा और शिक्षा में व्यापक रुचि और भागीदारी को दर्शाता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, प्रो.संदीप सिंह, डॉ.शशिकांत त्रिपाठी, डॉ.राहुल तिवारी, डॉ.स्मृति रॉय, डॉ.मयूरी सिंह आदि मौजूद रहे।

## 17 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 175 बच्चों का किया चयन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राजकीय आईटीआई घाटमपुर में नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें 17 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागी 553 बच्चों में कुल 175 बच्चों का चयन किया गया। मेले मे मुख्य अथिति के रूप में घाटमपुर के ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा संजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर घाटमपुर के प्रधानाचार्य योगेश कुमार, श्रवण शुक्ला, अंगद राज, प्रमोद कुमार पाण्डेय, विभव शुक्ला, रूपेश सिंह, सर्वेश माथुर, अजय दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

## किसान मोर्चा निकालेगा ग्राम परिक्रमा यात्रा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में 12 फरवरी ग्राम परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा राजकुमार चाहर एवं प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह द्वारा किया जायेगा। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया गया कि संपूर्ण भारत में 12 फरवरी से यह यात्रा शुरू होगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश से यात्रा को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम तय हुआ है। भाजपा किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर किसानों के बीच वार्ता करेंगे और सरकार द्वारा चल रही जन कल्याणकारी योजना के




बारे में किसानों को जागरूक करेंगे। यात्रा के दौरान किसानों की प्रमुख समस्याओं को शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के शपथ पत्र में किसानों की प्रमुख समस्याओं को शामिल किया जाएगा । प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा के दक्षिण जिला अध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह चौहान एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भोलू जबर हत्याकांड : दो हत्यारों की जमानत मंजूर













**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीते वर्ष में मई माह में थाना मूलगंज क्षेत्र में घटित हुए भोलू जबर हत्याकांड के दो आरोपियों को महज लगभग सात से आठ माह में ही जमानत मिल गई है, जबकि इस हत्याकांड का लाइव वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हुआ था, आरोपी लगातार गोलियां चलाते हुए नजर आ रहे थे, अभियोजन की ओर से अपना मजबूत पक्ष रखने का दावा करने वाली कानपुर पुलिस की तगड़ी पैरवी भी इन्हें जेल में ज्यादा दिन ना रोक सकी।

ज्ञातव्य हो की 26 मई 2023 को थाना मूलगंज गंज क्षेत्र स्थित नवाब इब्राहिम का हाता में निवास करने वाले भोलू जबर को पैसों के लेनदेन के लिए सलमान ऊर्फ काना समेत आधा दर्जन लोगों ने मिलकर गोली मारी थी, पहले आईपीसी की धारा 307 में मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान भोलू जबर की मौत हो जाने के बाद धारा 302 आईपीसी की बढ़ोतरी की गई थी, इस गोलीकांड का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ था, सलमान काना समेत सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, मिली जानकारी के अनुसार इस हत्याकांड के दो आरोपियों अमान खान और दयान की ज़मानत याचिका मंजूर हो गई है, सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस मामले का लाइव वीडियो भी था और उसके बाद महज 7 माह में दो मुख्य आरोपियों की जमानत हो जाना कहीं ना कहीं कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की कानूनी पैरवी पर भी सवालिया निशान जरूर खड़े करता है।

### 14 फ़रवरी को गरज के साथ होगी हल्की बारिश

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बताया कि उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। कानपुर में अधिकतम तापमान 22.0 और न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 91 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 43 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 2.4 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण 14 फरवरी को स्थानीय स्तर पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## सपा नहीं चाहती कि मुस्लिम समाज की तरक्की हो : दानिश आजाद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मुस्लिम समाज के सभी वर्ग के लोग खासतौर पर पासमांडा मुसलमान लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नरेंद्र मोदी के समर्थन में रहेगा। इसके पीछे यह है क्योंकि पहली बार नरेंद्र मोदी के रुप में उनको एक ऐसा नेता मिला है जो खुले मंच से पासमांडा उत्थान की बात करता है। इस प्रकार मोदी की गारंटी पर आगामी लोकसभा चुनाव में मुसलमान भाजपा को मतदान करेगा। उक्त सभी बातें कल शनिवार को शहर पहुंचे योगी सरकार के राज्य मंत्री दानिश आजाद द्वारा कही गई।

शहर में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी आरिश खांन के निमंत्रण पर और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश



अध्यक्ष बासित अली के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जब मीडिया ने उनसे तौकीर रजा के बारे प्रश्न पूछे तो कुछ प्रश्नां के उत्तर दिए और कुछ प्रश्नो में शांत हो गए। मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि मुस्लिम समाज के सभी वर्ग के लोग खासतौर पर पासमांडा मुसलमान लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नरेंद्र मोदी के समर्थन में है, क्योंकि पहली बार नरेंद्र मोदी के रुप में उनको एक ऐसा नेता मिला है जो खुले मंच से पासमांडा उत्थान की बात करता है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की जो नीतियां हैं उनको जन जन तक पहुंचने का कार्य वे स्वयं कर रहे हैं, क्योंकि मोदी की गारंटी तालीम की है, मोदी की गारंटी सुरक्षा की है, मोदी की गारंटी उद्योग की और रोजगार की है ये सभी चीज मुसलमान भाइयों को बराबर मिल रही है। तौकीर रजा के ज्ञानवापी पर विवादित बयान और गिरफ्तार की बात पर उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल के नेता ऐसे हैं जो मुस्लिम समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं। कांग्रेस और सपा पार्टी कभी नहीं चाहती कि मुस्लिम समाज की तरक्की हो या मुसलमान समाज आगे बढ़े। वहीं जब मीडिया ने उनसे तौकीर रजा के मानसरोवर का रास्ता साफ कर दो ज्ञानवापी हम दे देंगे के बयान के बारे में पूछा तो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली को आगे बढ़ने का इशारा करते हुए चले गए।

## माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले पांच दर्जन के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना रावतपुर में एक नामजद आरोपी समेत 61 अज्ञात लोगों के खिलाफ माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने का मुकदमा दर्ज करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है उक्त जानकारी शनिवार को पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने दी।




उन्होंने बताया कि बीती नौ फरवरी को उत्तराखण्ड के हल्द्वानी व बरेली में हिंसा के बाद शहर के संवेदनशील इलाके रावतपुर में माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। इस संबंध में रावतपुर थानाक्षेत्र के आनंद नगर निवासी सतीश मिश्रा ने बताया कि नौ फरवरी को भल्लड़ ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मस्जिद में मौजूद 50-60 साथियों ने उन पर हमला कर दिया। आरोप लगाया कि भल्लड़ रोजाना दक्षिणेश्वर मंदिर में आरती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के साथ धक्का मुक्की करता है। इसके साथ ही मस्जिद का एक दरवाजा भी बस्ती की ओर जबरन खोले हुए है। आरोप है कि आरोपी हमला कर दंगा भड़काना चाहते थे।

संवेदनशील क्षेत्र में हंगामे की सूचना पर डीसपी वेस्ट विजय ढुल कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय, रावतपुर पुलिस समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचे थे और किसी तरह मामले को शांत करा दिया था। लेकिन पूरे प्रकरण को लेकर सीसीटीव फुटेज देखा गया तो मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। जिसके बाद पुलिस ने भुल्लड़ समेत 61 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया और फुटेज के आधार आरोपियों की पहचान कराई जा रही है। घटनास्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

### अधिवक्ताओं के देशव्यापी आंदोलन की खबर निकली फर्जी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सोशल मीडिया और अधिवक्ताओं के निरंतर 12 फरवरी के अधिवक्ताओं के देशव्यापी आंदोलन के विषय पर पं.रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओ को रु20 लाख के बीमा कवर, फ्री मेडिक्लेम और अधिवक्ता पेंशन योजना आदि लागू किए जाने को लेकर बार कौंसिल ऑफ इंडिया के आवाहन पर 12 फरवरी को देश के लाखो अधिवक्ताओं के देशव्यापी आंदोलन की खबर चल रही है। खबर फर्जी है ऐसा कोई आंदोलन बार कार्उसिल आफ इंडिया द्वारा घोषित नहीं किया गया है 12 फरवरी को विधिवत्त न्यायालयों में कार्य होगा। खबर पुष्टि में सचिन अवस्थी संयुक्त मंत्री लायर्स शशि कांत पांडे पूर्व उपाध्यक्ष बार अरविंद दीक्षित लाला त्रिवेदी के के यादव इंद्रेश मिश्रा संदीप वर्मा ओ पी दुबे राजेंद्र गुप्ता आदि रहे।

### पुलिसिया उत्पीड़न का आरोप लगा कमिश्नर से मिलने पहुंचे होटल कारोबारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शनिवार को कानपुर होटल गेस्ट हाउस, रेस्टोरंट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मण्डल होटल, रेस्टोरंट, गेस्ट हाउस कारोबारियों की समस्याओं को लेकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिला और उन्हे व्यवसाईयों की सस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान महामंत्री राजकुमार भक्तानी ने कहा होटल रेस्टोरेंट पर वसूली के लिए क्षेत्रीय पुलिस अकारण उत्पीड़न और दबाव बनाना बंद करे तो वहीं अध्यक्ष श्यामलाल मूलबंदानी ने कहा होटल में कमरा देने से पहले कस्टमर की आईडी अनिवार्य होगी और उसको एक वर्ष तक रखे। सभी लोगो ने कहा कि यदि क्षेत्रीय पुलिस चुनाव में अधिग्रहण के लिए दबाव बनाती है तो एसो0 द्वारा नीति बनाई जायेगी। सुखबीर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सुरक्षा हेतु सभी घरों , होटलो, गेस्ट हाउस, स्वीट् व रेस्टोरेंट में कैमरा लगाया जा रहा है और जहां कैमरा नहीं है वहां भी लगाया जायेगा। प्रमुख रूप से सभी ने पुलिसिया उत्पीडन से राहत दिलाने की मांग की। इस दौरान मनोज भाटिया, इन्द्रजी सिंह, प्रवीण अग्रवाल, अंकुश खन्ना, देश दीप वाधवा, सागर अरोडा, पंकज खत्री, अजय केसरवानी, अनिल शर्मा, मयंक कोहनी, नरेश खुबानी आदि उपस्थित रहे।



# दर्द की अचूक दवा यूथ में भर रही नशा युवा पीढ़ी के लिए घातक बन रहा नशा

**✱ आसानी से उपलब्धता बन रही नुकसान में मददगार**

जन एक्सप्रेस। राजेश पाल

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** क्षेत्र में युवा पीढ़ियो में नशीली वस्तुओं के सेवन की लत दिनों दिन बढ़ती देखी जा रही है।ऐसा प्रतीत होने लगा अगर शीघ्र इस गलत लत पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाली पीढ़ी नशे की गिरफ्त में होगी। नशे के रूप में युवा वर्ग कई ऐसी दवाओ का प्रयोग करते देखे जा रहे हैं। जिसके लत लगने के पश्चात वे उसे हासिल करने के लिए कोई भी गलत रास्ता अख्तियार कर बैठते हैं। कस्बे से ग्रामीण क्षेत्र तक युवा नशे की लत में जकड़ते देखे जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कस्बे के आसपास के क्षेत्र में नशे के लिए इंजेक्शन व दवाओ का इस्तेमाल देखा जा रहा हैं।आसानी से बाजार में उपलब्ध यह नशा युवाओं को आगोश में लेते देखा जा रहा है। ऐसे में कई खाली जगह सिवानों के बाग सुनसान चकरोट के आसपास जगह को ये युवा अपना ठिकाना बनाते देखे जाते हैं।इसके बाद भी जिम्मेदार नशाखोरों पर अंकुश लगाने में नाकाम है।ऐसे में नशा परोस रही दुकानों पर कार्रवाई हो तो युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सकता है।

### कार्यवाही के नाम जिम्मेदारों की धमक फीकी

जनपद के आखिरी छोर पर स्थित क्षेत्र कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदारों की धमक पहुंचती नहीं देखी जा रही है।जिम्मेदारो की ढुलमुलकार्यप्रणाली से क्षेत्र में नशा खोरी का धंधा फल फूल रहा है। विगत वर्ष विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में यह साबित हुआ कि विभाग के जिम्मेदार अपने कर्तव्य के प्रति कितने गम्भीर है।समय समय पर जाँच की खानापूर्ति करने आने वाले अधिकारियों की नाक के नीचे यह नशा बिक रहा है। पर रसूखदार संचालको व भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार के दम पर कोई कार्यवाही नही हो पा रही ऐसे में युवा पीढ़ी नशे के दलदल में डूबती देखी जा रही है।

### इन दवाओं का सेवन घातक

सूत्रों के अनुसार दुकानों पर दवाईयों की आड़ में कायदे को धता बता कर कई प्रतिबंध दवाइयों का बेचान धड़ल्ले से किया जा रहा है। इन दवाओं में टरमाडोल एसआर, अल्प्राजोलम क्लोनाजापाम , कोडीन सिरप का आसानी से बेचान होने के साथ साथ मानसिक रोगों में उपयोगी एडनोक एन एडिटैक्स एन जैसी उच्च प्रतिबंधित दवाइयों का उपयोग थकान दूर करने के नाम पर आसानी से नशे के रूप में नशा संचालको द्वारा बेची जा रही है।



# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अखिलेश यादव के शामिल होने से मजबूत होगा पीडीए: रवीन्द्र सिंह

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज 15वें दिन लगातार रायबरेली जनपद के विभिन्न विधानसभाओं में चल रहा है। इसी क्रम में ऊंचाहार की ग्राम सभा नरहरपुर पोस्ट कल्याणपुर बेंती में जन पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नीलेश यादव ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी रवीन्द्र सिंह उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष नीलेश यादव ने सेक्टर तथा बूथ प्रभारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार की उपलब्धियों से जन-जन को अवगत करायें। मुख्य अतिथि रवीन्द्र सिंह ने कहा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का रायबरेली में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पीडीए मजबूत होगा और इंडिया गठबन्धन जीतेगा। इस अवसर पर जितेंद्र नेता राम गुलाम पासवान छोटेलाल पासी कृष्ण कुमार यादव पूर्व प्रधान नरहरपुर संतोष कुमार फौजी राधे मौर्य मोहम्मद शाहिद राजू यादव श्री मनोज पाल मोहन पाल जगन्नाथ विश्वकर्मा जगजीवन प्रजापति हीरालाल प्रजापति छेदीलाल पासी किसान नेता वीरेंद्र यादव नीरज शैलेंद्र लोक गायक मनोज मंजुल अजय कीर्ति यादव विक्की भाई आदि लोग उपस्थित रहे इसी क्रम में विधानसभा सरेनी की ग्राम सभा सोडासी लालगंज में पी डी ए पखवाड़ा के अंतर्गत जन पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से सेक्टर प्रभारी एवं बूथ प्रभारी क्रमसा श्री शिव सेवक यादव अंशु कुमार शीतल दिन खिलाड़ी गुड्डू श्री आसाराम साहू मोहम्मद शाहिद राजाराम भारती लल्लू साहू श्री रामस्वरूप प्रधान सोड़ासी रमेश कुमार अतुल यादव भगत लोहार शिवमोहन प्रजापति जितेंद्र प्रजापति वासुदेव पासी आदि लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नीलेश यादव ने सेक्टर तथा बूथ प्रभारियों को संबोधित किया और कहा बीजेपी जन विरोधी सरकार है जिला उपाध्यक्ष के द्वारा भाजपा की जन विरोधी नीतियों को उजागर किया गया।

### दिनदहाड़े खेत में चारा काट रही युवती पर धारदार हथियार से हमला, गांव के ही युवक ने दिया घटना को अंजाम

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** शनिवार चांदा कोतवाली क्षेत्र के सजनपुर राजपुर गांव में सनसनीखेज वारदात हुई। यहां एक सरफिरे युवक ने धारदार हथियार से युवती पर हमला करते हुए गला रेत दिया। गंभीर अवस्था में युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। स्थानीय चांदा कोतवाली क्षेत्र के सजनपुर राजपुर गांव में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने गांव के ही युवती रानी निषाद (20 वर्ष) पुत्री जितेंद्र निषाद के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि रानी निषाद खेत में जानवरो के लिए हरा चारा काटने गयी थी तभी घात लगाकर बैठे गांव के ही युवक छोटू निषाद पुत्र दयाराम निषाद द्वारा धारदार हथियार से सीधे गले पर प्रहार कर दिया। जिससे युवती चीखते चिल्लाते हुए घर पहुंची।



### महंगाई, भ्रष्टाचार और नफरती माहौल के खिलाफ राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का करें समर्थन: के. एल. शर्मा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला कांग्रेस कमेटी का ब्लाक स्तरीय संवाद व कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन सरेनी, महराजगंज, दीनशाह गौरा एवं हरचन्दपुर ब्लाक में किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा.सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी के प्रतिनिधि के.एल. शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी को जन-जन तक पहुंचाये, महंगाई, भ्रष्टाचार और नफरती माहौल के खिलाफ जननायक आदरणीय राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समर्थन करें और आम जन मानस से भाजपा सरकार की गलत नीतियों की चर्चा करें। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पूर्व मंत्री नकुल दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी अवध जोन शरद मिश्र, ए.आई.सी.सी. कोऑर्डिनेटर, लोकसभा प्रभारी इन्दल कुमार रावत ने अलग-अलग कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिये एवं बूथ स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जानकारी प्राप्त की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए जननायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर अपने नेता को समर्थन देने की बात कही। संवाद एवं कार्यशाला में प्रमुख रूप से प्रत्याशी विधानसभा बछरावां सुशील पासी, प्रत्याशी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, नागेन्द्र बहादुर सिंह, रवीन्द्र सिंह, महेश प्रसाद शर्मा, संतोष त्रिवेदी, अजीत सिंह, प्रमेन्द्र पाल सिंह, आलोक यादव, अभिषेक दिवाकर, दीपेन्द्र गुप्ता, अनिरूद्ध दीक्षित, कृपा शंकर शर्मा, शूजा खान गांधी, सुरेन्द्र शर्मा, सुमित्रा रावत, मनोज तिवारी, मेराजुल हसन फारूकी, जितेन्द्र पासी, चन्द्र प्रकाष बाजपेयी, शिवम सिंह राणा, अनूप बाजपेयी, राकेश भदौरिया, रामखेलावन पासी, कृष्णा पासवान, अभय बाजपेई, शिवम सिंह, दल बहादुर सिंह, गिरीश बहादुर सिंह, प्रदीप चौधरी, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, ओम प्रकाश पाल, मो.अकबर, भिखारी मिश्रा, केशरी नाथ त्रिपाठी, शिवानंद त्रिवेदी, नंदलाल गौतम, लल्लू राम भारती, चन्द्रकांत द्विवेदी, भरत मिश्रा, अजय शर्मा, भगवानदीन पासी, रामशरण, राहुल सिंह, रामनरेश चौरसिया, जयकांत सिंह, प्रमोद बाजपेई, संदीप सैंडी, प्रेम मिश्रा, राजेश मिश्रा, छोटे लाल पासी, सौरभ शुक्ला, बाबा रामचन्द्र मिश्रा, रूपेश सिंह, अंकुर चौधरी, इसरार पण्डा, तेज बहादुर सिंह, हरीश द्विवेदी, गजराज पासी, दिनेश त्रिवेदी, विनोद अवस्थी, दिनेश सिंह, के.के.सिंह, नीरज शुक्ला, रामकुमार पासवान सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व न्याय पंचायत अध्यक्ष व उनकी कमेटी, ग्रामसभा अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष व सह बूथ अध्यक्ष गण एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दलित समाज के युवक के हाथों यूथ कांग्रेस की कमान, नवगठित इकाई ने ली शपथ

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

शनिवार को उत्तर प्रदेश में संपन्न हुए हालिया युवा कांग्रेस के चुनाव में विजयी हुए युवा नेताओं का शपथ ग्रहण समारोह जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संपन्न हुआ । जिला कार्यालय पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के पुत्र प्रमोद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे । यहां उन्होंने युवा जिला अध्यक्ष विपिन कनौजिया समेत सभी पदाधिकारियो को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई ।शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता मे आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम को दर्जनो वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए नई टीम को बधाई दी सभी ने पार्टी के अंदर लोकतंत्र स्थापित करने के लिए जननायक श्री राहुल गांधी जी को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया ।

तय कार्यक्रम के अनुसार जिले के हर ब्लॉक से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में जिला कांग्रेस कमेटी प्रांगण पहुंचे । यहां वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विपिन कनौजिया व उसके सभी पदाधिकारी को पद की शपथ दिलाई । यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन के दौरान छात्र राजनीति युवक कांग्रेस के कार्यकाल कांग्रेस की विचारधारा व कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया । वरिष्ठ नेता ओ पी चौधरी ने सभी पदाधिकारियो से हर प्रकार के सहयोग का वादा करते हुए कहा केवल कांग्रेस पार्टी में लोकतंत्र है राहुल जी की सोच का नतीजा है कि आज दलित समाज का व्यक्ति युवा कांग्रेस का जिले में नेतृत्व करने के लिए हम सबके बीच है । कांग्रेस पार्टी में पिछड़े और दलितों का पूरा सम्मान किया जाता है । सारे बंधन तोड़कर सभी वर्गों के साथ मिलकर कांग्रेस देश के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाती है । किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने संगठन की मजबूती व वर्तमान तानासाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी से एकजुट होकर संघर्ष करने का आवाहन किया।

युवा नेता राजेश तिवारी ने राहुल गांधी को विश्व का बड़े नेताओं में से एक बताते हुए उनके विचार आदर्श व संकल्पना को नए भारत की परिकल्पना का चित्र बताया ।

वरिष्ठ नेता हरख नारायण मिश्रा व योगेश पांडेय ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनके अच्छे राजनीतिक जीवन की कामना की।

ओमप्रकाश त्रिपाठी चौटाला ने सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए हर प्रकार के सहयोग का वादा किया कार्यक्रम को प्रमुख रूप से लक्ष्मी कांत मिश्र रामचंद्र मिश्रा राहुल त्रिपाठी विजय पाल कृष्ण कुमार मिश्रा मुन्नू सुरेंद्र शुक्ल राजेश ओझा वरुण मिश्रा शाहबाज खान जयराज गौतम अपरबल सिंह ओम प्रकाश सिंह हरीश त्रिपाठी धर्मराज मिश्रा ओपी चौधरी लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रमोद मिश्रा राहुल त्रिपाठी वरुण मिश्रा समेत दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। अध्यक्षता कर रहे शकील अंसारी ने सभी को बधाई देते हुए हर प्रकार के संघर्ष मे कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव धर्मराज मिश्रा ने किया । इस अवसर पर पीसीसी सदस्य योगेश पाण्डेय, राम कुमारी पिछड़ा वर्ग पदाधिकारी मीनू यादव लालता प्रसाद पाठक सलाउद्दीन हाशमी डीसी पांडेय तेज बहादुर पाठक ओमप्रकाश त्रिपाठी चौटाला ब्लॉक अध्यक्ष अजेंद्र पांडेय विभू शिवम मिश्रा शक्ति प्रसाद तिवारी नंदलाल मोर्य जमीदार यादव नीरज सिंह अजय कुमार पांडेय जनार्दन शुक्ला राजेश श्रीवास्तव पवन मिश्रा कंटावा राहुल मिश्रा अभिनव श्रीवास्तव ओमप्रकाश दूबे आवेश अहमद विनय तिवारी जनार्दन शुक्ला उमाकांत तिवारी, आफ्ताब मेंहदी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे ।




### रायबरेली के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस/लालगंज, रायबरेली।** ताइक्कांडो की नेशनल प्रतियोगिता में रायबरेली के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया, वहीं उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पोजिशन हासिल कर रनरअप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जयपुर के एस एम एस स्टेडियम में 6 से 9 फरवरी तक सब जूनियर, केडिट तथा जूनियर नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन इण्डिया ताइक्कांडो द्वारा किया गया था जिसमे उत्तर प्रदेश की टीम ने कोच डिम्पी तिवारी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया था प्रदेश की टीम में रायबरेली के चार खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया था सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बेहतरीन मुकाबले खेले और टीम को दूसरी पोजिशन हासिल कराई। रायबरेली की चार खिलाड़ियों में सब जूनियर भार वर्ग की खिलाड़ी पल्लवी, केडिट की मैत्री शर्मा और जूनियर भार वर्ग की दीक्षा जितेंद्र जाधव ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया वही दिव्या कुमारी ने भी अपनी बेहतरीन फाइट का प्रदर्शन किया पर पदक से वंचित रह गई। इन खिलाड़ियों के पदक जीतने पर उत्तर प्रदेश के सचिव डा. रजत आदित्य दीक्षित, पदम श्री सुधा सिंह, डा. अताउर रहमान, सुनील कुमार, चन्दर, अनुराग यादव आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# सरकार की योजनाओं से महिलाओं के सपने को मिल रहे पंख, हर क्षेत्र में फहरा रही परचम: ऊषा सिंह

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

केन्द्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त समृद्धिशाली व आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार की योजनाओं से महिलाओं के सपने को पंख मिल रहे हैं।सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बातें भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए वर्मा ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित शक्ति संवाद (चाय पर चर्चा) के दौरान व्यक्त की।उन्होंने कहा कि सरकार की मुद्रा लोन, जनधन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 33 प्रतिशत आरक्षण,मातृ वंदन, जीवन ज्योति बीमा, तीन तलाक, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी समेत तमाम योजनाओं ने महिलाओं को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम फ्हरा रही हैं। महिलाओं को अपनी क्षमता पहचानने और उसको उजागर करने की जरूरत है।उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में एनजीओ व महिला स्वयं सहायता समूह की बड़ी भूमिका है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह ने आए हुए एनजीओ व स्वयं सहायता समूहों की बहनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने व ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए भाजपा को मजबूत करने का आवाह्न किया। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया जिले में कई एनजीओ व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सरकार की योजनाओं का फायदा उठाकर सशक्त व आत्मनिर्भर बन रही हैं।उन्होंने बताया जिले में 1 लाख 60 हजार महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक घनश्याम चौहान ने प्रस्तावना रखते हुए अभियान की विस्तार से जानकारी दी। शक्ति संवाद कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान प्रकाश जायसवाल ने संचालन किया।सह संयोजक मनीषा पांडेय ने सभी का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि शक्ति संवाद (चाय पर कार्यक्रम) कार्यक्रम में उ.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिला स्वयं सहायता समूह की मौजूद सैकड़ों दीदियों में से दीदी शिव कुमारी देवी व ऊषा देवी दुबेपुर, किरण पांडे व राजकुमारी कूरेभार, गीता देवी व आरती देवी कुड़वार ने अपनी सफलता की कहानियां सुनाई।

# महिला समेत 3 गिरफ्तार, प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, सीडीआर से अभियुक्तों तक पहुंची पुलिस

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

श्कुलदीप कुमारश् की मौत में पुलिस ने सातवें दिन पत्नी उसके प्रेमी व एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सीडीआर से आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। आरोपियों के पास से पुलिस को एक पाइप व मोबाइल मिली है।

दरअस्ल गोसाइगंज थानाक्षेत्र के गोसाई का पुरवा में 4 फ्रवरी को शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा देखा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत महमूदपुर निवासी कुलदीप कुमार (35) पुत्र राम करन के रुप में की थी। मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए थे। मृतक की पत्नी पूजा ने थाने में तहरीर दिया था। पत्नी का आरोप था कि 3 फ्रवरी की रात 9 बजे किसी ने फोन करके पति को बुलाया था। रात में घर से निकलने के बाद वे लौटे नहीं और सुबह उनकी मौत की सूचना मिली। पत्नी ने बताया कि सिर पर गंभीर चोट लगी है, जिससे लग रहा है उनकी हत्या की गई है।

इस मामले में पुलिस ने सीडीआर चेक किए तो पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना आसान हो गया। दरअस्ल कुलदीप की पत्नी पूजा का हरीश पुत्र सुग्रीव निवासी नानेमऊ थाना मोतिगरपुर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

ऐसे में रोड़ा बन रहे कुलदीप को रास्ते से हटाने के लिए पूजा व हरीश ने मिलकर ताना बाना बुना और फ्रि हरीश ने साथी आनंद उर्फ प्रिंस निवासी दुल्लापुर थाना दोस्तपुर के साथ मिलकर कुलदीप की हत्या की। फ्रि शव को गोसाई का पुरवा में सड़क किनारे फेक कर सड़क दुर्घटना दिखाने की कोशिश की।

मृतक कुलदीप के दो बच्चे रियांश (7) और प्रियांश (5) हैं।

पुलिस ने जहां इन बच्चों की मां को गिरफ्तार किया है वही उसके प्रेमी हरीश और सहयोगी आनंद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से सभी को जेल भेजा गया है।

# प्रवास के दौरान भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत रायबरेली शहर के तिलक नगर, गोरा बाज़ार में प्रवास समापन के बाद भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने कहा कि आम नागरिकों के कल्याण के लिए विपक्ष के पास कोई स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरा विपक्ष बिखर गया है, उन्होंने कहा कि भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को सीधे लाभ मिल रहा है, अब कोई बिचौलिया जनता को मिलने वाली राशि को डकार नहीं सकता। उन्होंने यह भी कहा कि उज्ज्वला गैस योजना से जहां हर महिला को चूल्हे और धुँआ से राहत मिली है वहीं आयुष्मान भारत योजना से निम्न आय वर्ग के लोगों को पाँच लाख तक का मुफ्त इलाज हर बड़े अस्पतालों में हो रहा है। भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने कहा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, किसान सम्मान निधि, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी अनेकों जन हितकारी योजना से आम नागरिक अत्यधिक उत्साहित हैं और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने को कटिबद्ध हैं।

# एसडीएम एवं सीओ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, दिए निदान के निर्देश

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी

शासन के निर्देश पर आयोजित समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उप जिलाधिकारी सविता यादव एवं क्षेत्र अधिकारी अतुल कुमार ने आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के दोनों आला अधिकारियों ने जन समस्यायों सुनने के बाद मिली शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सौंपा।उप जिलाधिकारी ने कहा समाधान दिवस में आई शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय प्राप्त हो सके।



इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतें का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाए तथा मौके पर जाकर जांचोंपरांत शिकायत का समाधान किया जाए।

शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के संबंध में जागरूक करते हुए साइबर ठगी और अपराध से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

**जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने दवा खाकर किया अभियान का शुभारंभ**

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुआ आईडीए अभियान

जन एक्सप्रेस। अमेठी

शनिवार को जनपद में सर्वजन दवा सेवन आईडीए अभियान शुरू हुआ।अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने जिला चिकित्सालय गौरीगंज में स्वयं दवा खाकर किया।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अंशुमान सिंह,नोडल अधिकारी डा.राम प्रसाद, जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी,उप जिला मलेरिया अधिकारी सुशील कुमार,विनोद कुमार सोनी व प्रदीप मिश्रा मलेरिया निरीक्षक, विनीत कुमार मौर्य,जिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के सदस्यों स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एड्वोकेसी एंड रिसर्च सीफॉर, पाथ और पीसीआई के जनपद प्रतिनिधियों जिला चिकित्सालय के स्टाफ और नर्सिंग की पचास छात्राओं ने भी फाइलेरियारोधी दवा का सेवन किया। इस मौके जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को विभाग द्वारा चलाए जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन के इस अभियान में सहयोग करते हुए फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करना चाहिए। जिससे कि फाइलेरिया बीमारी हमारे जनपद से पूरी तरह से खत्म हो जाए। सीएमओ ने कहा कि आईडीए अभियान के तहत लगातार तीन साल तक साल में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। आईडीए अभियान के तहत तीन दवाएं आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। यह दवाएं एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को खानी है। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दवा खाली पेट नहीं खानी है। और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सामने ही खानी है। यदि उस समय किसी कारण से फाइलेरियारोधी दवा नहीं खा पाए हैं। तो बाद में आशा कार्यकर्ता से माँगकर फाइलेरियारोधी दवा खा सकते हैं।



कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. राम प्रसाद ने बताया कि ये दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। और उच्च गुणवत्ता की हैं। इन दवाओं के सेवन का दुष्प्रभाव उन व्यक्तियों में दिखाई देता है,जिनमें फाइलेरिया के परीजीवी होते हैं।जब ऐसे व्यक्ति फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करते हैं तो फाइलेरिया परीजीवियों के मरने के कारण उन्हें उल्टी आना, चक्कर आना, जी मितलाना, शरीर में चकत्ते पड़ने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह समस्याएं स्वतः ही ठीक हो जाती हैं। परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम आरआरटी भी बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आरआरटी और राष्ट्रीय बालस्वास्थ्य कार्यक्रम टीम को उपचार के लिए आशा कार्यकर्ता के माध्यम से बुलाया जा सकता है। इस अभियान के तहत लगभग 22.16 लाख जनसंख्या को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। जिसके लिए 1783 टीमें बनाई गई हैं। एक दिन में एक टीम कम से कम पच्चीस घरों का भ्रमण कर लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएगी। इन टीमों के पर्यवेक्षण के लिए तीन सौ चार सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 19°C | 08°C |
| कानपुर | 19°C | 09°C |
| देहरादून | 19°C | 09°C |
| नई दिल्ली | 20°C | 09°C |

# जीबीसी 4.0 : पूरे प्रदेश में बहेगी निवेश की बयार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

19 फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में योगी सरकार द्वारा आयोजित की जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के माध्यम से पूरे प्रदेश में निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। खास बात ये है कि जीबीसी के जरिए प्रदेश के सभी हिस्सों में निवेश की बयार बहेगी। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। पश्चिमांचल के अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से योगी सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के एक वर्ष के अंदर इतनी बड़ी राशि के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और मील का पत्थर स्थापित करने जा रही है।



### 33.50 लाख रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध

19 फरवरी को पीएम मोदी और सीएम योगी की मौजूदगी में जीबीसी 4.0 का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 10 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश को धरातल पर उतारेगी। इसके माध्यम से 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14 हजार से अधिक परियोजनाओं को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है, जिसमें प्रतिष्ठित उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इंडिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

### सभी सेक्टर्स में हो रहा निवेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश 19.24 प्रतिशत निवेश आवास में होना निर्धारित है। इसके अलावा 15 प्रतिशत निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में, 13 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग में, 10 प्रतिशत आईटी एवं आईटी आधारित सेवाओं में, 7.83 प्रतिशत लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग में, 7.5 प्रतिशत ऊर्जा में, 6.01 प्रतिशत फूड प्रॉसेसिंग में, 5.27 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में, 2.96 प्रतिशत शिक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, शॉर्टलिस्ट किए गए अन्य सेक्टर में कृषि (0.37प्रतिशत), पशुपालन (0.25 प्रतिशत), ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक वाहन (0.33 प्रतिशत), जैव ईंधन/बायोमास (0.82 प्रतिशत), डेयरी (1.04 प्रतिशत), डिफेंस एवं एयरोस्पेस (0.55 प्रतिशत), डिस्टलरीज (0.84 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं (0.12 प्रतिशत), खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति (1.08 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवाएं (2.73 प्रतिशत), आतिथ्य एवं मनोरंजन (2.78 प्रतिशत), अवस्थापना (0.02 प्रतिशत), टेक्सटाइल एवं हथकरघा (1.28 प्रतिशत), काष्ठ आधारित उद्योग (1.00 प्रतिशत) और अन्य क्षेत्र (0.11 प्रतिशत) शामिल हैं।

### जीबीसी में पांच गुना निवेश परियोजनाओं की शुरुआत

यह योगी सरकार का चौथा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह होगा। इससे पहले योगी सरकार तीन ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित कर चुकी है, जिसके माध्यम से प्रदेश में 2.10 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश धरातल पर उतारा गया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने फरवरी-2018 में पहली बार यूपी इन्वेस्टर्स समिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया था। समिट में 4.28 लाख करोड़ रुपए के 1,045 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इसके उपरांत जुलाई-2018 में प्रथम ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह तथा जुलाई 2019 में दूसरा ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्रमशः 61,792 करोड़ रुपए के निवेश वाली 81 परियोजनाओं तथा 67,202 करोड़ रुपए के निवेश वाली लगभग 290 परियोजनाओं का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। जून 2022 में, ग्राउंड-ब्रेकिंग समारोह के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश वाली 1,400 से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस लिहाज से 2024 में होने जा रही जीबीसी में निवेश का साइज पिछली तीन जीबीसी के मुकाबले 5 गुना ज्यादा है।

### इन परियोजनाओं की होगी शुरुआत

- एनआईडीपी (हीरानंदानी ग्रुप), सिफी टेक्नोलॉजीज, वीएएलएस डेवलपर्स प्रा. लि., एसटीटी ग्लोबल, जैक्सन लि. पूरे यूपी में डेटा सेंटर स्थापित करेंगे।
- अशोक लीलैंड तथा यामाहा पूरे यूपी में ऑटोमोबाइल और ईवी परियोजनाएं स्थापित करेंगे।
- एनटीपीसी, ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर, एसीएमई ग्रुप, जेएसडब्ल्यू एनर्जी पीएसपी सिक्स और टस्को पूरे प्रदेश में थर्मल, सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करेंगे।
- एम3एम इंडिया, आईएनजीकेए, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा और गोदरेज प्रॉपर्टीज प्रदेश में आवासीय और रिटेल संपत्तियों का निर्माण करेंगे।
- टाटा टेक्नोलॉजीज 150 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करेगी।
- एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज और शराफ ग्रुप क्रमशः एक एयर कार्गो टर्मिनल, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करेंगे।
- टार्क सेमीकंडक्टर्स, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, हायर, एडवर्ब टेक्नोलॉजीज और कैंट आरओ सिस्टम्स प्रदेश में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों का निर्माण करेंगे।
- उर्वशी इंफ्राटेक और एमएक्यू इंडिया आईटी में निवेश करेंगे और आईटी पार्क स्थापित करेंगे।
- ओबड़ू, शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, यशोदा हॉस्पिटल और अपोलो हॉस्पिटल सुपर स्पेशियलिटी चिकित्साल स्थापित करेंगे।
- एबी मौरी, वरुण बेवरेजेज और धर्मपाल सत्यपाल प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेंगे।
- अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, एकोर रिसर्च लैब्स, भारत डायनेमिक्स, एरोलॉय टेक्नोलॉजीज और डीआरडीओ ब्रह्मोस एयरोस्पेस डिफेंस एवं शस्त्र निर्माण में प्रवेश करेंगे।
- बनास डेयरी और सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स डेयरी उद्योग में निवेश करेंगे।
- सेंचुरी पल्प एंड पेपर, एयर लिक्विड नार्थ इंडिया, डालमिया सीमेंट भारत, एम/एस इंडोरामा इंडिया, रिमझिम इस्पात और फन जू टॉयज राज्य भर में विभिन्न विनिर्माण इकाइयां स्थापित करेंगे।

# यूपीए सरकार में जनता ने घोटाले देखे

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बोले, विकास के लिए वित्तमंत्री श्वेत पत्र लाईं, महान विभूतियों को भारत रत्न देने के लिए धन्यवाद**

✻ भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की तैयारी है: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

किसान नेता रहे चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव को भारत रत्न पुरस्कार दिया गया। इसको लेकर लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय पर शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भूपेंद्र चौधरी ने कहा- पीएम मोदी ने गरीब, मजदूर और अन्नदाता किसानों के नेता रहे चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर मान बढ़ाया है। चौधरी का जीवन चाहे विधानमंडल के सदस्य के नाते हो या लोकसभा सदस्य के नाते, उन्होंने हमेशा मजदूर, किसान, दलित की लड़ाई लड़ी। उन्होंने देश के लिए जो काम किया, उसका संज्ञान मोदी ने लिया। भूपेंद्र चौधरी ने कहा- हरित क्रांति के जनक प्रसिद्ध किसान वैज्ञानिक स्वामीनाथन और पूर्व पीएम पीएम नरसिम्हा राव को मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया। इसके लिए भारत सरकार और पीएम मोदी का निर्णय सराहनीय है।



### 'विकास के लिए वित्त मंत्री ने श्वेत पत्र लाया'

भूपेंद्र चौधरी ने कहा- देश के विकास के लिए वित्त मंत्री ने श्वेत पत्र लाया। श्वेत पत्र से स्पष्ट है कि कैम्ब्रिज हॉवर्ड से निकले लोग ही देश की अर्थ व्यवस्था ऊंचाई तक ले जा सकते है... यह सही नहीं है। अब देश के गरीब परिवार का बेटा जो पल-पल देश के विकास के लिए जीता है, वह भी देश को आगे बढ़ाने के लिए नए आयाम गढ़ रहा है।

### भूपेंद्र बोले, यूपीए सरकार में जनता ने घोटाले देखे

भूपेंद्र चौधरी ने कहा- 2004 से 2014 के बीच यूपीए सरकार की अर्थ व्यवस्था से बेहतर सुधार प्रधानमंत्री के कार्यकाल में हुआ है। यूपीए सरकार में भ्रष्टाचार के नए स्कैम खुलते थे। यूपीए सरकार के दौरान देश की बदहाल स्थित के जिम्मेदार पीएम से लेकर सुपर पीएम तक थे। उस समय के पीएम को लोग पीएम नहीं समझते थे। उस समय 2 प्रतिशत घोटाला देखा, कोयला घोटाला, सत्यम घोटाला, आदर्श घोटाला, शारदा घोटाला, चित फंट घोटाला, लैंड घोटाला, कॉमनवेल्थ गेम घोटाला जनता ने देखा।

### आज निवेश पांच गुना बढ़ गया

भूपेंद्र चौधरी ने कहा- मोदी सरकार आने के बाद अच्छे निर्णय लिए गए। शौचालय बनाने, घर बनाने से देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है। आज हमारे पास निवेश बढ़े हैं। आज निवेश पांच गुना बढ़ गया है। 2014 से 2023 के बीच बड़ा निवेश आया है। आज हम निवेश के लिए द्विपक्षीय समझौता कर रहे हैं। यूपीए सरकार का राजकीय घाटा बढ़ा था। आज हम राजकीय घाटे को कम करने में सफल हुए हैं।

### 'आज हमारा विदेश मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से ज्यादा'

भूपेंद्र चौधरी ने कहा- श्वेत पत्र में कहा गया है कि अभी हमें मीलों चलना है। अमृतकाल अभी शुरू हुआ है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की तैयारी है। कांग्रेस के समय में अर्थव्यवस्था काफी पीछे चली गई थी, जिससे सामान्य परिवारों पर दुखों का अंबार लगा था। वहीं आज हमारा विदेश मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से ज्यादा बना है। सरकार द्वारा जारी अध्यादेश को सार्वजनिक फाड़ने की शर्मनाक घटना सामने आई।

# यूपी बजट 2024: 'राम को लाने का दावा करने वाले उनका अपमान करते हैं, प्रभु श्रीराम के नाम पर राजनीति बंद करें'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को यूपी विधानसभा में पांच फरवरी को पेश किए गए यूपी बजट 2024-25 पर अपना पक्ष रखा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार हर बार सबसे बड़ा बजट पेश करती है पर उसे खर्च नहीं कर पाती है। सरकार ने जितना आवंटन किया उस पर खर्च कितना हुआ है इसकी जानकारी नहीं देता है। अखिलेश ने अलग-अलग विभागों को पिछले वर्ष आवंटित किए गए बजट और उस पर हुए खर्च का जिक्र किया। अखिलेश यादव ने एक शेर के साथ अपनी बात कही। उन्होंने कहा, शेर उनके मुंह से अब अच्छे नहीं लगते... 46 में 56 की जो बात करते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी का बजट सात लाख करोड़ का हो या आठ लाख करोड़ का पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रदेश की 90 फीसदी जनता के लिए क्या है? उन्होंने बजट के बड़े आकार पर कहा, बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर, पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर...।

### 80 करोड़ की जनता सरकारी राशन पर निर्भर है

अखिलेश यादव ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है पर देश के 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर निर्भर हैं। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में छूट नहीं। युवाओं के लिए सेना में सिर्फ चार साल की अग्निवीर की भर्ती है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को नौकरियों को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। प्रदेश का 90 फीसदी युवा आज बेरोजगार बैठा है। सरकार प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश का दावा करती है और एक करोड़ रोजगार पैदा करने की बात कहती है पर कितनी नौकरियां दी है ये स्पष्ट नहीं करती है।



### नौकरी के लिए वार जोन में भेज रही है सरकार

अखिलेश यादव ने कहा कि अब सुनने में आ रहा है कि सरकार नौकरियों के लिए लोगों को रूस और युक्रेन भेज रही है। क्या सरकार के पास रोजगार को लेकर यही विजन है कि लोगों को वार जोन में भेजा जा रहा है।

### विकास के लिए ली गई जमीनों का नहीं दिया सही मुआवजा

अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में विकास के लिए ली गई जमीनों का सही मुआवजा नहीं दिया गया है। वहां के स्थानीय लोगों ने सरयू में खड़े होकर अपने जनेऊ की कसम खाई थी कि भाजपा को वोट नहीं देंगे। हम मांग करते हैं कि सरकार जिन लोगों की जमीन ले रही है उसका सही मुआवजा उन्हें दे। अयोध्या में जमीनों की खरीद फरोख्त में फर्जीवाड़ा किया गया है। सरकार को खरीदी गई सभी रजिस्ट्री को सार्वजनिक करना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा मैं सरकार के कहने पर अयोध्या नहीं जाऊंगा। जब प्रभु श्रीराम बुलाएंगे तब अपने परिवार के साथ अयोध्या जाऊंगा।

### यूपी को पहचान का संकट कभी नहीं था: अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी अक्सर कहते हैं कि 2017 के पहले प्रदेश के सामने पहचान का संकट था जबकि यूपी ने देश को आठ प्रधानमंत्री दिए। कई शहरों में मेट्रो चलीं। टीसीएल जैसी कंपनियों ने निवेश किया। हमारी सरकार ने पूरी सुविधाएं दी। अगर पहचान का संकट था तो कंपनियों ने निवेश क्यों किया। उन्होंने कहा कि पहचान का संकट यूपी सरकार के लोगों को है इसलिए वो निवेश नहीं ला पा रहे हैं।

### अपना घोषणा पत्र पढ़े सरकार

अखिलेश यादव ने कहा कि योगी सरकार को अपने घोषणा पत्र पढ़ने चाहिए। हमारी सरकार ने छात्रों को लैपटॉप दिया था पर भाजपा सरकार नहीं दे पाई है। योगी सरकार को 2017, 2019 और 2022 का घोषणा पत्र पढ़ना चाहिए।

# यूपीआरआरडीए की सीईओ ने किया पीएमजीएसवाई की सड़कों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरणबद्ध एवं समयबद्ध लक्ष्य की प्राप्ति एवं उच्च गुणवत्ता की ग्रामीण सड़कों को बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा भविष्य में एफडीआर तकनीक को प्राथमिकता देते हुये नये मार्गों का निर्माण प्रस्तावित किया जाये तथा एफडीआर तकनीक को बढ़ावा दिया जाए और इसके लिए कान्ट्रेक्टर्स के साथ मीटिंग करते हुये अच्छा संवाद बनाए रखा जाए तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता व मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। इसके लिए जरूरी है कि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जाए।उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के निर्देशों के क्रम मे ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में नव नियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिव्या मित्तल,द्वारा ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य अभियन्ता यूपीआरआरडीए पीएमयू प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट, पीआईयू के अभियन्ता एवं कॉन्ट्रैक्टर के साथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद मऊ में निर्मित 2 मार्ग पैकेज सं0 यूपी-515178, मार्ग-एमआरएल-98 करहा से जहांगंग, पैकेज सं0 यूपी-5193, मार्ग-एमआरएल-65 भोजी से कठरी मार्ग एवं जनपद गाजीपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित 01 मार्ग पैकेज सं0 यूपी-29135, मार्ग-टी 15-रायपुर से जाही निरीक्षण किया गया।

## बाबरी मस्जिद विध्वंस के समय पीएम थे पीवी नरसिम्हाराव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर अब राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। ऐसा माना जाता है कि 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के ढांचा विध्वंस के बाद राम मंदिर निर्माण की राह प्रशस्त हुई, उस समय पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे। जानकार बताते हैं कि तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने कार सेवकों के अयोध्या में जमा होने पर केंद्र सरकार को आश्वासन दिया था कि मस्जिद की रक्षा की जाएगी। राव ने अपनी पुस्तक अयोध्या 6 दिसंबर 1992 में इसका जिक्र भी किया है। कल्याण सिंह ने कार सेवकों पर गोली चलाने से साफ इनकार किया। देखते ही देखते कार सेवकों ने बाबरी मस्जिद का ढांचा गिरा दिया। देर शाम कल्याण सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। कांग्रेस सरकार ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकार को बर्खास्त कर दिया था।

# राजधानी में किसानों से हो रही बड़ी ठगी के शाइन सिटी इंफ्रा से जुड़े हैं तार

✻ फर्जी खाता खोलने और फर्जी आधार बनाने का भी खूब हो रहा खेल

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** राजधानी की मोहनलालगंज तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अचली खेड़ा में किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी में राजधानी की सबसे बड़ी फ्रॉड कंपनी शाइन सिटी का नाम सामने आया है। शाइन सिटी के ब्रोकर के तौर पर मिस्त्री लाल पुत्र पन्ने निवासी साहन खेड़ा मजरा भट्टी बरकत नगर थाना गुसाईंगंज लखनऊ व चमनलाल दिवाकर पुत्र सोनेलाल (कथित डायरेक्टर साइन सिटी) निवासी 1/38 विवेक खंड गोमती नगर लखनऊ के साथ अन्य लोगों द्वारा किसानों के साथ जमकर धोखाधड़ी की जा रही है। जानकारों का कहना है कि इस कार्य में फर्जी आधार बनाने से लेकर फर्जी बैंक खाता खोले जाने तक का कार्य किया जा रहा है, साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है।




### बड़ा सवाल!

- यूपी पुलिस के ईमानदार अधिकारियों की कब पड़ेगी मामले पर नजर?
- जांच के घेरे में साइन सिटी का सीएमडी फरार फिर भी बिचौलिए कैसे हो रहे मालामाल?
- पीड़ित किसानों के कौन पोछेगा आंसू और किसानों की कौन सुनेगा फरियाद?
- जल्द ही कई बड़े नामों का हो सकता है खुलासा....जन एक्सप्रेस की पड़ताल जारी...

### किसानों के परिवार में दहशत, अवैध चीजें घर में रखवाकर सबको जेल भिजवाने की हो सकती है साजिश

पीड़ित किसान के परिवार को इस बात का भय सता रहा है कि विपक्षी धन मस्त होने के साथ ही शासन प्रशासन में अपना रसूख जमाए हुए हैं, ऐसी जानकारी मिल रही है कि नगराम पुलिस की सह पर अन्य विरोधियों द्वारा घर में अवैध असलहे, गांजा चरस या अन्य कोई अवैधानिक वस्तु रखकर पूरे परिवार को जेल भेजने की शाजिस रची जा सकती है। किसान अयोध्या प्रसाद के परिवारजनों का कहना है कि स्थानीय पुलिस जालसाजों के द्वारा धन से पोषित की जा रही है वह किसी भी सूरत में हमारी जमीन हथियाना चाह रहे हैं। शुक्रवार को देर रात इस बात की जानकारी हुई कि अयोध्या प्रसाद के बेटे हरिनाम को जेल भेजा जा रहा है।

### सामने आ सकते हैं लखनऊ पुलिस के कई अफसरों और सेवानिवृत ब्यूरोक्रेट के नाम

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाइन सिटी का गिरोह अभी भी राजधानी में सक्रिय है। विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि चमनलाल दिवाकर व मिस्त्रीलाल व अन्य के द्वारा किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन औने पौने दाम पर खरीदी जा रही है। इस खेल में लखनऊ पुलिस के कई अधिकारियों व शासन में उच्च पद पर रहे सेवानिवृत अधिकारी भी शामिल हैं।

### निराधार है नगराम पुलिस द्वारा की गई अब तक की जांच, धन बल पर लिखा गया किसानों पर फर्जी मुकदमा!

अब तक की पुलिसिया कार्यवाही पर सवालिया निशान भी उठने लगे हैं क्योंकि स्थानीय लोगों द्वारा दबी जुबान यह कहते सुना जा रहा है कि नगराम पुलिस द्वारा बिना जांच किए अयोध्या प्रसाद, रंजीत कुमार और हरिनाम पर मुकदमा लिखा गया है जबकि किसान खुद मिस्त्रीलाल और चमनलाल की जालसाजी का शिकार हुए हैं। नगराम पुलिस पर यह भी आरोप लगने शुरू हो गए हैं कि किसानों पर दबाव बनाकर जबरन साइन सिटी के ब्रोकर्स के नाम जमीन लिखाई जा रही थी, जिसका तहसील परिसर में ही मौके पर मौजूद लोगों द्वारा वीडियो भी बनाया गया था। पीड़ित किसानों का यह भी आरोप है कि नगराम पुलिस ने किसानों के जमीन व बैंक से जुड़े सारे कागजात जप्त कर लिए हैं। वहीं बीते बुधवार समझौते के बहाने से किसानों को बुलाकर जबरन भूमि का बैनामा करने का दबाव बनाया गया। हरिनाम को बुधवार से ही थाने में बैठा रखा था उसके बाद भी मिश्रीलाल पुत्र पन्ने व हरिनाम पुत्र अयोध्या प्रसाद की गिरफ्तारी की सूचना शुक्रवार को जारी की गई।

### लगभग 68000 करोड़ के घोटाले वाली शाइन सिटी के दलालों के जाल में फंसे लखनऊ के किसान

बताते चलें कि शाइन सिटी व कंपनी के सीएमडी राशिद पर अबतक लगभग चार सौ से अधिक मुकदमे हो चुके हैं और लगभग 68000 करोड़ से अधिक के घोटाले का आरोप भी लग चुका है उसके बावजूद राजधानी में बड़े पैमाने पर साइन सिटी के ब्रोकर्स द्वारा लगातार अलग अलग नाम से भूमि की खरीद फरोख्त जारी है।

### मास्टर माइंड चमन लाल दिवाकर और ब्रोकर मिश्री लाल बनाते हैं अशिक्षित और बेबस किसानों को निशाना

जानकारों का कहना है कि इस गोरखधंधे के मास्टर माइंड चमनलाल दिवाकर और मिस्त्रीलाल द्वारा ज्यादातर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर पहले थोड़ी जमीन का सौदा किया जाता है फिर उन्हीं कागजातों से छेड़छाड़ कर पूरी जमीन लिखा ली जाती है। इसी तरह फकीर खेड़ा निवासी किसान अयोध्या प्रसाद और रंजीत कुमार को भी फसाया गया है।

## उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा कार्यों में प्रयुक्त सामग्री उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच हर हाल में की जाए। सीडीओ व स्टेट क्वालिटी मैनेजर पूरी सजगता व नइयमसंगत कार्य करें। कहीं पर भी अनियमितता या गड़बड़ी पायी जाय तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय।

## लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे 10 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए समझौतों को सामने लाने के लिए सेरेमनी करने जा रही है। इसका भूमिपूजन समारोह का आयोजन 19 फरवरी को किया जाएगा। इसमें करीब 10 लाख करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। भूमिपूजन के कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के कई दिग्गज उद्योगपति शामिल होंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 500 स्टॉल लगाए जाएंगे।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# परीक्षा पे चर्चा : जिंदगी परीक्षाओं से कहीं बड़ी और गहरी है

**यदि आप अपनी बोर्ड परीक्षाओं के कारण बहुत तनाव और दबाव में है, तो जान लें कि आपको जीवन में अधिक चुनौतीपूर्ण कार्यों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण, छत्रपति शिवाजी महाराज और आचार्य चाणक्य के जीवन का अध्ययन करें, साथ ही भगवद्गीता को बार-बार पढ़ें, ताकि यह मानसिकता विकसित हो सके कि कठिनाइयाँ और चुनौतियाँ जीवन का अपरिहार्य हिस्सा हैं, जिन्हें उचित योजना और कार्यान्वयन, टीम वर्क के साथ पूरा किया जाना चाहिए। परिणाम, साहस, शांत दिमाग और ध्यान-प्राणायाम जैसी योग प्रथाओं के विकास के साथ सौ प्रतिशत प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।**

*युवा पीढ़ी के लिए यह एक अद्भुत एहसास है, जब देश के प्रधानमंत्री उनका मनोबल बढ़ाने और समर्थन करने के लिए उनके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। वह भी ऐसे समय पर जब तनाव, भय, अवसाद और चिंता से उबरने में मदद करने के लिए मजबूत कंधे की आवश्यकता होती है। मैकाले शिक्षा प्रणाली ने बोर्ड परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के मन में उथल-पुथल मचा दी है। जबतक नई शिक्षा कार्ययोजना स्कूल, कॉलेज और संस्थानों में व्यवस्थित रूप से लागू नहीं हो जाती, तब तक बच्चों को निराशा, चिंता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आत्महत्याओं में वृद्धि सहित मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समाज के साथ मजबूत रिश्ता और जमीन पर काम करने का दशकों का अनुभव, साथ ही जमीन पर क्रियान्वित प्रणालियों व नीतियों और समाज पर प्रभाव के बारे में उनके व्यापक ज्ञान ने उन्हें शैक्षिक प्रणाली के बारे में बच्चों के दृष्टिकोण एवं उनकी कठिनाइयों को समझने में सहायता की। इसलिए उन्होंने हर साल बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा चर्चा शुरू की। यह माता-पिता और बच्चों को परीक्षा को व्यापक और सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सक्षम बनाता है, जिससे तनाव कम होता है और मन को आराम मिलता है। प्रश्न और उत्तर सत्र बच्चों और अभिभावकों के बीच किसी भी भ्रम को तुरंत दूर कर देता है। छात्रों को अपनी परीक्षाओं और जीवन के बारे में संक्षेप में क्या जानना चाहिए, आइए देखें। बच्चों को जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से समझना होगा कि बोर्ड या प्रतियोगी परीक्षाएँ इस विशाल अस्तित्व का छोटा-सा हिस्सा हैं। जीवन के विभिन्न चरणों में अस्तित्व के विभिन्न पहलुओं की बहुत जागरूकता के साथ जांच की जानी चाहिए। हम देखेंगे कि जिन परेशानियों का हम सामना करते हैं वे समुद्र में एक बूंद के समान हैं। हम अपनी पढ़ाई या अपने जीवन में जिन समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करते हैं, वे वास्तव में छिपे हुए आशीर्वाद की तरह हैं, क्योंकि वे उन आंतरिक गुणों को सामने लाते हैं जिन पर हमने अभी तक ध्यान केंद्रित नहीं किया है, वे हमारे जीवन में अपेक्षित विकास के लिए आवश्यक हैं। जब हम आत्मविश्वास और जुनून के साथ बाधाओं का सामना करते हैं तो हमारा व्यक्तित्व और चरित्र चमक उठता है। हम भगवान श्रीराम की उनके सबसे कठिन जीवन के कारण पूजा करते हैं। कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी शांतिपूर्ण दिमाग, महान वीरता बनाए रखी, लोगों की सहायता करने के हर अवसर को सहजता से देखा और सभी स्थितियों में शांति बनाए रखी। जब हम उनके जीवन पर नजर डालते हैं तो सबसे महत्वपूर्ण घटना वह थी जब उन्हें महल छोड़ कर 14 वर्षों के लिए निर्वासन में रहने के लिए कहा गया था। क्या कोई इस तथ्य को आसानी से समझ सकता है कि अगले दिन भगवान श्रीराम को राजा बनना था, लेकिन उससे एक रात पहले ही उन्हें 14 साल के लिए वनवास पर जाने के लिए कहा गया था। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के इस कठिन दौर को बिना किसी संदेह या कठिनाई के स्वीकार किया और खुशी-खुशी महल से बाहर जाना स्वीकार कर लिया। श्रीराम का जीवन बच्चों को यह दिशा देता है कि कैसे हर कठिनाई को शांत मन से देखें, परिवर्तन को पूरे दिल से स्वीकार करें और चिंता, भय, संदेह, क्रोध, नकारात्मक दबाव के बिना अपने लक्ष्य की प्राप्त के लिए शांति और जुनून के साथ प्रयास करें।*

### एक्सप्रेस आलेख

**मोदी ने अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में प्रदेश में पेट्रोल, डीजल की अधिक कीमतों का विरोध करते हुए भाजपा सरकार बनने पर उन्हें कम करने का वादा किया था। मगर राज्य सरकार के बजट में उस पर कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि प्रदेश के लोगों को अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में आज भी महंगी दरों पर पेट्रोल, डीजल खरीदना पड़ रहा है। इससे लोगों के मन में निराशा व्याप्त हुई है। प्रदेश के लोगों का कहना है कि राज्य सरकार को पेट्रोल, डीजल की कीमतों में अविलम्ब कमी कर प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करना चाहिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। हालांकि सरकार ने चीनी व गुड़ से मंडी टैक्स हटाकर महंगाई कम करने का प्रयास किया है।**

# राजस्थान के बजट में मोदी विजन



रमेश सर्राफ धमोरा

**करीबन 33 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। अल्पआय, लघु सीमांत, बटाईदार किसानों, खेती और श्रमिकों के बच्चों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हालांकि सरकारी स्कूलों में आठवीं तक पढ़ाई और 12वीं तक किताबें पहले से फ्री दी जा रही है। 9वीं से 12वीं तक आंशिक फीस ही ली जा रही है।**

राजस्थान में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए भाजपा सरकार के पहले लेखा अनुदान (अंतरिम बजट) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन परिलक्षित हुआ है। यह बजट पूरी तरह से आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बनाया गया है। हालांकि अंतरिम बजट होने के कारण इसमें अधिक घोषणायें नहीं की गई हैं। फिर भी बजट में ऐसी अन्य को बातों को शामिल किया गया है जिसका असर सीधे आम लोगों पर पड़ता है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कई गारंटी दी थीं। प्रधानमंत्री मोदी की बहुत सी गारंटी को इस बजट में शामिल किया गया है। अनुभव के हिसाब से उपमुख्यमंत्री ने वित्तमंत्री के रूप में पहला बजट पेश किया। मगर जिस तरह से उन्होंने बजट भाषण पढ़ा उसमें पूरा आत्मविश्वास झलक रहा था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार का यह पहला बजट था। इस कारण सरकार को चुनाव के दौरान किए गए लोक लुभावने वायदों को बजट में शामिल किया जाना बहुत जरूरी था। उसी को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने बजट में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, किसानों, व्यापारियों, धर्माचार्य को खुश करने के लिए बजट में कई तरह के प्रावधान किए हैं। प्रदेश में बुजुर्गों को अभी तक रोडवेज की बसों में 30 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी जिसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन को एक हजार रुपये से बढ़कर 1150 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने बजट में 70 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की घोषणा की है। इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा भर्ती कैलेंडर भी बनाने की बात कही गई है। राजस्थान में पिछली अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा मुद्दा भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली को लेकर था। गहलोत सरकार के कार्यकाल में 18 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा था। बाद में प्रशासनिक परीक्षाओं में भी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के परिजनों के चयन को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते आम जन में गहलोत सरकार की नकारात्मक छवि बनी थी। इस बात



**राजस्थान के 5 लाख घरों पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। जिससे उन परिवारों के लोगों को 300 यूनिट तक प्रतिमाह बिजली नि:शुल्क मिल सकेगी। प्रदेश में मन्दिरों के उन्नयन पर 320 करोड़ रुपये खर्च किये जाने का प्रावधान किया गया है। इससे विभिन्न धर्माचार्यों का सरकार को समर्थन मिलेगा।**

को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार ने अपने पहले ही बजट में युवाओं को लुभाने के लिए एक साथ 70 हजार नयी भर्तियों की घोषणा की है। हालांकि भाजपा ने चुनाव से पहले राजस्थान लोक सेवा आयोग में आमूल चूल परिवर्तन करने की बात भी कही थी। मगर उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। भाजपा को पता है कि प्रदेश के युवा मतदाताओं की बदौलत ही उनकी सरकार बन पाई है। ऐसे में उन्हें अपने साथ जोड़े रखना बहुत जरूरी है। संविदा पर काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिन, सहायिकाओं के साथ ही अन्य संविदा कर्मियों तथा पंचायती राज व नगरीय निकायों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को मिलने वाले मासिक भत्ते में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। प्रदेश में इसका बड़ा असर होगा तथा कई लाख लोगों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल पाएगा। अपने बजट भाषण के दौरान जब कांग्रेस नेता शांति धारीवाल बार-बार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को टोक रहे थे तो उन्होंने धारीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है। यहां पर महिलाएं भी बराबर की संख्या में है। उनके पास भी वोट की शक्ति है। इसी के चलते राज्य सरकार ने अपने अंतरिम बजट में महिलाओं के हित की कई योजनाओं की घोषणा कर उन पर पूरा फोकस रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक करोड़ नई लखपति दीदी बनाने की घोषणा की थी उसी की तर्ज पर राजस्थान के बजट में भी 5 लाख परिवार की महिलाओं को लखपति दीदी योजना में शामिल कर उनकी आय को एक लाख से अधिक बढ़ाया जाएगा। गरीब परिवारों में कन्या के जन्म पर एक लाख रुपये का सेविंग बांड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में प्रथम प्रसव पर 6 हजार रुपये दिए जाएंगे। जबकि अभी तक यह राशि पांच हजार थी। प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक-एक आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में महिलाओं के लिए हेल्प डेस्क बनेगी। सभी नारी निकेतनो में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। किसानों के लिए भी बजट में कई घोषणाएं की गई है। पीएम किसान निधि में मिल रहे 6000 की राशि को बढ़ाकर 8000 रुपये प्रतिवर्ष किया गया है। इस तरह हर किसान को साल में 2000 रुपये का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसे आगे बढ़कर 12000 रुपये तक किया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे चालू वर्ष में 5 लाख गोपालक परिवारों को एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। करीबन 33 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। अल्पआय, लघु सीमांत, बटाईदार किसानों, खेती और श्रमिकों के बच्चों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हालांकि सरकारी स्कूलों में आठवीं तक पढ़ाई और 12वीं तक किताबें पहले से फ्री दी जा रही है। 9वीं से 12वीं तक आंशिक फीस ही ली जा रही है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का नाम बदलकर अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना किया गया है। जिसमें कैंसर का डे केयर इलाज को भी शामिल किया गया है। हाईवे पर हादसों में जान बचाने के लिए 25 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सूर्योदय योजना की घोषणा की थी।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितिया 21:12 तक |
| नक्षत्र: | शतभिषा 17:33 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | परिघा, 10:33 |
| सूर्योदय: | 07:04 |
| सूर्यास्त: | 18:03 |
| चंद्रमा: | कुंभ राशि में |
| राहुकाल: | 16:41-18:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:13-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### है प्रदर्शन काल !

*रस्साकस्सी चल रही ।*
*किसको दें कमान ?*
*सबकी है प्रतिष्ठा ।*
*और सबका सम्मान ।।*
*अपनी-अपनी शक्ति का ।*
*है प्रदर्शन काल ।।*
*कौन कौन है एकजुट ।*
*है बड़ा सवाल ।।*
*खुल रही है कलई ।*
*छिड़ा घमासान ।।*
*सबकी इच्छा बलवती ।*
*छू लें आसमान ।।*
*है भविष्य के गर्भ में ।*
*होगा कब कमाल ?*
*है बड़ा दिलचस्प ।*
*गलनी किसकी दाल ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये,*
*वो सचमुच राधा और मीरा हो जाये।*
*जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,*
*वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।*
*तेरे भजनों का असर है ऐसा प्रभु,*
*जो सुन ले वह चारों धाम का हो जाए।*

*तुझे याद करें हर दुख दूर हो जाए,*
*प्रभु कुछ ऐसा वरदान हम पा जाएं।*
*तेरी लीला अपरंपार है कन्हैया कान्हा,*
*तेरे भजनों से ही हमारा जीवन सार हो जाए।*
*ऐसा जतन कुछ करो प्रभु इस भव संसार में,*
*तेरे दर्शन को कोई ना कभी तरस पाये।*
*अपने चरणों के रज में हमें दे दो जरा सा स्थान,*
*हमारे इस जीवन की नैया पार लग जाए।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आगे क्या हो रहा है, अगर आप आज खा सकते हैं, आज सूरज की रोशनी का आनंद ले सकते हैं*

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वैलेंटाइन डे पर खूबसूरत दिखने के लिए लगाएं घर पर बने फ्रूट फेस पैक, आएगा ग्लो

**वैलेंटाइन** वीक की शुरुआत हो चुकी है और इसी के साथ लोगों ने अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और अपने पार्टनर के साथ वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करने की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। इस खास दिन पर लोग खूबसूरत दिखने के लिए सैलून में कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेते हैं, जिनमें हजारों रुपए भी खर्च होते हैं। लेकिन अगर आप बिना केमिकल के इस्तेमाल के अपने चेहरे को नेचुरल ग्लो देना चाहते हैं तो अभी से घर में बने फ्रूट फेस पैक लगाना शुरू कर दें। फ्रूट्स से बने ये नेचुरल फेस पैक नमी को लॉक करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बना सकते हैं।

**फलों से फेस पैक कैसे बनाएं?:** वैलेंटाइन डे पर नेचुरल ग्लो पाने के लिए आप पके हुए अमरूद से फेस पैक तैयार कर सकते हैं। अमरूद से बना फेस पैक झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में सहायक साबित हो सकता है। फेस पैक बनाने के लिए आपको 1 चम्मच पके हुए अमरूद के पल्प में आधा चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करना होगा। इस पेस्ट को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट के बाद मसाज करते हुए ताजे पानी से साफ करें। अमरूद और शहद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करते हैं।



नेचुरल ग्लो के लिए केले और शहद का फेस पैक भी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। केले में मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को पोषण देते हैं और दाग-धब्बों को कम करने में सहायक होते हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच पके हुए केले का पल्प, आधा चम्मच शहद और 1 चम्मच दही चाहिए होगा। तीजों चीजों को साथ में मिलाकर फेस पैक का पेस्ट तैयार करें और इसे पूरे चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर पानी से साफ करें। विटामिन ष्ट से भरपूर कीवी का फेस पैक बनाने के लिए आपको, 1 चम्मच कीवी का पल्प, 1 चम्मच अमरूद का पल्प और 1 चम्मच दही चाहिए होगा। तीनों चीजों को साथ में मिक्स करके फेस पैक का पेस्ट तैयार करें और इसे पूरे चेहरे पर 15 मिनट लगाकर रखें और फिर ताजे पानी से साफ करें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिला-खिला नजर आएगा। स्ट्रॉबेरी और दही का फेस पैक बनाने के लिए आपको 2 स्ट्रॉबेरी को पीसकर पल्प तैयार करना होगा। स्ट्रॉबेरी के पल्प में 1 चम्मच दही और आधा चम्मच शहद मिलाकर फेस पैक तैयार करें और इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाकर रखें। समय पूरा होने पर फेस पैक साफ करें। स्ट्रॉबेरी में विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो त्वचा को निखारते हैं और दही में पोषक गुण होते हैं जो त्वचा को मॉइश्चराइजर रखते हैं। संतरे का फेस पैक स्किन को अंदर से साफ करने में सहायक साबित हो सकता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच संतरे के पल्प के साथ शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करना होगा। इस पेस्ट से चेहरे पर मसाज करें और फिर सूखने के बाद इसे पानी से साफ करें। संतरे के रस में विटामिन ष्ट की भरपूर मात्रा होती है, जो त्वचा को जवां रखने में सहायक है और दाग-धब्बे भी कम होते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# देश के विकास में एमएसएमई की अहम भूमिका



महेश वर्मा

**एमएसएमई उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है। उद्यमों द्वारा उत्पादित माल और सेवाएं विश्व बाजार में भारत की पहचान बनाते हैं, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होती है।**

**भारत** जैसे विकासशील देश में एमएसएमई सेक्टर को अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। एमएसएमई न सिर्फ रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण स्रोत है, बल्कि यह देश के औद्योगिक विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई सेक्टर की विशेषता इसका अनूठा लचीलापन और अनुकूलनशीलता है। यह विशेषता इसे आर्थिक उतार-चढ़ाव के दौरान भी स्थिर रखती है। एमएसएमई के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम व उद्यम मंत्री नारायण राणे ने इसके रास्ते में आने वाली बाधाओं की पहचान की और उनके उपाय तलाशे व लागू किए। इसके फलस्वरूप आज देश में एमएसएमई उद्योग ने एक लंबी छलांग लगाई। 2006 से एमएसएमई के स्थापना से लेकर 2021 तक जो विकास हुआ, उससे ज्यादा 2021 से 2023 के दौरान इस सेक्टर के प्रगति पथ को प्रशस्त करने का काम राणे के दूरदर्शी निर्णय ने किया है। एमएसएमई के अंतर्गत विशेष कर नए उद्यमी आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण सरकारी योजनाओं और बैंकों से कर्ज की सुविधाएं लेने में अक्षम थे। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ऐसे ही उद्यमियों की सहायता के लिए शुरू की गई। इस योजना के तहत नए उद्यमियों के अपना व्यवसाय शुरू करने या वर्तमान उद्यमियों के व्यवसाय के विस्तार के लिए बिना किसी गारंटी वित्तीय सहायता दी जाती है और क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज के अंतर्गत कोलेटरल-फ्री ऋण दिया जाता है। वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठाने से वंचित उद्यमियों के लिए 11 जनवरी 2023 को 'उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म' लॉन्च किया गया। पहले ही साल इस प्लेटफॉर्म पर सवा करोड़ से अधिक असंगठित क्षेत्र के सूक्ष्म उद्योगों के रजिस्ट्रेशन हुए और उन्हें ऋण लेने में आसानी हुई। एमएसएमई विभिन्न उद्योगों में विविधता लाते हैं और नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। इसके लिए अक्सर ये उद्यम नई तकनीक और व्यवसाय के नए मॉडल अपनाते हैं। इनका उद्योगों की समग्र प्रगति भारी योगदान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत खादी विकास और ग्रामोद्योग आयोग या केवीआईसी के माध्यम से लगभग 9 करोड़ रुपयों की लागत से कर्नाटक में सेंट्रल स्लिवर प्लांट शुरू किया गया। प्लांट का उद्देश्य है खादी संस्थानों की कच्चे माल की लागत कम करने में मदद करना और उत्पादक में 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करना। इसी के तहत महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट फॉर रूरल इंडस्ट्रियलाइजेशन या ग्रामीण औद्योगीकरण के लिए महात्मा संस्थान के पुनरुद्धार की भी योजना है। इस योजना के तहत महाराष्ट्र के वर्धा जिले में भी जल्द सिल्वर प्लांट शुरू किया जाएगा। ये प्लांट इन्क्यूबेशन सेंटर्स के रूप में शुरू किए जा रहे हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर्स का उद्देश्य नवीन विचारों और तकनीक को प्रोत्साहन देना है। एमएसएमई में खादी उद्योग पर ध्यान देने का विशेष कारण है। पिछले नौ साल में खादी का उत्पादन तीन गुना बढ़ा है। इसकी बिक्री 2014-2015 में महज 1170 करोड़ रुपये थी। खादी की बिक्री 2022-2023 में बढ़कर लगभग छह हजार करोड़ रुपे. हो गई है। आज हम अपनी जरूरतों के अलावा 20 से अधिक देशों को खादी उत्पाद निर्यात कर रहे हैं। आज यह व्यवसाय उत्पादन से जुड़े लाखों लोगों के अलावा भी कई लोगों की जीविका का साधन बन गया है, जिनमें डिजाइनर, निर्यातक, व्यापारी, और बैंक तक शामिल हैं। यहां तक कि हजारों सरकारी कर्मचारियों की नौकरी भी हथकरघा और खादी व्यापार की वजह से चल रही है। खादी के अलावा एमएसएमई सेक्टर के दूसरे उद्योगों की भी मदद की जा रही है। देश भर में 20 प्रौद्योगिकी केंद्र और 100 विस्तार केंद्र खोलने की योजना शुरू की गई है, जो उत्पादन सुविधाओं, जनशक्ति विकसित करने, परामर्श प्रदान करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के माध्यम से प्रतिस्पर्धी बढ़त विकसित करके मौजूदा और संभावित एमएसएमई का समर्थन दे रहे हैं। विश्व बैंक की सहायता से लगभग छह हजार करोड़ रुपये की आरएएमपी योजना शुरू की गई है। यह राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर डायरेक्ट मार्केट एक्सेस, ऋण उपलब्धता, संस्थानों को मजबूत कर एमएसएमई ईको सिस्टम के विकास में मददगार साबित हो रही है। एमएसएमई को ऋण का प्रवाह बढ़ाने के लिए क्रेडिट गारंटी योजना को और नया रूप दिया गया है। वार्षिक गारंटी शुल्क घटाकर 0.37 प्रतिशत कर दिया गया है और गारंटी की सीमा 2 करोड़ रुपये से बढ़ा कर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है।

**रोजगार सृजन के लिए प्राइम मिनिस्टर एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम में व्यापक बदलाव किए गए हैं। इसमें सेवा क्षेत्र के साथ एमएसएमई के अन्य प्रोजेक्ट भी शामिल किए गए हैं। इस योजना के माध्यम से अब तक लगभग नौ लाख उद्यमों को आर्थिक मदद देकर 72 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए गए हैं। वर्ष 22-23 में 2434 करोड़ रुपये वितरण का लक्ष्य था।**

# नोटिस के बाद होश फाख्ता हुए अवैध कब्जेदार और उनके संरक्षकों के

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

- बेखौफ सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करवाने में लगा सक्रिय भू माफिया का संगठित गिरोह
- बेशकीमती सरकारी भूखंडों पर कब्जे के बदले मोटी रकम वसूलने का हो रहा खेला
- दो दिन में अतिक्रमण हटाने के नोटिस चस्पा से भू-माफियाओं में मचा हड़कंप

**लखीमपुर-खीरी।** तहसील लखीमपुर क्षेत्र के श्रीनगर गांव स्थित सरकारी जमीनों पर बीते दिवस कुछ कब्जेदारो ने जबदस्त सेटिंग कर प्रधान व लेखपाल की सह पर दीवार झोपड़ी व पिलर बना लिया गया था अवैध कब्जे की सूचना व शिकायतों के आधार पर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह के नेतृत्व में लेखपाल, कानूनगो समेत राजस्व अमला मौके पर पहुंच कर जायजा लेते हुए दो दिन के अन्दर कब्जा हटाने की कई जगहों पर नोटिस चस्पा किया है शिकायतकर्ता ने बताया कि साधन संपन्न लोगों ने अपने ऊंचे रसूखदारों की पहुंच व धन-बल की दम पर प्रधान पुत्र व क्षेत्रीय लेखपाल को अपने खेमे में मिलाकर बेशकीमती सरकारी जमीनों पर बेहद आसानी से कब्जा कर लिया गया ईट व बालू सीमेंट,मजदूर, मिस्त्री प्रधान पुत्र रफीक पुत्र स्वर्गीय शहजाद ने दिया कुछ लोगों ने सोचा कि सरकारी योजना में कोई इमारत प्रधान जी बनवा रहे हैं फिलहाल ऐसे एक-दो नही अनगिनत



अवैध कब्जे के मामले हैं। समय-समय पर राजस्व विभाग अपने मनोरंजन के लिए इन फाइलों को बाहर निकालता रहता है कार्रवाई कुछ नहीं होती केवल कागजों पर खेल होता है। कई बार नोटिस देने के बाद भी मामला सेटल कर लिया जाता है। जानकारी मुताबिक राजस्व विभाग की टीम सरकारी जमीनो के अतिक्रमणकारियों को 08 जनवरी 2024 को नोटिस चस्पा किया सभी को दो दिन तक सरकारी जमीनो पर से अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है फिलहाल नोटिस मिलने के बाद भी दबंग अतिक्रमणकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया उल्टे प्रशासन को यह कहकर चुनौती भी देते रहे कि कौन अतिक्रमण हटाएगा सब सेटिंग गेटिंग हो गई है प्रधान व लेखपाल साहब सब नीचे से ऊपर तक समझ लेंगे आज तक क्षेत्र में किसी भी भूमाफिया को बेदखल करने की कार्रवाई करने का साहस प्रशासन नहीं कर सका है।जानकारी मुताबिक सभी कब्जाधारियो को नोटिस जारी किया गया जिसमें स्पष्ट निर्देश था की 10 फरवरी 2024 तक उक्त कब्जाधारक लोग सरकारी जमीन को खाली नहीं करते हैं तो प्रशासन द्वारा इन्हें बलपूर्वक हटाया जाएगा। साथ ही अतिक्रमण हटाने में जो भी खर्च आएगा वह अतिक्रमणकारियों से ही वसूला जाएगा रविवार को अतिक्रमण हटाने के लिए तिथि निर्धारित की गई है वहीं इधर सरकारी जमीन के अवैध कब्जा धारक ने सत्ता पक्ष के बल पाने विधिक दांव पेंच का खेल चालू कर दिया कहा से उम्मीद की किरण दिखाई दे चालू कर दे खेल।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ सम्पन्न

- बड़ी संख्या में बूथ कार्यकर्ता शामिल हुए

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



समाजवादी पार्टी के धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने मोहम्मदी में सिटी मैरिज पैलेस बरवर रोड स्थित में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बूथ कार्यकर्ता शामिल हुए, वही सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शपथ दिलाकर सत्ता को बदलने का आवाहन किया कि वे सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के लिये पूरी ताकत से लग जाये, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व मंत्री जयशंकर पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी विचारधारा एक ऐसी विचारधारा हैजो लोगो को जोड़ने का काम करती हैं वही भाजपा सरकार पर जमकर बरसे पूर्व मंत्री और उन्होंने ने कहा एकजुट होकर सभा प्रत्याशी को जितना है इसी क्रम में लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने बड़ी संख्या में आए बूथ पदाधिकारियों से कहा भाजपा जो केवल बेमानी करके चुनाव जीतने का काम करती है किसका जीता जागता उदाहरण बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी है, ऐसी पार्टी से बच के रहना, लोकतंत्र को खत्म करने के लिए अलग-अलग हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, आप मेरे बारे में बखूबी जानते और पहचनते भी है,आपका पडोसी हू, सदन में भी रहा हूं आपके बीच में भी रहा हूं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आपके बीच में प्रत्याशी बनाकर भेजा है विपक्ष में रहकर भी आप सभी के लिए जोरदार ढग से काम करने का काम लगातार करता रहा हूं 2024 महत्वपूर्ण चुनाव है सभी गिले शिकवे भूल कर एक जुटता के साथ चुनाव में जुट जाए देश संविधान से चलता है उसको बचाने की जरूरत है इस मौके पर विशिष्ट अथिति कृष्णा राज ,पूर्व एमएलसी शशांक यादव , जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव , अंसार महलूद, अनुराग पटेल, प्रवीण पटेल, प्रेम कनौजिया,दिलीप यादव,पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी कार्तिक तिवारी, क्रांति कुमार सिंह, मधुरसिंह सहित काफी संख्या में नेता और सैकडो की संख्या में लोगो ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारतीय जनता पार्टी गोला नगर की गांव चलो अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगरपालिका सभागार में भारतीय जनता पार्टी गोला नगर की बैठक मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में सम्पन्न हुई।मुख्य अतिथि ने गांव चलो अभियान की समीक्षा की तथा समय से सभी को अपना प्रभास पूर्ण करने का आहवान भी किया।पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह द्वारा सुरजन लाल वर्मा को सदस्य बनाए जाने पर



तथा पार्टी द्वारा शत्रोहन मिश्रा को पुन: अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा,भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन सुरजन लखल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अशोक सक्सेना, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार,जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा हरीश भारती, जिला मंत्री युवा मोर्चा पंकज बाजपेयी,अभियान संयोजक /नगर महामंत्री राजेश राठौर, अभियान सह संयोजक/नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, नगर मंत्रीसुनील शर्मा, विनोद कुमार वर्मा, सुमित भारद्वाज, राजीव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुमित्रा मिश्रा सहित शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड इकाई गोला में भूमि एवं बीज शोधन

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल गोला द्वारा बांकेगंज जोन के ग्राम पूरनपुर में बसंत कालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ प्रगतिशील कृषक उदय पाल सिंह जी के यहां यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन एवं वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें समीपवती कृषकगण मौजूद रहे। गन्ना प्रजाति सीओ 0118 रकबा 4



एकड़ ट्रेंच विधि द्वारा दो आंख के टुकड़े कर भूमि उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा तथा बीज उपचार हेतु प्रिज्म का प्रयोग किया गया। संजीव सिरोही वरिष्ठ प्रबंधक, सतनाम सिंह वरिष्ठ गन्ना अधिकारी गन्ना पर्यवेक्षक अंशुमन अवस्थी, शामिल रहे। यूनिट हेड श्री जादौन ने किसान भाईयो से अनुरोध किया बसंत कालीन बूआई का समय आ गया है किसान भाई को 0118 एवं 15023 गन्ने की बूआई अधिक से अधिक करें। किसान भाई किसी भी अस्वीकृत प्रजाति की गन्ने की बुआई कदापि न करें। उन्होंने किसान भाइयों से यह भी अनुरोध किया है कि वे अपना गन्ना चीनी मिल को ही आपूर्ति करे इधर-उधर डालने से बेसिक कोटा कम हो जाता है।

### शान्ति कमेटी की बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। ओयल नगर क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल में पत्रकारों और संभरान्त व्यक्तियों को बुलाकर एक बैठक आहूत की गयी इस बैठक में सी ओ सुबोध जायसवाल, थाना खीरी थानाध्यक्ष अजीत कुमार, नायब तहसीलदार, चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी, कानूनगो श्याम सुंदर रस्तोगी



मौजूद रहे। उक्त बैठक में आये हुए क्षेत्रीय प्रधानों सभासदो, चेयरमैन, सम्भरान्त व्यक्तियों से आस पास क्षेत्र की जानकारी साझा करने के साथ साथ सीओ सुबोध जायसवाल ने यह भी आग्रह किया कि उनके क्षेत्र में कोई भी वाद विवाद या पुलिस से संबंधित कोई जानकारी शिकायत है तो वह अपनी बात हम सभी से साझा करें। बैठक में कानून व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने के लिए सहयोग की अपील की। उक्त बैठक में प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह सोमवंशी,उमेश वर्मा, राकेश राज समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में जल भराव के कारण ग्रामीण परेशान



जन एक्सप्रेस/मिश्रिख/सीतापुर। जहां सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर गांव गांव साफ सफाई कराई जा रही है, वही मिश्रिख से सटा गांव नई बस्ती जहां लोग गंदगी के कारण नर्क की जिंदगी जीने को मजबूर हैं जिम्मेदार। स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं नई बस्ती ब्लाक मिश्रिख के ग्राम पंचायत जशरथपुर मे पड़ता है। आपको बता दें कि होली परिक्रमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं का यही डेरा पड़ता है। परिक्रमा के कुछ दिन ही बचे हैं लेकिन यहां कोई जिम्मेदार सुध तक नही ले रहा है। आपको बता दे ऐसे में नई बस्ती में पानी का निकास न होने के कारण जल भराव रोड पर हो रहा है, जिससे आए दिन स्कूल जाते समय बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं। गन्दा पानी जमा होने के कारण खतरनाक बीमारियों का जन्म हो रहा है ग्रामीण गंदगी मे नर्क की जिंदगी जी रहे हैं।

# युवराज दत्त महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी में संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ द्वारा खादी इण्डिया के लोक शिक्षण कार्यकम के अन्तर्गत युवराज दत्त महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। गाधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो का गायन छात्रा साक्षी अवस्थी तथा रघुपति राघव राजाराम का गायन छात्रा दिशा यादव द्वारा किया गया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति पत ने गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए खादी और ग्रामोद्योग से जुडे विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किये। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एव चीफ प्राक्टर प्रो सुभाष चन्द्रा ने गाधी जी के दार्शनिक विचार एवं खादी व कुटीर उद्योग के अन्तर सम्बन्धों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. सजय कुमार विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग ने महात्मा गांधी के राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक विचार रखते हुए वर्तमान समय में उसे प्रासंगिक बताया। डॉ डी एन मालपानी, विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने बताया कि प्रत्येक देश अपनी विशिष्टता के आधार पर उत्पादन करता है। भारत में प्रचुर मानव संसाधन को दृष्टिगत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग भविष्य में रोजगार सृजन एवं स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देंगे। मुख्य वक्ता डॉ नितेश धवन, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ ने छात्रों को खादी और ग्रामोद्योग द्वारा उपकम आरम्भ करने के लिये प्रेरित करते हुए खादी और ग्रामोद्योग की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में आयोग द्वारा प्रदत्त इंसेटिव व सब्सिडी के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि यदि कोई उद्यम या उपलब्ध आरम्भ करना चाहता है तो उनका विभाग सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। भारत के जनांकीय लाभास को देखते हुए आत्म निर्भर भारत के लिये गाधी जी व ग्रामोद्योग प्रासागिक हैं। कार्यकम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.सी. मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी जी केवल बौद्धिक संगोष्ठी का विषय नहीं है, गांधी जी तो गांव में बसते हैं। इसलिए हमे गांधीवादी विचारों को जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को वाह्यअन्तर शुद्धि, संतोष, संयम, स्वाध्याय के लिये प्रेरित किया अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने कहा कि गांधी जी के चरखा व स्वदेशी के विचार ने स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई गति प्रदान की, जिसमें गांव-गांव तक इस आंदोलन का प्रचार-प्रसार किया। वर्तमान समय में स्वावलंबन के लिये खादी और ग्रामोद्योग विभाग महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। इस अवसर पर आयोजित कुटीर उद्योग बनाम पूँजीप्रधान उद्योग वर्तमान परिदृष्यि में आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंशिका बातपेई प्रथम, लायबा अंसारी द्वितीय, कार्तिक तृतीय व यश वर्धन सांत्वना पुरुस्कार प्राप्त किया। इसी कम में निबन्ध प्रतियोगिता में शाजिया खान प्रथम, काव्या शुक्ला द्वितीय, दिव्या तृतीय व दिशा यादव को सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग विभाग द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गई। कार्यकम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सह निदेशक श्रीमती दिव्या श्रीवास्तव व श्री प्रशाक कुमार, श्री आलोक तथा महाविद्यालय के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# डीएम के निर्देश पर समस्त विद्यालयों में आपदा-बचाव हेतु हुआ प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जनपद सीतापुर द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न प्रकार के आपदाओं बचाव हेतु जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालयों के जागरूकता जिला अस्तित्व किए जाने हेतु जिला स्तरीय ग्रुप में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया किया समस्त बी0आर0सी0 में किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम की विशेषता जिला अधिकारी महोदय के निर्देशन में किया गया, जिसमें प्रत्येक नागरिक को प्रशिक्षित रहे सुरक्षित रहे हम सभी नागरिकों को बृजपाल सर्वप्रथम शीतलहर लोक सुरक्षा से बचाव आंधी तूफान भूकंप बाढ़ जैसी विभिन्न प्रकार से आपदाओं उपाय की जानकारी दी गयीं। आपदा के दौरान क्या करें क्या ना करें के बारे में बताया गया। इस मौके पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से जिला आपदा विशेषज्ञ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के मानसा के अनुरूप यहां से प्रसिद्धि प्राप्त करने के बाद इसी तरह से प्रशिक्षित कार्यक्रम का आयोजन अपने-अपने स्कूल के बच्चों आसपास के लोगों को तहसील ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति में बचाव सुरक्षा आदि की उपायों की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए, जिसे आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके और अपने जीवन को बचाया जा सके सरकार की योजनाओं का लाभ जागरूकता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

# विभिन्न जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई चिल्ड्रंस एकेडमी स्कूल की रैली

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर में शनिवार को प्रातः 11ः30 बजे से चिल्ड्रंस एकेडमी विद्यालय ने एक विशाल रैली का आयोजन किया गया द्यजिसमें विद्यालय के लगभग 600 विद्यार्थियों ने अति उत्साह एवं जोश के साथ सहभागिता निभाई किया। रैली नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर निकाली गई रैली में नगर पालिका की तरफ से रैली को चाय नाश्ता कराया गया। उसके बाद रैली बड़े चौराहे से होते हुए मोहम्मदी रोड राधेश्याम कोठी के पास समापन किया गया। उक्त रैली में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल (रिंकू), सुखवीर सिंह, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्रद्यधिकारी रमेश तिवारी प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने अपनी गरिमामय उपस्थिति के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया।रैली में पूर्णतः सुसज्जित स्कूल बैंड की मधुर ताल के साथ अनेक प्लाकार्ड्स पर सामाजिक जागरूकता हेतु विभिन्न स्लोगन प्रदर्शित करते हुए बच्चे कदम ताल मिलाते हुए चले।

रैली में सामाजिक संदेशों जैसे नारी सम्मान एवं सुरक्षा, प्रमुख सरकारी नीतियों का प्रचार जो समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करती हैं, मतदान जागरूकता, आदर्श विद्यार्थी के गुण एवं आचरण संबंधी स्लोगन पूरी रैली में छाए रहे तथा विद्यार्थी उससे संबंधित नारे भी लगाते रहे।

रैली की अगुआई विद्यालय के प्रबंधक सतीश गुप्ता एवं सविता गुप्ता के साथ विद्यालय संस्थापक सुशील गुप्ता (एडवोकेट) तथा डॉयरेक्टर अनुभव गुप्ता (एडवोकेट) ने की। रैली का प्रमुख मार्गों पर संचालन प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनन्द के साथ कालीचरण विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# दो सप्ताह से लापता अधेड़ का शव मिला तालाब में, पुलिस जांच में जुटी



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** दो सप्ताह से लापता अधेड़ का शव महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव के उत्तर स्थित एक तालाब में उतराता दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान उसके साथियों द्वारा करने के बाद पुलिस ने उसे पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के बाबूपुर गांव के उत्तर स्थित तालाब में शुक्रवार की शाम शव उतराता दिखाई दिया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। शव की पहचान रेलवे में मजदूरी कर रहे नंदलाल (45) पुत्र मुलाई निवासी ग्राम पतारकलां थाना लालागंज, जनपद मिर्जापुर के रूप में उसके साथियों द्वारा की गई। पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजने के साथ परिजनों को सूचना दी गयी। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि उक्त अधेड़ 27 जनवरी से लापता था, जिसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज थी। शव की पहचान उसके साथियों द्वारा कर ली गई है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक को ओवरटेक करते समय हुआ हादसा, बाइक सवार तीन लोगों की हुईं मौत, घर में छाया मातम

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



कोतवाली बिसवां अंतर्गत बिसवां सीतापुर मार्ग पर पी डब्लू डी गेस्ट हाउस के सामने ओवरटेक करते समय बाइक सवार पति पत्नी और सरहज की ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गयी। थाना ताल गांव इलाके के परसेंडी निवासी अवधेश 45 वर्ष, अपनी पत्नी संगीता 42 वर्ष, अपनी सरहज प्रियंका 38 वर्ष पत्नी कौशल किशोर निवासी सरैया माफी के साथ बिसवां दवा लेने आ रहे ।कि बिसवां कोतवाली इलाके के बिसवां सीतापुर मार्ग पर पी डब्ल्यू गेस्ट हाउस के सामने ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक चालक अनियंत्रित होकर ट्रक की चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही तीनो की दर्दनाक मौत हो गयी बताया जाता है कि अवधेश पहले अपनी रिश्ते की सरहज प्रियंका के घर सरैया माफी गया और वहा से उसे लेकर बाइक पर सवार होकर तीनो बिसवां के लिए दवा लेने निकले हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तत्काल कोतवाली पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाली पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही मे जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक फरार है अवधेश के 4 बच्चे जबकी प्रियंका 4 बच्चे है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में कासिमपुर थाना क्षेत्र के सरेहरी मेड़ौआ संपर्क मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक वाहन ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। कासिमपुर थाना क्षेत्र के तिलकखेड़ा मजरा बड़ागांव निवासी सत्यप्रकाश (42) गांव में रहकर खेती करते थे। शुक्रवार को वह अपनी बहन के गांव कछौना कोतवाली क्षेत्र धूरपुरा गए थे। बाइक से रात में वापस घर जा रहे थे। तभी सरेहरी मेड़ौआ मार्ग पर पलराई पुलिया के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देखकर ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर लखनऊ जा रहे थे, लेकिन काकोरी के पास ही उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष रामलखन ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# कैंपियरगंज वन रेंज में धड़ल्ले से हो रही पेड़ों की कटान

**✱ क्षेत्रीय वन रेंजर की मिलीभगत से वन माफिया की बल्ले-बल्ले**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पर्यावरण संरक्षण हेतु जहां भारत सरकार द्वारा हर साल अरबों रुपए खर्च कर देश के गांव गिरांव से लेकर सरकारी खाली पड़ी जमीन पर वृक्षारोपण कराया जा रहा है वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज वन रेंज में विभागीय जिम्मेदारों की मिलीभगत से वन माफियाओं द्वारा बेशकीमती पेड़ों में शुमार सागौन के सैकड़ों पेड़ों रात्रि प्रहर में काटा जा रहा है।

### बिना परमिट कीमती पेड़ों की हो रही कटान

हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस की टीम ने मामले के संबंध में क्षेत्रीय जनता से जानकारी ली तो ग्रामीणों ने बताया कि वन रेंज कैंपियरगंज में वन माफिया द्वारा जिला वन अधिकारी व क्षेत्रीय वन रेंजर की मिलीभगत से महीनों से बगैर परमिट तीन सौ अधिक सागौन के पेड़ों का अवैध रूप से कटान किया गया हैं।

### जिम्मेदारों की मेहरबानी से हो रहा अवैध कटान

बताते चलें कि कैंम्पियरगंज वन रेंज क्षेत्र के सोनौरा ग्राम सभा सोनपुरवा का हैं जहां बेखौफ वन माफिया बेशकीमती पेड़ों की अवैध लकड़ी कटान किया गया हैं। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार वन रेंज में हो रहे अवैध लकड़ी कटान रेन्जर और वन दरोगा के सह पर हुआ हैं वह अगर यह लकड़ी का परमिट बनता तो राजस्व विभाग में पैसा जाता लेकिन राजस्व की चोरी करा रहे हैं वन दरोगा और रेन्जर वहीं कैंम्पियरगंज रेंज की मिलीभगत से क्षेत्र में रात में भी अवैध लकड़ी का कटान का कारोबार अनवरत चल रहा हैं।

### डीएफओ ने नहीं रिसीव किया पत्रकार का फोन

वन रेंज में हो रहे अवैध रूप से पेड़ों के कटान के संबंध में डीएफओ विकास यादव से जानकारी लेने हेतु दर्जनों बार फोन किया परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।




## अधिशासी अधिकारी का हुआ बिदाई समारोह

**जन एक्सप्रेस/बरहज, देवरिया।** शनिवार को नगर पालिका सभागार मे निवर्तमान अधिशासी अधिकारी, चन्द्र कृष्ण पाण्डेय का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। बताते चलें कि शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल की अध्यक्षता व भाजपा नेता श्याम सुन्दर जायसवाल के द्वारा नगरपालिका सभागार में निवर्तमान अधिशासी अधिकारी चन्द्रकृष्ण पाण्डेय का भव्य विदाई किया गया। विदाई समारोह के दौरान चन्द्रकृष्ण पाण्डेय ने अपने साढ़े 4 साल की उपलब्धियां के बारे में कंठ मुक्त प्रशंसा करते हुए कर्मचारियों द्वारा किये गये सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट किया गया गया, जबकि श्यामसुन्दर जायसवाल ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पालिका के सभासद लव सोनकर, रतन सोनकर, सुदामा वर्मा, विकास मद्धेशिया, दीपक कनौजिया, सत्येंदर यादव आदि लोगों ने सप्रेम भेट देकर विदाई किया गया।

# विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दी गई दबिश 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के चौरी चौरा नगर में हो रही कच्ची शराब की तस्करी व बिक्री के की खबर को हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस द्वारा लखनऊ संस्करण के 7 फरवरी 2024 के अंक में पेज नंबर 8 पर **गोरखपुर जिले में अवैध शराब का धंधा जोरों पर** नामक शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया गया।

खबर का संज्ञान लेते हुए शनिवार को जिले की आबकारी विभाग की टीम ने कच्ची शराब कि अड्डों पर की छापेमारी कर भारी मात्रा में कच्ची शराब नष्ट किया।

बताते चलें कि गोरखपुर जिले के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के कई जगहों पर कच्ची शराब धड़ल्ले से बिक रही थी जो जन एक्सप्रेस संवाददाता द्वारा कैमरे में कैद कर लिया गया था।




गोरखपुर जिले में कच्ची शराब का धंधा जोरों पर

गोरखपुर आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक अर्पित शुक्ला द्वारा मय पुलिस फोर्स अवैध व कच्ची शराब बिक्री के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर शुक्रवार को दबिश दी गई। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर, ढोलाहा आदि विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही 5 सौ किलो लहन को नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सड़क किनारे न करें अतिक्रमण, यातायात पुलिस के बने सहयोगी: वीरबहादुर

जन एक्सप्रेस। उरई

शहर में यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सड़क किनारे बनाये गये पैदल फुटपाथ की आवश्यकता होती है। इसलिए पैदल फुटपाथ को अवरूद्ध न करें, जिससे कि पैदल राहगीरों को सड़क पर चलना पड़े और वाहन चालकों को परेशानियां उठानी पड़ें। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह पुलिस टीम के साथ लगातार अभियान चला रहे है।



पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। यातायात प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने बताया कि शहर में बिजली पावर हाउस क्षेत्र से सरदार बल्लभ पटेल चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा से राजमार्ग होते हुये घण्टाघर, माहिल तालाब और चूड़ी बजार होते हुये बजारिया रोड पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए प्रतिदिन यातायात विभाग द्वारा चिह्नित किये गये प्वाइंटों पर यातायात पुलिस कर्मी वाहन चालकों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पैदल राहगीरों के लिए सड़क किनारे बनाये गये पैदल फुटपाथ को भी अतिक्रमण मुक्त बनाये रखने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। यातायात प्रभारी ने दुकानदारों से अपील की है कि वह सामान को दुकान की हद तक ही रखें और फुटपाथ तक सामान न फैलायें। जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा हो सके। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन संचालित करने का आह्वान किया। कहा कि यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन चलायें और स्वयं भी सुरक्षित रहें और सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों को भी सुरक्षित रहने में योगदान दें।

## थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** शनिवार को जनपद देवरिया के समस्त थानो पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम मे जिला अधिकारी देवरिया व पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना गया। जहां पर 02 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा प्रार्थना पत्र में राजस्व व पुलिस की टीम का गठन कर समस्या के निस्तारण हेतु उचित दिशा निर्देश देते हुए मौके पर रवाना किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सपाईयों ने पीडीए व्यापारी जन पंचायत का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस। महोबा

समाजवादी व्यापार सभा द्वारा शहर के मिल्कीपुरा में जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव की अध्यक्षता मे तथा समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू के नेतृत्व में पीडीए व्यापारी जन पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे जिलाध्यक्ष सन्तोष साहू ने कहा पीडीए एक सच्चा लोकतांत्रिक जनबन्धन है जिसमें हमारे साथ जनता सीधे जुड़ रही है। पीडीए एक ऐसा जन आंदोलन है जिसमें पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन व अन्य सभी शामिल है। सच्चे लोकतंत्र की तरह इसकी दिशा नीचे से ऊपर की ओर है ये प्रभुत्वादी ताकतों द्वारा सबसे पीछे धकेल दिए गए समाज के उन वर्गों को आगे लाने का प्रयास है जो सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक पैमानों पर सदियों से वंचित और शोषित रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। समाज में नफरत फैल रही है। अल्पसंख्यकों का हर स्तर पर उत्पीड़न हो रहा है। किसान नौजवान ,महिलाएं, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक सभी त्रस्त हैं। शोषित पीड़ित, वंचित समाज के सभी लोगों को समाज में सम्मान और राजनीति में भागीदारी देने के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों और नेता मुलायम सिंह यादव के संघर्षो के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी समाजवाद, लोकतंत्र और पन्थनिर्पेक्षता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखती है। समाजवादी सरकार की अपनी उपलब्धियां हैं। समाजवादी पार्टी और पीडीए मिलकर जनविरोधी, शोषणकारी और सांप्रदायिक तत्वों को सत्ता से हटाने में आपके सहयोग और समर्थन का भरोसा चाहती है। व्यापारी जन पंचायत में व्यापारियों पर हो रहे अत्याचार से व्यापारी आहत है जिस तरह उत्तर प्रदेश में व्यापारियों से लूट हत्या, डकैती जैसे जघन्य अपराध हो रहे है जिससे व्यापारियों के अंदर सरकार के प्रति जनआक्रोश व्याप्त है इसका खामियाजा आम चुनाव में वर्तमान सरकार को भुगतना पड़ेगा। आज के इस पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कुम्भकर्ण यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रेम विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष तहीरुद्दीन सिद्दीकी, जिला सचिव जलील पठान, यस चैरसिया सोनू सभाषद, राजेन्द्र शक्ति सभाषद प्रतिनिधि, अर्पित यादव विधानसभा अध्यक्ष, अवधेश रैकवार विधानसभा उपाध्यक्ष, चैयरमेन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, रामराजा तिवारी, सलाम भाई, आशीष विश्वकर्मा प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा, विजय राज नगर अध्यक्ष व्यापार सभा आदि समाजवादी व्यापारीगण शामिल रहे।




## आयुक्त व उपमहानिरीक्षक ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी नें पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा अजय कुमार एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के साथ वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में पहुंचकर मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा इसी क्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक महोबा में मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त महोदय नें सम्बंधित अधिकारिओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा कहा कि जहाँ भी कोई छोटी सी भी कमी हो उसको तुरंत दुरुस्त कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बजट में गरीबों व अनुसूचित जाति का नहीं रखा गया ध्यान: कुलदीप

जन एक्सप्रेस। उरई

बुंदेलखंड दलित अधिकार की बैठक एक गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश सरकार के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा पेश किए गए बजट में दलित, गरीबों के लिए कुछ नहीं रखा गया है। इससे बजट सिर्फ छलावा भर रहा है।

बैठक में संयोजक कुलदीप कुमार बौद्ध ने कहा कि विधानसभा में पेश किए गए बजट में अनुसूचित जाति के लिए कुछ नहीं दिया गया है। साथ ही इतना भारी भरकम बजट पेश करने के बाद भी गरीबों को कुछ राहत नहीं दी गई है। इस साल बजट में 54 टारगेटि स्कीमें अच्छी हैं जो सीधे तौर पर अनुसूचित जाति को लाभ पहुंचाती हैं। लेकिन उसमें कुछ स्कीमों में बजट बहुत ही कम दिया गया है। जैसे ही मानवाधिकार हनन के प्रकरण, स्कालरशिप व छात्रावास स्कीम से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में गरीबों का कोई हित नहीं किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार न मिलने से वह मारे मारे घूम रहे हैं। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में मास्टर प्लान बनाकर काम कराया जाना चाहिए। जिससे सूखा व दैवीय आपदाओं से लोगों को राहत मिल सके। मजदूरों का पलायन रोकने के लिए भी नीति बननी चाहिए। इस दौरान मधु अनुरागी, नत्थी चौधरी, सत्यवान, सचिन चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।




## सरयू में हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई

**जन एक्सप्रेस/बरहज, देवरिया।** मौनी अमावस्या के पर्व पर शुक्रवार को सरयू घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाई और स्नान के बाद गरीबों में तिल व चावल का दान कर पुण्य अर्जित किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है?। अगर किसी कारण से गंगा स्नान संभव न हो तो आस पास के पवित्र नदियों सरोवरों में भी स्नान का विधान है?। शुक्रवार को मौनी अमावस्या के पर्व पर बरहज स्थित सरयू तट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। यहां सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ता गया स्नानार्थियों की संख्या भी बढ़ती गई।सरयू स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घाट के पंडों को तिल, चावल और मुद्रा का दान करके पुण्य अर्जित किया। स्नान करने वालों में महिलाएं बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल रहे।

# उतरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की लार बीआरसी पर हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। लार, देवरिया

परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शनिवार को बीआरसी लार पर शिक्षकों ने बैठक कर आगे की रणनीति बनाई गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ गोविंद मिश्रा ने कहा कि विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति शुरू करने के नाम पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के आदेश कर दिए हैं, मगर शिक्षकों पर अपनी आईडी पर सिमकार्ड खरीदकर रिचार्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है।

बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने से बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन हो सकता है, जिसके लिए भी शिक्षकों को ही जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या होने के कारण शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रदेश में शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने के बजाए नई-नई व्यवस्था लागू कर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है।

महामंत्री राजकपूर ने कहा कि प्रदेश में आठ साल से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई है और 15 वर्षों से वेतन की विसंगति को दूर नहीं किया गया है।

उन्होंने सभी संसाधन उपलब्ध न कराने और शिक्षको की समस्याओं का समाधान न होने तक आदेश का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

उन्होंने निजी मोबाइल में अपलोड कराए गए विभाग के सभी एप को अनइंस्टॉल करने की चेतावनी दी। बैठक में शिक्षको ने प्राथमिक शिक्षक संघ की सदस्यता ली संघठन के उपाध्यक्ष अरुण तिवारी ने सभी शिक्षकों को संगठन का शैक्षणिक कैलेंडर दिया।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, अफरोज, नंद लाल, संतोष ठाकुर, सीमा गुप्ता, प्रमिला पांडेय, अंबुज तिवारी, प्रियांशु तिवारी, कन्हैया पांडेय, अभय मिश्रा, देवेंद्र शिक्षक और शिक्षिकाए मौजूद रही।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम, हॉट बैलून, योगा व वॉटर स्पोर्ट्स का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। महोबा

पर्यटन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार से आयोजित होने वाले दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में शुक्रवार की शाम मोदी ग्राउंड में साढ़े 5 से साढे 8 तक टेथर्ड फ्लाइट का आयोजन किया गया तथा डाक बंगला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष महोबा डॉ संतोष चैरसिया, अध्यक्ष हमीरपुर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह नें दीप प्रज्वलित कर किया। शाम साढ़े 5 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नवल किशोर और उनकी टीम नें बधाई लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान मनीषा यादव लखनऊ की बुंदेली लोक विधाओं व रामरथ पांडेय रायबरेली आल्हा गायन की प्रस्तुति हुई। बॉलीवुड सिंगर ऐश्वर्या पंडित नें भी अपनी प्रस्तुतियां दी। आज हॉट एयर बैलून के माध्यम से 400 मीटर ऊंचाई से अपने शहर का नजारा देखने को मिला। बुंदेलखंड महोत्सव के तहत शहर के मोदी ग्राउंड में सुबह साढ़े 6 बजे से हॉट बैलून की व्यवस्था की गयी। शहर के कीरत सागर में सुबह साढ़े 7 से साढे 8 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया गया तथा साढ़े 9 से साढे 10 बजे तक रहेलिया स्थित सूर्य मंदिर और मदन सागर स्थित खकरामठ में हैरीटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसके बाद साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक कीरत सागर के बोट क्लब में वॉटर स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। आज 10 फरवरी को डाक बंगला मैदान में रात साढ़े 8 बजें फायर क्रैकर्स शो का आयोजन किया जाएगा तथा स्वरिज्म बैंड व अल्तमश म्यूजिकल बैंड के कलाकार प्रस्तुति देंगे। कामना बिष्ठ लखनऊ, मोहिनी ललितपुर, रूपेश मिश्रा मुंबई भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।




## छात्रा ने मामा के घर फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पाठकपुरा में मामा के घर छात्रा ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरी नोरेजपुर निवासी रामसागर उर्फ भूरे की 15 वर्षीय पुत्री शीलू सविता उर्फ गुनगुन कक्षा 9 की छात्रा थी। जो बीते 1 वर्ष से शहर के मोहल्ला नया पाठकपुर निवासी अपने मामा के घर रहकर एसआर इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी।

जिसने अज्ञात कारणों के चलते मामा के घर ही कमरे में फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे भांजी के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने सूचना उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतक छात्र की मां ममता देवी ने बताया कि वह चार बहनों में सबसे बड़ी थी। उसने फांसी लगाकर मौत को क्यों गले लगाया।

**अन्ना मवेशी खुद के साथ दूसरों के लिए बन रहे काल**

# नगर व क्षेत्र में खुले आम घूम रहे अन्ना गौवंश

जन एक्सप्रेस। कालपी

शासन व प्रशासन गौ वंशों के मामले में भले ही संवेदनशीलता बरत रही है, लेकिन शासकीय निर्देशों के वावजूद गौवंशों के हाल ठीक नहीं है। आलम यह है कि नगर व क्षेत्र में खुलेआम अन्ना गौवंश घूमते नजर आते हैं। प्रशासन गौवंश के संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत स्तर व नगर पालिका, नगर पंचायत स्तरों पर गौशालाए संचालित कर रहा है। लेकिन जहां उनके खाने पीने के इंतजाम के साथ सर्दी से बचाव, इलाज आदि के भी उपाय किये गये हैं। लेकिन इस व्यवस्था के वावजूद अभी भी गौवंशों के झुण्ड खेतों, सडकों, सार्वजनिक स्थानों के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों पर घूमते मिल जाएगे। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों की चपेट में आकर दर्जनों अन्ना गौवंशों की मृत्यु हो जाती है। जिसकी हकीकत का अंदाज़ा विचरण कर रहे गौवंशों को देखकर लगाया जा सकता है।



### नगर में गौशाला संचालित होने के बाद भी नहीं सुधरा गोवंशों का हाल

**कालपी।** नगर में संचालित आलमपुर गौशाला की बात की जाए तो सूत्र बताते हैं कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा संचालित आलमपुर गौशाला में लगभग गौवंश रजिस्टर में दर्ज गोवंशों पर प्रतिमाह मोटा खर्च हो रहा है। लेकिन इसके बाबजूद नगर में खुलेआम टैग लगे गोवंश सड़कों पर विचरण करते दिखाई दे रहे हैं। जबकि कई अन्ना गौवंश जोल्हूपुर से आलमपुर बाईपास के बीच हाईवे पर आ जाने से दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं लेकिन फिर भी नगर पालिका के प्रशासन के द्वारा इन गौवंशों के अन्ना विचरण पर लगाम नहीं लगायी जा रही है। और ना ही उनको पकड़कर गौशाला में बंद किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि आलमपुर गौशाला में दर्ज गायों की संख्या के अतिरिक्त भी दर्जनों गायों की टैगिंग है, ऐसा इसलिए ताकि किसी अफसर का निरीक्षण हो तो गौवंशों की संख्या का कोरम पूरा किया जा सके।

### अन्ना मवेशी खुद के साथ दूसरों के लिए बन रहे काल

**कालपी।** अन्ना मवेशियों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। ज्ञात हो बीती 5 जुलाई को आटा थाना क्षेत्र कानपुर झांसी नेशनल हाईवे पर देर रात तीन छात्र कानपुर से पेपर देकर लोट रहे थे। तभी अन्ना मवेशी आ जाने से उरई निवासी धर्मेंद्र 18, कृष्णकांत 17, सत्यम पाल 16 घायल हो गए थे। वहीं कालपी के स्टेशन रोड पर बीते दिन शुक्रवार को अन्ना मवेशियों ने स्थानीय प्रेम कुमार कुमार को बुरी तरह जख्मी कर दिया था। ऐसे अनगिनत मामले प्रकाश में आते रहते हैं। लेकिन जिम्मेदारों पर इसका कोई खासा प्रभाव नहीं होता।

आंकड़ों के अनुसार कदौरा ब्लॉक में 36608 गौवंश, महेवा ब्लॉक में 22472 गौवंश संरक्षित हैं। उसके बाद भी नगर व क्षेत्र में जगह-जगह अन्ना मवेशी विचरण करते हैं।

# अपना दल (एस) के सदस्यता कैंप में उमड़ी भारी भीड़

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया गया है। तमाम दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। एनडीए में सहयोगी अपना दल एस की ओर से भी तैयारियों को शुरू किया गया है इसी क्रम में अयोध्या जनपद के गोसाईगंज विधानसभा के रामगंज में सदस्यता कैम्प/ मासिक बैठक आयोजित की गई । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम नयन पटेल मौजूद रहे आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपना दल एस ही पिछड़ों की असली पार्टी है।वही अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेंगी तथा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटे एनडीए गठबंधन ही जीतेगा। आपको बताते चलें कि अयोध्या जनपद की गोसाईगंज विधान सभा अम्बेडकरनगर लोक सभा क्षेत्र में आती है। यहां से समाजवादी पार्टी ने लालजी वर्मा को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है ऐसे में उनकी सजातीय कुर्मी बिरादरी के लोगों का भारी तादाद में अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण करना सपा के लिए करारा झटका माना जा रहा है। सदस्यता कार्यक्रम को आयोजित करने वाले में विधान सभा अध्यक्ष गौतम पटेल और डाश राम सजीवन वर्मा मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया गया। मासिक बैठक में एक दर्जन से अधिक लोगों को पार्टी में नई जिम्मेदारी सौंपी गई कार्यक्रम का संचालन घनश्याम पटेल द्वारा किया गया। आयोजित सभा को अंजनी मौर्य, जिलाध्यक्ष अयोध्या के डी वर्मा, जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर फूल चंद्र पटेल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मदन मौर्या, राजेन्द्र पटेल, नरेंद्र वर्मा, राघवेंद्र सिंह, राम जी वर्मा,रणविजय पटेल, मिथिलेश कौशल, हिमांशु गुप्ता नदीम खान, गुड्डू जैसवाल, विक्की पटेल, अभिषेक राजभर, मुस्तफा खान, विकास जायसवाल, रवि गुप्ता, बबलू खान, एजाज अहमद, राजू यादव, संतराम मांझी, राजदेव सोनकर सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक डाश राम सजीवन वर्मा ने आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

## उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल एवं विधान मण्डल के सदस्य आज करेगें श्री रामलला का दर्शन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र चल रहा है तथा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी एवं विधान सभा अध्यक्ष के पहल पर उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा 11 फरवरी 2024 को अयोध्या भ्रमण है, जिसमें श्री रामलला विराजमान मंदिर दर्शन पूजन शामिल है। इस क्रम में मुख्यमंत्री की 11 फरवरी को दोपहर के आसपास अयोध्या एयरपोर्ट पर आ रहे है उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगियों के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी रहेंगे। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री योगी एवं विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा विधान भवन लखनऊ के सामने से 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से मंत्रिमंडल के मंत्री गणों एवं विधान मण्डल के सदस्यों को लेकर 10 लग्जरी बस रवाना होगी। इसकी व्यवस्था परिवहन मंत्री द्वारा विशेष रूप से की गयी है तथा उन बसों में राम धुन भी बजेगा। यह जानकारी लखनऊ से प्राप्त सूचना के आधार पर दी जा रही है।

# समाजशास्त्र विभाग द्वारा विद्वत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शनिवार को विद्वत व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक और कानूनी संभावना विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को एमएलके पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान का शुभारंभ मुख्य वक्ता अपर जिला जज व विशेष जज एससी एसटी एक्ट विनोद कुमार, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह व विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत में महिलाओं को लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करने और कानून के तहत समान सुरक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है। संविधान महिलाओं के संचयी सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक नुकसानों को समाप्त करने के लिए महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव के उपायों को अपनाने के लिए राज्य को अधिकृत भी करता है। उन्होंने महिलाओं से संबंधित कई उदाहरण देते हुए उपयोगी कानूनी जानकारी दी। प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने विद्यार्थियों को शुभाशीष देते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया वहीं ओमप्रकाश सिंह ने आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ वंदना सिंह, डॉ दिनेश त्रिपाठी, सीमा पाण्डेय, मणिका मिश्र, मधुमिता सिंह व अर्चना पांडे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिला हितों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो के बारे में महिलाओं से किया गया संवाद

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने नगर निगम के तिलक हॉल में स्वंय सेवी संस्थाओं, स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सरकार द्वारा महिला हितों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो के बारे में महिलाओं से संवाद किया गया। कार्यक्रम में जिपंअ रोली सिंह ने कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रह कर मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभान्वित किया है। महिलाओं सुरक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनानें के लिए सरकारी ने अनेक योजनाएं दी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुन सरकार बनाना है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए हम सभी को कार्य करना है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में 12 फरवरी को स्वंय सहायता समूह तथा एनजीओं की महिलाओं को पार्टी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज की उन महिलाओं तक पहुंचने का अभियान जो लगातार समाजिक कार्यों से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं है। महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने कहा कि महिलाएं नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम में महिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, महामंत्री प्रतिमा शुक्ला, बसंती सिंह यमुनोत्री केसरवानी, रामकुमार सिंह राजू, अभियान के जिला प्रभारी राधेश्याम त्यागी, प्रतीक श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता, अनीता सिंह, नीलम जायसवाल, पुष्पा मिश्रा, सावित्री गुप्ता, सीता सिंह, सीमा तिवारी, गीता शुक्ला, अनीता द्विवेदी, माया सिंह, वंदना सिंह, नेहा तिवारी सहित सैकड़ो एनजीओ तथा स्वंय सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं

# पुरस्कार वितरण समारोह एवं वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर







जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार की शाम वार्षिक उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया । जानकारी के अनुसार नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, कोषाध्यक्षा मीता तिवारी, सह निदेशक इं0 आकाश तिवारी, संस्था के अध्यक्ष डा0 पी0एन0 तिवारी ने आये हुए अथितियों का स्वागत किया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे एल0पी0 उपाध्याय कमांडेंट, 50वीं बटालियन, एस0एस0बी0 बलरामपुर, एवं वार्षिकोत्सव सांस्कृति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविन्द राम जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर ने माँ सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर किया। पुरस्कार वितरण समारोह के सम्मानित अतिथितियों में इस्पेक्टर पी0एस0 पाठक 50वीं बटालियन, एसएसबी, रमेश शुक्ला विभागाध्यक्ष अंग्रेंजी एमएलके पीजी कालेज जे0पी0 तिवारी एसो0 प्रोफे0 जीव विज्ञान विभाग, एमएलके पीजी कालेज लवकुश पाण्डेय एसो0 प्रोफेसर गणित एमएलके कालेज, बलरामपुर, डॉ0 राजीव रंजन विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, स्वीप कोर्डिनेटर, नोडल अधिकारी एन0एस0एस0 बलरामपुर-श्रावस्ती, डा0 सदगुरू प्रकाश एसो0 प्रोफ0 वनस्पति विज्ञान बलरामपुर, डा0 देवश चन्द्र श्रीवास्तव, राजेश्वर मिश्रा समाजसेवी, डा0 शिवानंद विभागाध्यक्ष इकोनोमिक्स, विद्यालय के सलाहकार सुबीर श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, बलरामपुर का विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं विद्यालय के अध्यक्ष डा0 पी0एन0 तिवारी ने बुके देकर व बैज लगाकर स्वागत व अभिनन्दन किया।

**प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए निर्देश**

# पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में की जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर




जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा थाना कोतवाली अकबरपुर पर समाधान दिवस पर क्षेत्राधिकारी गण एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा जमीन सम्बंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने सर्किल के थानों पर एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर आज 10 फरवरी शनिवार को बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज, मया अयोध्या में सभी बच्चों को खिलाई गयी एल्बेंडाजाल कृमि नाशक दवा।और बच्चों को पेट के कीड़े के बारे में बताया गया की कृमि नाशक एलबेंडाजाल 6 महीने में एक बार जरूर खाना चाहिये। नहीं तो पेट के कीड़े लीवर पर अटैक कर देते हैं।लेकिन एल्बेंडाजाल की गोली को चबाकर ही खाना चहिये।

प्रभारी प्रधानाचार्य एम.ए. इदरीशी ने सभी बच्चों को एल्बेंडाजाल कृमि नाशक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक मास्टर राहत अली सलमानी, चन्द्रशेखर इण्टर कॉलेज गौहनियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा, अखिलेश गौड़, रुख्सार बानों, सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकायें एवं बच्चे मौजूद रहें।

# निर्दयता से कराए गए प्रसव से पैदा नवजात की मौत पर हंगामा, नर्स के खिलाफ लापरवाही करने का मुकदमा दर्ज करने की मांग

**पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



सीएचसी मसौधा पर स्टाफ नर्स की ओर से निर्दयता के साथ किए गए प्रसव का मामला एकबार फिर से गरमा गया है।लापरवाही के साथ सीजर के स्थान पर जबरदस्ती कर दिए गए साधारण प्रसव से पैदा हुए नवजात शिशु की शनिवार को एक निजी अस्पताल मे मौत हो गई।जिसे लेकर रोते बिलखते परिजनों ने जमकर हंगामा किया।बाद मे पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनो को कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया व नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घटनाक्रम के अनुसार नगर के कौशलपुरी कालोनी निवासी रामपुकारे का आरोप है कि उसने अपनी पत्नी स्वाती यादव को तीन जनवरी को सीएचसी मसौधा मे प्रसव के लिए भर्ती कराया था।वहां संविदा की स्टाफ नर्स अंकिता वर्मा ने प्रसव कराने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की।

मैने सात हजार रुपए दे दिए शेप बाद मे देने का आश्वासन दिया।मैने यह भी बताया कि बच्चा मां के पेट में उल्टा है।आपरेशन करना पडेगा फिर भी नर्स ने जबरदस्ती क्रूरता के साथ प्रसव कर दिया।जिससे बच्चे की जांघ की हड्डी टूट गयी।मेरी पत्नी व शिशु की हालत गंभीर हो गई तब हमें निजी अस्पताल मे भर्ती कराना पडा।उसने कहा कि नर्स ने मेरे खिलाफ फर्जी रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज करा दिया।मैने जब बच्चा पैदा हुआ था उसी समय एक शिकायती पत्र चिकित्सा अधीक्षक को दिया था जिस पर उसके खिलाफ जांच प्रारंभ हो गई। जांच टीम ने भी प्रसव मे लापरवाही की बात मानी है।जांच रिपोर्ट सीएमओ के पास भेजी गई है।

पीड़ित पिता ने सीओ शैलेंद्र कुमार सिंह को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

सीओ शैलेन्द्र सिंह ने कहा नवजात की लाश को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया।

# डिप्टी सीएम का आदेश नहीं मानते डॉक्टर, अयोध्या धाम चिकित्सालय बना दलालों का अड्डा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आदेशों की राजकीय चिकित्सालय श्री राम अस्पताल में उड़ रही धज्जियां, रामनगरी को विश्वस्तरीय शहर बनाने का दावा जोर-शोर से किया जा रहा है।

विकास के दावों के बीच राजकीय चिकित्सालय श्री राम अस्पताल से संवेदनहीनता और अव्यवस्था की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने इन दावों की पोल खोलकर रख दी है।

मरीज डॉक्टर तक पहुंचे इससे पहले, दलाल लिख देते हैं बाहर की जांच चिकित्सालय में हो रही है अबैध वसूली डॉक्टरो द्वारा लिखी जाती है महगी दवाईयों और इंजेक्शन प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र की दवाइयों को कारगर दवा नहीं मानते डॉक्टर अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे अस्पताल में मौजूद दलालों एवं बाहरी व्यक्तियों द्वारा अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों को व मरीज को डॉक्टर तक पहुंचे से पहले ही बाहर की जांच एवं ट्रीटमेंटदलाल लिख देते हैं और बाहर से जांच करवा कर रिपोर्ट लाकर दिखाने को कहते हैं यहां तक की डायग्नोस्टिक सेंटरों को फोन कॉल करके मरीज का नाम लिखवा देते हैं और मरीज को प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटरों तक ले जाकर पहुंचा भी देते हैं इसी प्रकार का एक मामला आज श्री राम अस्पताल के नौ नंबर कमरे के सामने खड़े दलाल शाहिद कुमार के द्वारा एक मरीज प्रेम कुमार नवाबगंज निवासी के तीमारदार अजय कुमार यादव को प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर भेजने का मामला प्रकाश में आया सुनिए अजय कुमार यादव की जुबानी।



# मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बीकापुर- अयोध्या

कोतवाली क्षेत्र के हृदयीपुर गांव में मिशन शक्ति योजना के तहत महिलाओं को एकत्रित कर कोतवाली की महिला कांस्टेबल गरिमा पांडेय, सुमन यादव, किरण लता एवं साथ में सिपाही ओमप्रकाश और मनोरंजन तिवारी आदि ने उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से बताती हुई महिला कांस्टेबल गरिमा पांडेय ने कहा कि सरकार से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए तरह-तरह की योजनाएं चल रही हैं, जिसमें निराश्रित महिला पेंशन योजना स्वयं सहायता समूह के चयन के क्या मापदंड होना चाहिए।

इसके संदर्भ में भी श्री पांडेय ने विस्तार से महिलाओं को बताते हुए कहा कि समूह के सदस्यों की संख्या 10 से 20 होनी चाहिए आंतरिक बचत समूह का मूल उद्देश्य होना बताते हुए महिला कांस्टेबल श्री पांडेय ने स्वयं सहायता समूह के चयन एवं महिलाओं को उन्नत खेती, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प गांव में उद्योग आदि तरह-तरह की योजनाओं पर सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग को विस्तार से बताया है। सुमन यादव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गरीब बेटियों के हाथ पीला करने उनकी पात्रता उन्हें मिलने वाले अनुदान राशि एवं आवेदन के संदर्भ में विस्तार से बताया है। किरण लता ने महिलाओं को मिशन शक्ति को बढ़ावा देने महिला अपराधों पर त्वरित कार्यवाही के लिए प्रभावी योजनाओं को अलग-अलग वेबसाइट और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए तमाम हेल्पलाइनों के मामले में बताया है। इस तरह से महिलाओं के मिशन शक्ति बढ़ावा देते हुए सरकार द्वारा आयोजित तरह-तरह की महिला- बालिका की को मिलने वाली सरकारी योजनाओं के लाभ को विस्तार से बताते हुए निर्भीक जीवन व्यतीत करने पर अपने विचार व्यक्त किया है।

# गल्ला मंडी मोबाइल शॉप में हुई चोरियों की घटनाओं का पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा

**सुनगढ़ी पुलिस एसओजी की टीम ने तीन शातिर चोरों को माल हथियार सहित दबोचा**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






कुछ दिन पूर्व जनपद में हुई चोरियों का पुलिस अधीक्षक ने आज पत्रकारों के समक्ष खुलासा किया। बताते चलेगी जनपद के सुनगढी थाना क्षेत्र में व्यापारियों के यहां हुई चोरियां सुनगढी पुलिस के गले की हडडी बन गई थी। जिससे कि लगातार कोशिशो के बाबजूद भी पुलिस को व्यापारियों के कोपभाजन का शिकार होना पड रहा था।

जिससे कि सुनगढी पुलिस ने अधिकारियों के मार्गदर्षन में तथा एसओजी की मदद से तीनों शातिर चोरों को मय माल और हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। चोरियों के खुलासे के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। थाना सुनगढी पुलिस को सूचना मिली की दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन चोर नगर के अंदर प्रवेश कर रहे है। जिस पर सुनगढी व कोतवाली पुलिस तुरंत ही हरकत में आ गई और ईदगाह रेलवे फाटर पर नाकाबंदी कर दी गई। जब दो बाइक सवार तीनों युवको को पकडा गया तो तीनों के पास से मोबाइल की दुकान से चोरी किए गऐ 24 कीमती फोन और बीस हजार रूपये नकद व चोरी द्वारा कमाये गये पैसों से खरीदे आईफोन मोबाइल व तमंचे और कारतूस भी बरामद हुये। पूछताछ में युवकों ने बताया कि वह लोग जयपुर में कमरा लेकर रहते हैं। और केवल चोरी करने के लिए ही पीलीभीत आते है। और रैकी कर चोरी करके वापस जयपुर चले जाते है। पुलिस ने चोरी की दोनों बाइकें और मोबाइल और मोबाइल के एसेसिरीज बरामद करने के बाद जब सख्ती से पूछताछ की गई तो चोरों ने बताया कि आठ फोन उन्होने बरेली मे किसी को बेचने के लिए दिए है। पुलिस उनको भी बरामद करने का प्रयास कर रही है। गिरोह का सरगना कासिम उर्फ बब्लू बताया जा रहा है। गिरफतार युवकों ने अपना नाम जैनूल पुत्र सगीर अहमद 19 निवासी अब्दुल रहीम थाना न्यूरिया कासिम उर्फ बब्लू पुत्र जान मोहम्मद 18 निवासी ग्राम चिडियादाह थाना सुनगढी तथा शुभम भारती पुत्र रघुवीर भारती 20 निवासी ग्राम शांति विहार कालोनी थाना सुभाष नगर बरेली बताया। तीनों ने बताया हम तीनों लोग एक साथ बच्चा जेल में भी रहे थे। वही से हम लोगों की दोस्ती की षुरूआत हो गई थी। उसके बाद जेल से निकल कर हम तीनों ने चोरियां करनी शुरू कर दी। चोरी से पहले तीनों चोरी करने वाली जगह की रेकी करते थे। उसके बाद रात्रि में आकर शुभम और कासिम घटना वाली जगह के आसपास रहते थे। और जैनूल नकब लगाकर दुकानों से पैसा सामान आदि समेट कर निकल आता था। क्यों कि जैनूल छोटी से जगह से भी निकल जाता है इसलिए उसको दुकान के अंदर घुसने के लिए ज्यादा बडा नकब नही लगाना पडता। चोरों ने बताया कि इससे पहले भी जिलें में कई वारदातें कर चुके है। कल तो चोरी किए मोबाइल बरेली में बेचने जा रहे थे। कि पुलिस ने पकड लिया। एसपी अतुल षर्मा ने बताया कि तीनों षातिर चोर है और विभिन्न थानों में इनके खिलाफ दर्जनों मुकदमें दर्ज है। इसके लिए इन पर गैगस्टर की कार्यवाही की जा रही है। पूछने पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन के परिवार के लोगों का कोई अपराधिक इतिहास अभी सामने नही आया है। उसकी जांच कराई जा रही है। यदि परिवार का भी कोई अपराधिक इतिहास सामने आता है तो आगे की कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी। सुनगढी एसओ संजीव शुक्ला की व्यापारियों और जनता में भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। क्योकिं सुनगढी में हाल ही में हुई एक महिला से पर्स छीनने की घटना का भी बहुत ही जल्द सुनगढी पुलिस ने खुलासा कर दिया तथा इस बडी घटना का भी खुलासा करने में कोई कसर न छोडते हुए आखिर में आरोपियों को जेल भेजने मे सफल रहे। संजीव शुक्ला अपने अच्छे चरित्र और व्यवहार के जाने जाते है। जो कि हर फरियादी की समस्या को ध्यान से सुनने के बाद उसका निराकरण भी करते है। सफल अनावरण में सुनगढी निरीक्षक संजीव शुक्ला, सौरभ कुमार, अजीत सिसौदिया, उमेद यादव, सुमित राठी,शिवम बालियान, रमाकान्त आषु यादव तथा विनय शामिल रहे।

# पति-पत्नी के विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, बरेली ले जाते समय रास्ते में हुई मौत



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पति-पत्नी के विवाद में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल प्रभाव से बरेली रेफर कर दिया। देर शाम युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस विभाग में हड़कप मचा हुआ है। थाना जहानाबाद क्षेत्र की एक युवती से नौगवा पकड़िया के रहने वाले प्रदीप कुमार ने करीब ढाई महापूर्व प्रेम प्रसंग के चलते शादी रचाई थी। प्रदीप कुमार ने युवती के साथ शादी को कोर्ट में पंजीकृत भी कराया। इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया तो विवाहिता ने पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी। थाना सुनगढ़ी पुलिस के पहुंचने के बाद युवक प्रदीप कुमार ने खुद को निर्दोष बताया और मामले की शिकायत एसपी से करने के लिए उनके आवास पर पहुंच गया। आरोप है कि एसपी आवास पर तैनात पुलिस कर्मियों ने पीड़ित युवक प्रदीप कुमार को अंदर जाने से रोक दिया। इतने में प्रदीप कुमार ने आपा खोते हुए पुलिस अधीक्षक के आवास के सामने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। युवक प्रदीप कुमार की इस हरकत के बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा और आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से बरेली के लिए रेफर किया गया। इस बीच जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया और युवक प्रदीप कुमार की पत्नी ईशा पर कई गंभीर आरोप लगाए। परिजनों ने बताया कि कोर्ट मैरिज के बाद लगातार नव विवाहिता पत्नी ईशा युवक प्रदीप कुमार को प्रताड़ित कर रही थी। पुलिस से उत्पीड़न करने के बाद युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। उधर, देर शाम उपचार के दौरान युवक की मौत होने से पुलिस विभाग में सनसनी फैल गई। मौत होने के बाद पुलिस तहरीर मिलने पर विवाहिता के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रही है।

## व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने 3 दिन का दिया था एस्टीमेट

**व्यापारियों ने की आज जिले स्तर की बैठक पूरनपुर डकैती का भी करें जल्द खुलासा: अनूप अग्रवाल**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद में कुछ दिनों से हो रही चोरियो में जहा एक ओर शहर की गल्ला मंडी में व्यापारी नीलेश अग्रवाल, सऊद शम्सी की दुकानों को चोरी ने निशाना बनाया था पुलिस चोरो को टटोल ही रही थी कि वही दूसरी ओर पूरनपुर में व्यापारी सुनील गुप्ता के घर डकैतों ने गन पॉइंट पर लेकर लाखों की डकैती डालकर फरार हो गए। जिसमे आईजी रेंज सहित पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पहुँच कर मौका मुआयना की एसओजी की एक टीम बनाकर खुलासे को लगाई। समय बीत जाने के बाद भी किसी भी चोरी का खुलासा नही हो पाया जिस पर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता गया। मंगलवार को शहर के गैस चौराहे स्थित मोबाइल व्यापारी कपिल वर्मा के प्रतिष्ठान पर को चोरो ने निशाना बनाया और लाखों के मोबाइल चुरा लिए। मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने पहुच कर लगातार हो रही चोरियो की घटनाओं से आहत हो कर रोड पर ही धरना दे दिया। व्यापारी नेताओं ने पुलिस अधीक्षक से मिल तीन दिन में चोरी खोलने का अल्टीमेटम भी दे डाला था यदि उनके भीतर चोरियो का पर्दाफाश नहीं किया गया तो व्यापार मंडल उग्र आंदोलन करने पर विवश होगा। लेकिन आज जनपद में हुई चोरियों का पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों के समक्ष खुलासा किया हालांकि व्यापारियों ने पुलिस पर भरोसा जताया है कि जल्द ही पूरनपुर में भी हुई बड़ी चोरी का भी खुलासा जल्द ही होगा।

## डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेवकों ने किया जगरुख

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन अधिकृत ग्राम चौंसरा में किया गया। प्रातः कालीन लक्ष्यगीत के गान के उपरांत समस्त स्वयंसेवकों नें गाँव मे एक जागरूकता रैली निकाली और समस्त ग्रामवासियों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। समस्त स्वयंसेवियों नें ग्राम के बाग और खेल मैदान में साफ सफाई की। अपराह्न में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ पवन त्रिवेदी उपस्थित रहे। जिसमे उन्होंने स्वयंसेवियों को नेशनल कट दि कोर्ड डे के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही जीवन मे आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया। समस्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी रोहित पटेल के निर्देशन मे संपन्न हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नोडल अधिकारी पीलीभीत डॉ सुनीत कुमार साहनी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## सी.आई. पीलीभीत पर्ल्स की गरिमा बंसल बनी सातवीं अध्यक्ष

**गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नारी सशक्तिकरण, समाज उत्थान व व्यक्तित्व विकास के कार्यों के लिए निरन्तर अग्रसर रहेगा: गरिमा बंसल**




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स का सातवें अधिष्ठापन समारोह का जनपद के एक होटल में आयोजन किया गया। जिसमें जेसी. गरिमा बंसल, अध्यक्ष 2024 की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिष्ठापन समारोह में जेसीआई इण्डिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी. गुरदित्त सिंह सैहमी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे व गोरखपुर से आई हुई जेसीआई इण्डिया मण्डल 3 की मण्डलाध्यक्ष जेसी. वसुन्धरा सिंह एवं पूर्व मण्डलाध्यक्ष जेसी. नितिन कौशिक कार्यक्रम के विषिष्ठ अतिथि रहे। अधिष्ठापन समारोह का शुभारम्भ जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स की अध्यक्ष 2024 जेसी. गरिमा बंसल, मुख्य अतिथि जेसीआई इण्डिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी. गुरदित्त सिंह सैहमी, विषिष्ठ अतिथि मण्डलाध्यक्ष जेसी. वसुन्धरा सिंह, पूर्व मण्डलाध्यक्ष जेसी. नितिन कौशिक, मण्डल सचिव जेसी. गौरव अरोरा, जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स की संस्थापक अध्यक्षा जेसी. भावना कौषिक अध्यक्ष 2023 जेसी. निधि अग्रवाल व सचिव 2024 जेसी. अदिति सक्सेना ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके पष्चात अध्यक्ष 2024 जेसी. गरिमा बंसल ने अपना सम्बोधन देते हुए बताया कि जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नारी सषक्तिकरण, समाज उत्थान व व्यक्तित्व विकास के कार्यो के लिए निरन्तर अग्रसर रहेगा। अध्यक्षा 2024 जेसी. गरिमा बंसल ने जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स के 2024 के कार्यकाल का प्रारम्भ वीरांगना अवन्ती बाई विद्यालय की मेधावी जरुरतमंद छात्राओं को साइकिल व पाठन सामग्री भेंट कर किया। अधिष्ठापन समारोह में नव नियुक्ति अध्यक्षा जेसी. गरिमा बंसल ने 2024 की कार्यकारिणी निवर्तमान अध्यक्ष जेसी. निधि अग्रवाल, उपाध्यक्ष (प्रबन्धन) जेसी. बार्बी अग्रवाल, उपाध्यक्ष (प्रषिक्षण) जेसी. मोनिषा बग्गाा, उपाध्यक्ष (सामुदायिक विकास) जेसी. स्मारिका गुप्ता, उपाध्यक्ष (व्यापार) जेसी. शालिनी अग्रवाल, उपाध्यक्ष (वृद्धि एवं विकास) जेसी. कनिका अग्रवाल, उपाध्यक्ष (पी.आर. एवं मार्केटिंग) जेसी. रषिका देव, सचिव जेसी. आदिति सक्सेना, कोषाध्यक्ष जेसी. कृति अग्रवाल के साथ-साथ निदेषक जेसी. रितिका अग्रवाल, जेसी. चारु कंचन, व जेसी छवि मैनी को शपथ ग्रहण कराई। अधिष्ठापन समारोह के अवसर पर जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स पविारर में कुछ नई सदस्यों को शामिल किया गया, जो क्रमषः चारु गुप्ता, चन्द्रिका सिंघल, प्रियंका अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, प्रिया भसीन, कनक शंखधार व समीक्षा रामचन्दानी हैं। सभी नई सदस्याओं को मण्डल सचिव जेसी. गौरव अरोरा ने जेसीआई की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेसी. गुरदित्त सिंह सैहमी ने जेसीआई इण्डिया के द्वारा किये जा रहे व्यक्तित्व विकास के कार्यो की जानकारी दी व साथ ही उन्होंने नव नियुक्य अध्यक्षा 2024 को बधाई देते हुए कहा कि जेसी. गरिमा बंसल के अध्यक्ष मनोनीत किये जाने से जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स संस्था में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। सातवें अधिष्ठापन समारोह में रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत मातृषक्ति की अध्यक्षा मनीषा अग्रवाल व सचिव रोज़ी दीक्षित, इनर व्हील क्लब ऑफ पीलीभीत ग्रेटर की अध्यक्षा गौरी अग्रवाल व सचिव लवी गुप्ता, राउन्ड टेबल लेडी सर्क्ल की अध्यक्षा सोनिया गोस्वामी, लेडी वॉल्टन क्लब ऑफ पीलीभीत की उपाध्यक्ष स्वीटी अग्रवाल व सचिव अदिति जायसवाल, ज्ञान इन्टरनेषनल स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा, स्प्रिंगडेल स्कूल की प्रधानाचार्या चारु धवन, नीना मेहरोत्रा, डा0 भरत कंचन, डा0 आस्था कंचन, डा0 पूनम चन्द्रा, हरमेश सन्धू, डा0 एस.पी.एस. सन्धू आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रैक्टर एजेंसी पर खड़ी बोलेरो चोरों ने उड़ाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन।** चौराहे के बगल पिलकिछा मार्ग पर बजरंग ट्रैक्टर एजेंसी पर खड़ी बोलेरो गाड़ी शुक्रवार की रात चोरों ने उड़ा दिया। जिसकी जानकारी एजेंसी संचालक को दूसरे दिन सुबह हुई। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस एजेंसी व अन्य प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है। एजेंसी संचालक काजी शाहपुर गांव निवासी प्रेमचंद्र यादव का आरोप है कि शुक्रवार को सरपतहा थाना क्षेत्र के चौबाहा भगासा गांव निवासी संतोष कुमार तिवारी ने एजेंसी से नया ट्रैक्टर खरीदा था। समझौते के तहत उसने बदले में पैसा न देकर अपनी बोलेरो गाड़ी प्रेमचंद्र को देकर ट्रैक्टर अपने घर ले गया। रोज की तरह रात लगभग दस बजे एजेंसी का सटर बंद कर सभी कर्मचारी अपने घर चले गए। रात में अज्ञात चोरों ने बाहर खड़े वाहन को निशाना बना दिया।

### युवती को फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपित पर केस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन।** थाना क्षेत्र एक गांव में चार दिनों पूर्व 19 वर्षीया युवती के घर से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। गायब युवती के पिता ने बगल गांव के एक युवक पर उसे बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। जिसके आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दिया है। गांव निवासी युवती के पिता का आरोप है कि इसी थाना क्षेत्र के बनुआडीह गांव निवासी श्रीजन उर्फ भोलू प्रजापति का उसके घर आना जाना था। गत 7 फरवरी को वह मेरी पुत्री को बहला कर कहीं भगा ले गया। हर संभावित स्थानों पर तलाश के बाद पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उक्त युवक ही उसकी पुत्री को कहीं भगा ले गया है।

### घर में घुस चोरों ने महिला को किया बेहोश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत सबरहद गांव में बीती रात चोरों ने सीढ़ी के रास्ते घर में घुस कर महिला को बेहोश कर कमरे में रखा हुआ बक्सा अटैची लेकर हुए फरार हो गए |होश में आने पर महिला ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। क्षेत्र के सबरहद गांव बलुआ पुरवा निवासी आशा विश्वकर्मा पत्नी स्व तिलकधारी विश्वकर्मा के घर में बीती रात पीछे के रास्ते दिवाल फांद कर घर में घुसे चार पांच की संख्या में चोरों ने कमरे के अंदर मौजूद महिला को बेहोश कर कमरे में रखा हुआ सूटकेस व बक्सा लेकर फरार हो गए |होश में आने पर महिला ने परिजनों को बताया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरों को तलाश कर रही थी कि पता चला कि गांव से एक किलो मीटर दूर पाइन पर एक सूखे कुएं में चोरों ने सूटकेस व बक्सा को तोड़कर फेंक दिया था। पीड़िता ने बताया बीस हजार नगद रूपए समेत सोने चांदी के एक लाख रुपए से अधिक के आभूषण चोरी हो गए हैं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दे दिया है।

### पिता ने दामाद पर पुत्री की हत्या करने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा घाट पर गत 5 फरवरी को मछुआरों की जाल में फंसी मिली विवाहिता की लाश के मामले में शनिवार को मृतका के पिता ने क्षेत्राधिकारी शाहगंज से मिलकर दामाद के द्वारा हत्या कर शिनाख्त छुपाने के लिए शव? नदी में फेंक देने का आरोप लगाया है। यह भी शिकायत है कि खुटहन थाने पर तहरीर दिए जाने के बाद भी केस दर्ज नहीं किया जा रहा है। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के कौड़ियां निवासी सुरेश का आरोप है कि वह रोजी रोटी के चक्कर में मुम्बई रहता है। घर पर उसकी बड़ी बेटी सोनी और अंजली रहती है। सोनी आरसीएम कंपनी में काम करती है। सोनी का विवाह लगभग तीन वर्ष पूर्व कौड़ियां बाजार निवासी राहुल चौरसिया से हुआ था। उससे एक पुत्र भी है। लगभग एक वर्ष पूर्व से पारिवारिक विवाद के चलते दोनों का संबंध विच्छेद हो गया था। आरोप लगाया कि इधर एक पखवाड़ा से राहुल उससे मिलने घर आने जाने लगा था। गत 4 फरवरी को सोनी अपनी बहन से कहकर निकली थी कि वह कंपनी से पैसा लेने जा रही है। रात भर उसके फोन की घंटी बजती रही, लेकिन फोन उठा नहीं। सुबह उसका शव गोमती नदी में मिला। आरोप है कि राहुल चौरसिया ने ही उसको धोखे से बुलवाकर हत्या कर दिया। थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया



**जिले को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये अधिकारी: डीएम**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के द्वारा शुक्रवार देर रात रात्रिकालीन सफाई अभियान की शुरुआत की गई। जिलाधिकारी ने चहारसू चौराहे पर झाड़ू लगाकर सफाई/स्वच्छता अभियान की शुरुआत किया। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से रात में सफाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने रोडवेज परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, ओलन्दगंज, सद्भावना पुल, चहारसू चौराहा, रेलवे स्टेशनो, सब्जी मंडी सहित नगर के प्रमुख चौराहों एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर नियमित रूप से साफ-सफाई के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जौनपुर पवन कुमार को दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि व्यापारियों, आमजन को अच्छी सुविधाएं मिले, गंदगी से निजात मिले, नगर पालिका व ग्राम पंचायत में साफ-सफाई रहेगी तो बीमारियों का प्रसार भी कम होगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से भी अपील किया है कि सफाई को अपने दिनचर्या में शामिल करें और जनपद को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें, साफ-सफाई हम सबकी जिम्मेदारी है, सभी को श्रम दान करने को भी कहा। रात्रि कालीन सफाई के लिए 40 सफाई कर्मी, 2 सेनेटरी इंस्पेक्टर और 2 सुपरवाइजर लगाए गए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पवन कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर, सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बीसलपुर में लगा एचआईवी जागरूकता शिविर

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** बीसलपुर तहसील के मोहल्ला दुबे में शनिवार को एचआईवी संक्रमित मरीजों का को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में बताने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कई मरीजों के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा गया। शिविर में आए लोगों को एचआईवी संक्रमण के खतरे बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। आईसीटीसी काउंसलर नीलम रजक ने बताया कि एचआईवी संक्रमित मरीजों से सामाजिक भेदभाव नहीं करना चाहिए। ऐसे लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। बीसलपुर अस्पताल में संदिग्ध लोगों की निशुल्क जांच होती है और संक्रमित मिले मरीजों को दवा दी जाती है।

## एडीओ एमआई ने प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर फैलाई फर्जी अफवाह, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले का विकास खंड सुईथाकला अपने एक न एक कारनामों से अक्सर सुर्खियों में बना रहता है। फिलहाल इस बार भ्रष्टाचार के मामले से हटकर है ब्लाक मुख्यालय पर जेई0 एम0आई0 पद पर तैनात आर0 एन0 शर्मा ने विकास खंड सुईथाकला के ग्राम पंचायतों के प्रधानों के वाट्सएप समूह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एडिट वीडियो जिसमें प्रधानमंत्री यह कहते नजर आ रहे हैं कि हम बिभिन्न जातियों का आरक्षण समाप्त करना चाहते हैं इस प्रकार का वीडियो प्रधानों के समूह में भेज दिया समूह में वीडियो देखते ही ब्लाक में हड़कंप मच गया ग्राम प्रधान कम्मरपुर श्रीमती अनुजा

> उक्त मामले की जानकारी ले रहा हूं सत्यता मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –सुभाष चंद्र
> खंड विकास अधिकारी सुईथाकला

सिंह के प्रतिनिधि प्रबीण सिंह ने समूह में इस तरीके के फर्जी वीडियो डालने का विरोध किया तो प्रधान संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश दूबे समेत दर्जनों जन प्रतिनिधियों ने भी बिरोध जताया तो समूह से वीडियो डिलीट कर दिया गया लेकिन तब तक वीडियो बिभिन्न सोशल मीडिया समूह में खूब वायरल होने लगा वही विकासखंड के तमाम जन प्रतिनिधियों ने विरोध जताते हुए कहा कि राज्य सरकार के एक कर्मचारी होने के नाते इस तरीके का फर्जी वीडियो वायरल नहीं करना चाहिए था।

# एसडीएम व प्रबंधक ने एनएसएस के विशेष शिविर को दिखाई झंडी

**छात्रों को मतदाता और मतदान के लिए किया जागरूक**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध गुलाबी देवी पीजी कॉलेज सिद्धिकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर को एसडीम शाहगंज व प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर शिविर शुभारंभ किया। बता दें कि विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को गुलाबी देवी पीजी कॉलेज से हुआ। जिसमें एसडीएम शाहगंज शैलेंद्र कुमार व कॉलेज के प्रबंधक लाल हचंद्र यादव लाले ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने मतदान के प्रति जागरूक किया। प्रबंधक लालचंद यादव ने कहा मतदाता बनिए और मतदान करिए देश में एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण करिए तभी देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रमाशंकर यादव, डॉ यादवेंद्र, डॉ पंकज यादव, डॉ सुभाष, डॉ रूद्रसेन, अश्विनी कुमार मौजूद रहे। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्धिकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना का विरोष शिविर लगाया गया। वहीं से छात्रों ने रैली के माध्यम से गांव-गांव पहुंचे और लोगों को मतदाता बनने और मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर शिविर का उद्घाघाटन प्रबंधक डॉ स्वतंत्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र को अच्छा बनाने के लिए सबसे पहले मतदाता बने। उसके बाद मतदान करें। एक अच्छे नेता एक अच्छी सरकार का चयन करें। इस बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारि डॉ राकेश कुमार सरोज ने किया। इस अवसर पर सरवन कुमार लालचंद्र, आनंद मौर्य मौजूद रहे।

# अरौल घटना स्थल पर पहुंच एडीएम सिटी, बीएसए, आरटीओ, एसडीएम, एबीएसए ने की जांच

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर तहसील की हृदय विदारक घटना अरौल के जीपीआरडी विद्यालय के बच्चों की स्कूली वैन और लोडर की जोरदार टक्कर में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई बाकी आठ बच्चे जिंदगी और मौत से कानपुर अस्पतालों में जूझ रहे हैं। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के सख्त निर्देश के बाद कानपुर से पहुंची जांच टीम में एडीएम सिटी राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, आरटीओ विदिशा, एसडीएम रश्मि लंबा, एबीएसए रवि कुमार सिंह आदि ने घटनास्थल, विद्यालय और थाने में लोगों से बयान लिए, पहले टीम स्कूल पहुंची वहां पर स्कूल बंद था।

अधिकारियों ने प्रबंधन को फोन कर बुलाया जब तक प्रबंधक पहुंचे उससे पहले घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए वहां पर ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक अपने साइड में खड़ा करके ड्राइवर पानी लेने गया था वहीं पर पीछे से स्कूल की मारुति वैन और लीडर लगभग दोनों बराबर चल रहे थे स्कूली वैन एकाएक तेज रफ्तार में बाई तरफ से दाहिनी तरफ पहुंच गई और लोडर से टकरा गई लोडर जोरदार टक्कर मारते हुए सीधा निकल गया टक्कर लगने के बाद मारुति वैन ट्रक से टकरा गई और उसके परखचे उड़ गए उनके बयान दर्ज करने के बाद में टीम के अधिकारी अरौल थाने में पहुंचकर ड्राइवर और पुलिसकर्मियों से अलग-अलग बात करते रहे गाड़ी का निरीक्षण किया वहां फोटोग्राफ्स किए गए इसके बाद प्रबंधक के आने पर पुनः टीम स्कूल पहुंच गई फिर वहां पर प्रबंधक से गहनता से जांच कर और उसकी रिपोर्ट तैयार की।

रिपोर्ट बताने से अधिकारियों ने मना किया कहा कि यह उच्च अधिकारियों को लिखित में सौपनी है इसके बाद जांच टीम कानपुर चली गई।

# युवक ने घर में फंदे से लटक कर दे दी जान

* 5 साल पहले पत्नी के छोड़कर चले जाने से रहता था परेशान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सदर कोतवाली के राजेपुर पतारी गांव में एक युवक ने घर के अंदर फंदे से लटक कर जीवनलीला समाप्त कर ली। उसका शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली के राजेपुर पतारी गांव निवासी सुनील (28) पुत्र त्रिलोकी ने शनिवार सुबह घर का मेन गेट बंद कर फंदे से लटक कर जान दे दी। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर मोहल्ले और परिवार के लोगों को शंका हुई। अंदर झांकने पर उसका शव फंदे से लटका देख सभी के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर बाद पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के मुताबिक 5 साल पहले सुनील की पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी जिसके बाद से वह परेशान रहता था। 10 साल पहले मृतक के भाई ब्रम्हा ने भी आग लगा कर आत्म हत्या कर ली थी।

10 साल के अंतराल घर बड़े और छोटे बेटे की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल हैं। शहर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम कराते हुए अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 4 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 3 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 1 मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सभी मामलों को निस्तारण के लिये संबंधित कर्मियों को सौंपा गया है। वहीं राजस्व के मामले न निस्तारित होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये।

## सपा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए करेगी शक्ति प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के नगर पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधायकों विधानसभा अध्यक्षों प्रकोष्ठ के अध्यक्षों एवं प्रदेश के पदाधिकारियों की मासिक बैठक सपा के नवीन मार्केट कार्यालय में अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है तथा बूथ कमेटियों के गठन का कार्य भी पूरा हो गया है सपा का एक-एक कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार है बस सिर्फ चुनाव की तिथियो की घोषणा होते ही सपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा ईमानदारी से चुनाव मैदान में उतरकर पार्टी को चुनाव लड़ने का कार्य करेगा श्री महमूद ने अपने संबोधन में आगे बताया कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए नगर की पांचो विधानसभा क्षेत्रो मे बूथ सम्मेलन आयोजित करेगी बूथ सम्मेलन के उपरांत सपा का एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा बूथ सम्मेलन व कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए नगर के पदाधिकारियों प्रकोष्ठ के अध्यक्षों व विधानसभा अध्यक्षों को विधानसभा वार जिम्मेदारियां सौंप दी गई है।

बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला जी महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर परमवीर सिंह गंभीर फकरे आलम अंसारी नंदलाल जायसवाल जावेद जमील राजीव शर्मा नितेंद्र यादव नसीरुद्दीन एडवोकेट राहुल वर्मा के के मिश्रा दिनेश विश्वकर्मा राजेंद्र जायसवाल संजय निषाद बलवंत सिंह सत्यनारायण गहरवार दीपिका मिश्रा रेखा यादव विनोद तिवारी विनोद पांडे बृजलाल यादव हरि भजन यादव जसवंत प्रताप निषाद गोपाल ठाकुर गोपाल गुप्ता अब्दुल वहीद मंसूरी आसिफ सिद्दीकी मनीष राजपूत हेमंत गुप्ता सोनी वर्मा वरुण जायसवाल गोलू यादव आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

* महिला के घर में घुस कर युवक के छेड़छाड़ करने पर हुई थी मारपीट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की चौकी निबई के एक गांव में युवक एक घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला के शोर मचाने पर परिजनों ने युवक को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। इसी बीच पहुंचे आरोपी के परिजनों जवाबी हमला शुरू कर दिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए महिला के 70 वर्षीय ससुर की कानपुर के ईलाज के दौरान मौत हो गई जबकि महिला व जेठानी घायल हो गई। महिला की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 9 फरवरी की रात लगभग साढ़े दस बजे गांव का ही युवक अजय उसके घर मे घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवक की नियति गंदी देख उसने शोर मचाया तो उसे बचाने के लिए जेठानी सावित्री व 70 वर्षीय सरजू दौड़े तो युवक ने सबके साथ मारपीट शुरू कर दी। खबर पाकर युवक के पिता राजेन्द्र, भाई रावेंद्र और बहन लाठी डंडे लेकर उसके घर आ गए और सबको बुरी तरह मारा पीटा जिससे उसके व जेठानी के चोटें आई और ससुर को गंभीर चोटें आई थी जिन्हें ईलाज के लिए पीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया था। हालत बिगड़ने पर उन्नाव से कानपुर भेजा गया जहाँ सरजू की शनिवार भोर पहर मौत हो गई। एसएचओ अध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने बताया महिला की तहरीर के मुताबिक मामला 4 लोगो के विरुद्ध दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नहर में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आसीवन ब्रांच सारदा नहर में उतराता हुआ लावारिस महिला का शव मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

आसीवन थाना क्षेत्र के मियॉगंज सफीपुर मार्ग पर स्थित आसीवन ब्रांच सारदा नहर के पुल में फसा हुआ लगभग 60 वर्षीय निर्वस्त्र अज्ञात महिला का शव उतराता हुआ मिला। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि लावारिस महिला का अभी तक पता नहीं चल सका है सभी थानों में सूचना दे दी गई है।

## एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत-दूसरा गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* औरास थाना क्षेत्र में गहाखेड़ा गांव के पास हुआ हादसा
* बाइक सवार दवा लेने जा रहे थे लखनऊ

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर औरास थाना क्षेत्र के गहा खेड़ा गांव के तेज रफ्तार कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। कार चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तकिया निवासी राजू (18) पुत्र इंसान अली व परिवार का ही आजाद (24) शनिवार सुबह दोनों बाइक पर सवार होकर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे मार्ग से आजाद की दवा लेने लखनऊ जा रहे थे। इसी बीच वह औरास थाना क्षेत्र के गहाखेड़ा गांव के सामने किसी काम से बाइक सहित खड़े हो गए।

इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की एम्बुलेंस ने दोनों युवकों को सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां डाक्टर ने राजू को मृत घोषित कर दिया। जबकि आजाद को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। राजू की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा देख कार चालक कार छोड़ कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने थाने पर लाकर खड़ा करा लिया है। परिजनों के मुताबिक मृतक राजू की दो माह पूर्व शादी हुई थी। पति की मौत की खबर सुनकर उसकी पत्नी रो रोकर बेहाल है। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## खांडेकर की टीम ने जीता मैच

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

उन्नाव शुक्लागंज मां ज्वालादेवी द्वारा संस्थापित शुक्लागंज नगर के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित 20वां मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट का तीसरा मैच खांडेकर क्रिकेट अकादमी व स्टेडियम टेनिस के बीच मैच खेला गया। जिसमें खांडेकर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 147 रन बनाए। जिसमें बृजेंद्र 30 व आकाश में 20 रनों का योगदान दिया। रोहित व सार्थक ने तीन-तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम टेनिस अपने सभी विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। जिसमें फैजान 43 रनों का योगदान दिया। अमृत राज ने चार बार रोहित ने तीन विकेट झटके। मैच को खांडेकर क्रिकेट अकादमी ने 39 रनों से अपने नाम किया। शानदार गेंदबाजी करने वाले अमृत राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर अजय त्रिवेदी, परवेज अहमद, रितेश मिश्रा, राजेश भारती, सुनील निषाद मौजूद रहे।

## बिल्हौर नगर पालिका स्थाई गौशाला में भूखे रहते हैं गोवंश

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर नगर पालिका में अस्थाई गौशाला में भूख प्यास से बेहाल गोवंश को जब कोई उनके खिडक़ी की तरफ या गेट की तरफ दिखाई पड़ता है तो एक साथ गोवंश दौड़ हैं शायद कोई कुछ खिला दे कि अस्थाई गौशाला में 12 गाय 4 बछड़े है। इस तरह से 16 गौवंश है।

अस्थाई गौशाला की दशा देखकर लगता है जब से गौशाला चालू हुई है तब से अभी तक यहां का गोबर नहीं उठाया गया है गोवंश जो गोबर करते हैं वह सिर्फ बकरियों की लेडी और छोटे बछडो के बराबर ही गोबर करते हैं। भूख प्यास से इनकी पेट की आंत इतनी सिकुड़ गई हैं की जो इनको भूसा दिया जाता है वह छोटे से गौवंश को दिया जाता है गांव में, उतने से गुजर कर रही है।

किसी भी गोवंश का वजन 40 से 80 किलो से ऊपर नहीं है एक सफेद गाय हैं उसका बजन लगभग तीन कुंटल का होगा। श्याम केयरटेकर मौके पर मौजूद था उसने लगभग 20 किलो भूसा की एक झाल खोलते हुए बताया कि यह भूसा शाम को इतना ही सुबह दिया जाता है। सूत्रों की माने तो जिलाधिकारी कानपुर विशाल जी अय्यर की मीटिंग में पूरे कानपुर जिले से कभी भी नगर पंचायत व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नहीं पहुंचते हैं वह किसी बाबू को भेज कर खाना पूरी करवा लेते थे। पिछले दिनों जिलाधिकारी ने फटकार लगाते हुए जिले के सभी बाबुओं को 4:00 बजे मीटिंग से वापस भिजवा दिया था और रात में 9:00 बजे सभी अधिशासी अधिकारियों को उन्होंने मीटिंग बुलाकर सख्त निर्देश दिए थे की हर गौशाला में 100 जानवर से कम नहीं होने चाहिए इसके बाद भी अधिकारियों के जूं नही रेगते और जिलाधिकारी का तबादला हो गया इस समय कस्बे में 100 से अधिक सांड सड़कों पर देखने को मिलते है जो आए दिन उनके झगड़े से राहगीर और वाहन चालक चोहटिल होते हैं लेकिन इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई भी गोवंश अभी तक नहीं पकड़ा गया है अब बिल्हौर कस्बे की जनता नए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह से उम्मीद लगाए हैं कि इस पर कोई ठोस कदम उठाएगे तभी बिल्हौर कस्बे की स्थिति सुधरेगी।

## बिल्हौर रेलवे विभाग मजदूरों की जान जोखिम में डाल कटवा रहा पेड़

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर रेलवे स्टेशन के लखनऊ इटावा राजमार्ग पर ककवन रोड गेट नंबर 64 के समीप तहसील नई बिल्डिंग के समीप पेड़ खड़े हुए हैं जिनको रेलवे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मजदूर की जान जोखिम में डालकर बिना सेफ्टी बेल्ट व हेलमेट लगाकर पेड़ काट रहे हैं यहीं पर उस समय यह देखने को मिला कि एक डाल तार पर गिरते गिरते बची जिसमें बड़ी घटना घट सकती थी। जबकि 11000 हाई वोल्टेज बिजली लाइन के समीप पेड़ के कटान हो रहे हैं तो इसमें किसी तरह की कोई भी सावधानी नहीं बरती जा रही है। जबकि रेलवे सुरक्षाबल का एक जवान वीडियो ग्राफी से लेकर अन्य काम कर रहा है खड़े होकर लेकिन उस मजदूर की सुरक्षा के लिए कोई भी इंतजाम नहीं किया गया है जो कि उनके बनाए हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि कितनी लापरवाही हो रही है वहीं पर तमाम रस्सी और रस्सा मजबूत बांधे गए हैं लेकिन फिर भी अगर कोई लकड़ी का डाल छिटककर हाई वोल्टेज 11000 से टच हो जाती है तो उस पर काम करने वाला लकड़ी सहित मजदूर जलकर राख हो जाएगा वहीं पर ज्ञात हुआ है कि कोई ठेकेदार लकड़ी कटवा रहा है वह इतने एक्सपर्ट होते हैं जो दुर्घटना से बच जाते हैं आखिरकार यह राम भरोसे ही लकड़ी कटान चल रहा है।

# दीनी मालूमात क्विज़ प्रतियोगिता का पहला दिन उम्मीद से ज़्यादा कामयाब




* दीनी मालूमात कुईज का असर समाज में नज़र आयेगा: मुफ्ती सैयद मुहम्मद हुजैफ़ा क़ासमी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जमीयत उलेमा शहर कानपुर के ज़ेरे एहतमाम नगर अध्यक्ष डा. हलीमुल्लाह खां व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी की निगरानी में ऐतिहासिक महत्व रखने वाले इ प्रज्लास मेराजुन्नबी स0अ0 व0 व दीनी मालूमात कुईज़ का आगाज़ रजबी ग्राउण्ड में हुआ। पहले दिन भिवन्डी महाराष्ट्र के नाज़िमे तंज़ीम मुफ्ती सैयद मुहम्मद हुजै़फा क़ासमी ने खिताब किया, जिसके बाद दीनी मालूमात कुईज़ प्रतियोगिता का आगाज़ हुआ। जिसमें शहर के 21 स्कूल, कालेज, मदरसों और मक्तब के 8 से 18 साल के दरमियान के होनहार छात्रों ने पुरजोश अंदाज़ में भाग लिया। कुईज़ प्रतियोगिता में देर रात तक प्रश्नोत्तरी का सिलसिला चला, लगातार गिरता पारा और बढ़ती ठण्डक भी बच्चों, उनके परिजनों और संरक्षकों के जज़्बे को ठण्डा नहीं कर सकी।

मुख्य अतिथि मुफ्ती सैयद मुहम्मद हुजैफा क़ासमी ने बचपन से ही अपने बच्चों की तर्बियत पर ध्यान देने, नमाज़, कुरआन, दुआओं के साथ-साथ तहज़ीब, तमीज़, अपना काम खुद से करने , बड़ों का अदब व एहतराम का सलीक़ा सिखाने, इसी के साथ देश, समाज, धर्म और घर की ज़िम्मेदारियों के बारे में सही मार्गदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। जब बचपन से ही तर्बियत पर ध्यान देंगे तभी हम उनके बेहतर भविष्य, अच्छे नागरिक और सफल इंसान होने की उम्मीद कर सकते हैं। दीनी मालूमात कुईज़ का असर पूरे समाज पर नज़र आयेगा। कुईज़ प्रतियोगिता में 7-7 बच्चों पर आधारित 21 स्कूल, कालेज, मदरसे, मक्तब के 147 चयनित होनहार छात्रों की टीमों ने भाग लिया। प्रश्न करने बाद टीमों को 30 सेकेण्ड का समय मशविरे के बाद उत्तर देने के लिये दिया गया, जिसमें मासूम बच्चों द्वारा किये जोने वाले विमर्श का हसीन मंज़र देखने लायक़ था। क़ारी मुजीबुल्लाह इरफानी ने तिलावते कुरआन पाक से इज्लास का शुभारम्भ किया। मौलवी मुहम्मद मसूद ने नात का नज़राना पेश किया। इज्लास में बड़ी संख्या अवाम मौजूद रहे।

## ककवन कस्बे में झोपड़ी में लगी आग: गृहस्थी हुई खाक, लेखपाल ने पहुंचकर की जांच



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के ककवन कस्बा निवासी बंसलाल गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर खेतों में रखवाली के लिए रहते थे शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई जिससे झोपड़ी में रखा तमाम सामान जलकर खाक हो गया सूचना पर मौके पर पहुंची थाना ककवन की पुलिस ने देर रात ही आग को बुझाया और दोनों दंपत्ति को सुरक्षित स्थान पर रुकवाया इस दौरान झोपड़ी में रखी राशन व अन्य खाद्य सामग्री भी जलकर खाक हो गई है जबकि दो बकरी के बच्चे भी जल गए सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने मौके पर लेखपाल जितेंद्र सिंह को भेजा और नुकसान का आकलन कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ककवन प्रधान राजू स्वर्णकार ने बताया कि हर संभव मदद कराएंगे।

## सैवसू गांव में चोरों ने लाखों की नगदी समेत जेवर उड़ाए





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर थाना क्षेत्र के सैवसू गांव में शुक्रवार देर रात एक घर में घुसे चोर लाखों रुपए की नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए। घर में सो रहे लोगों को सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। खोजबीन करने पर घर से गायब एक बक्सा घर के पीछे तालाब के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। गांव निवासी सुरेंद्र कुमार प्रजापति उर्फ टिल्लन पुत्र कन्हैया लाल एक संपन्न किसान हैं। शुक्रवार शाम उनका परिवार खाना खाने बाद और सभी काम से फुर्सत होने के बाद अपने-अपने कमरों में जाकर लेट गया था। देर रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने मुख्य कमरे का ताला किसी तरह खोल लिया और कमरे में रखे लाकर व बक्से के ताले खोलकर उसमें रखी साठ हजार रुपए की नगदी और हार, कंगन, झुमकी, बाले, पेंटी, पायल और तोड़िया सहित लगभग पन्द्रह लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए और कमरे का ताला उसी तरह बंद कर फरार हो गए। सुबह जागने पर जब महिलाओं ने झाड़ू लगाने के लिए कमरे का ताला खोला तो सामने सब सामान बिखरा देख घर में हड़कंप मच गया। सभी लोग कमरे में जमा हो गए। अलमारी बक्सा देखने पर घटना का एहसास हुआ। जानकारी के बाद कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। खोजबीन के दौरान कमरे से गायब एक बक्सा घर के पीछे मौजूद तालाब के पास झाड़ियां में खुला पड़ा मिला। कोतवाल सुरेंद्र सिंह के अनुसार घटना की जानकारी मिली है। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई है। टीम गठित कर घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

### दिमागी रूप से अस्वस्थ लड़का गायब

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। मनोहर नगर निवासी साजिद ने बताया कि उनका 17 वर्षीय बेटा रेहान दीमागी रूप से अस्वस्थ है। वह तीन दिन पहले घर से निकला। जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### महिषासुर के आगमन की सुनाई कथा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्री देवी भागवत महापुराण के दौरान शनिवार कथा को आगे बढ़ाते हुये व्यास पं. शिवकुमार दीक्षित ने कहा कि रंभ असुरों के राजा थे। जो एक बार जल में रहने वाली एक भैंस से प्रेम कर बैठे और इन्हीं के योग से महिषासुर का आगमन हुआ। इसी वजह से महिषासुर इच्छानुसार जब चाहे भैंस और जब चाहे मनुष्य का रूप धारण कर सकता था। उन्होंने बताया कि महिष का अर्थ भैंस होता है। महिषासुर ने ब्रह्माजी की तपस्या करके कई वरदान हासिल किए। इन वरदानों से वह स्वर्ग और पृथ्वी पर देवताओं और मनुष्यों को तंग करने लगा और उसने युद्ध में इंद्र को परास्त करके स्वर्ग पर कब्जा कर लिया।

### गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 4 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 3 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 1 मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

# मैं चौधरी चरण सिंह का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा: जगदीप धनखड़

* जगदीप धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच बहस हो गई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राज्यसभा में शनिवार को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को लेकर सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच बहस हो गई। इस दौरान सभापति जगदीप धनखड़ इतना नाराज हो गए कि उन्होंने कहा कि वे चौधरी चरण सिंह का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान राज्यसभा में खूब हंगामा और नारेबाजी हुई।

### आपने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया है: धनखड़

नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, आपने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया है, आपने उनकी विरासत का अपमान किया। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के लिए आपके पास समय नहीं था। आज के दिन आप सदन में ऐसा माहौल बनाकर देश के हर किसान को आहत कर रहे हैं। हमारे सिर शर्म से झुक जाने चाहिए। राज्यसभा सभापति ने विपक्षी नेताओं को रोकते हुए कहा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल मत करिए। मैं चौधरी चरण सिंह का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। उनका सार्वजनिक जीवन निष्कलंक रहा और उनका देश के किसानों के प्रति समर्पण भी निष्कलंक था। मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है।

### क्यों हुई राज्यसभा में बहस

दरअसल रालोद नेता जयंत चौधरी राज्यसभा में बोलन के लिए खड़े हुए थे, इस पर मल्लिकार्जुन खरगे और अन्य विपक्षी सांसदों ने आपत्ति जताई कि उन्हें किस नियम के तहत बोलने की इजाजत दी जा रही है। खरगे ने कहा, नेताओं को भारत रत्न से सम्मानित करने पर कोई बहस नहीं है। मैं सभी को सलाम करता हूं, लेकिन अगर कोई सदस्य कोई मुद्दा उठाना चाहता है, तो आप पूछते हैं कि किस नियम के तहत। मैं जानना चाहता हूं कि उन्हें किस नियम के तहत बोलने की अनुमति दी गई है। हमें भी अनुमति दीजिए। एक तरफ आप नियम की बात करते हैं। आपके पास विवेक है। उस विवेक का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए न कि जब आप चाहें। इसके बाद सदन में जमकर हंगामा होने लगा। सभापति ने इस पर कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना पूरे देश का सम्मान है, लेकिन उनके पोते जयंत चौधरी अभी सदन में मौजूद हैं और उनके लिए ये बहुत बड़े सम्मान की बात है, इसलिए उन्हें बोलने की इजाजत दी गई। इस पर भी विपक्षी सांसदों ने हंगामा जारी रखा और नारेबाजी की। जिससे सभापति धनखड़ नाराज हो गए और उन्होंने विपक्ष को लगभग लताड़ते हुए उक्त बातें कही।

### जयंत चौधरी ने भी विपक्ष के व्यवहार से जताई नाराजगी

विपक्ष के हंगामे पर जयंत चौधरी ने भी निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि सभापति जी, आज मैं वरिष्ठ सांसदों के दुर्व्यवहार से बहुत दुखी हूं। आज यहां मेरा अपमान किया गया है। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मेरा संरक्षण किया। मैं हैरान हूं कि कैसे लोग चौधरी चरण सिंह जैसी हस्ती को किसी गठजोड़ के बनने या बिगड़ने और चुनाव लड़ने और जीतने तक सीमित रखना चाहते हैं। लेफ्ट, राइट और सेंटर में ही बंटे रहेंगे तो देश के असली धरती पुत्र का सम्मान कैसे रख पाएंगे।

### चरण सिंह भारत रत्न थे और भारत रत्न रहेंगे: जयराम रमेश

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन जी भारत के रत्न थे, हैं और सदैव रहेंगे। उनका योगदान अभूतपूर्व था, जिसका हर भारतीय सम्मान करता है।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में किसानों को न्याय दिलाया जाना एक मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि किसान न्याय' के लिए हमारी मांग है कि स्वामीनाथन फ़ॉर्मूले के आधार पर किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य की क़ानूनी गारंटी दी जाए। यही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी और स्वामीनाथन जी को सही मायनों में श्रद्धांजलि होगी।

### विपक्ष ने चरण सिंह का अपमान किया, माफी मांगे: गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष के नेता को चौधरी चरण सिंह के अपमान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने कहा, यह गर्व का क्षण है कि पीएम मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सम्मान दिया। कांग्रेस को आज जशन मनाना चाहिए था कि उनके पूर्व पीएम को मोदी सरकार ने पुरस्कार दिया है। लेकिन दुर्भाग्य से, उनके उपनाम में नेहरू-गांधी नहीं था। यदि वह प्रथम परिवार से होते तो काम चल जाता।

### जयंत बोले, इंडिया सांसदों ने सत्ता पक्ष की ओर जाकर बैठ जाने के लिए बोला

राज्यसभा में कांग्रेस के हंगामे पर जयंत चौधरी बोले, मुझसे कहा गया कि सत्ता पक्ष की ओर जाकर बैठ जाइए। डील और सौदेबाजी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जो कि गलत है। भारत रत्न छोटा सम्मान नहीं है। पहले भी तो दिया जा सकता था, क्यों नहीं दिया गया। राज्यसभा में जयंत चौधरी ने जैसे ही चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने को लेकर बोलना शुरू किया। इंडिया के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया कि किस नियम के तहत इनको बोलने दिया गया है। खड़गे ने कहा कि हालांकि हम सैल्यूट करते हैं, जिन्हें भारत रत्न दिया गया है। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अब अगर जयंत चौधरी एनडीए में जाते हैं, तो उससे तो यही साबित होगा कि भारत रत्न की सौदेबाजी हुई है और उनको अब तो बिल्कुल भी एनडीए का हिस्सा नहीं बनना चाहिए।

# ईपीएफओ ने 2023-24 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत तय की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के रिटायरमेंट फंड निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को साल 2023-24 के लिए ब्याज दर तय कर दी है। यह ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रहेगी और यह बीते तीन वर्षों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2023 में कर्मचारी भविष्य निधि फंड में सरकार ने 2022-23 के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय की थी। वहीं 2021-22 के लिए यह 8.10 प्रतिशत थी।

### शनिवार को सीबीटी की बैठक में हुआ फैसला

मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2021-22 के लिए ब्याज दर को बीते चार दशकों के मुकाबले कम करते हुए 8.1 प्रतिशत कर दिया था। यह 1977-78 के बाद सबसे कम था। ईपीएफओ में फैसले लेने वाली निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) ने शनिवार को हुई बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि के लिए 2023-24 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। सीबीटी ने मार्च 2021 में ईपीएफ पर ब्याज दर 8.5 प्रतिशत तक तय की थी।

### वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए एक अनिवार्य योगदान

जनवरी में ईपीएफओ ने आधार कार्ड को जन्मतिथि के लिए स्वीकार्य दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि, बीस या अधिक कर्मचारियों वाले संगठनों में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए एक अनिवार्य योगदान है। इसके तहत कर्मचारी के वेतन से मासिक आधार पर 12 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ खाते में डाला जाता है और उतना ही योगदान नियोक्ता द्वारा दिया जाता है। नियोक्ता के हिस्से में से 3.67 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ खाते में और बाकी का 8.33 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में जमा किया जाता है।

## फ्लोर टेस्ट से पहले जदयू के भोज में नहीं पहुंचे पांच विधायक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार में सभी सियासी दल किसी न किसी बहाने से अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुट गई है। भारतीय जनता पार्टी अपने विधायकों को बोधगया भेज दिया है। वहां दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें भाजपा विधायक शामिल हुए हैं। इधर, पटना में जदयू कोटे से मंत्री और सीएम नीतीश कुमार के करीबी श्रवण कुमार के आवास जदयू के सभी विधायकों को भोज में आमंत्रित किया गया था। छह विधायकों को छोड़कर सभी विधायक भोज में शामिल हुए।



## 25 साल में पहली बार बदला महाराष्ट्र का सियासी गणित
# नहीं चलेगा पवार-ठाकरे का जादू

* राजनीतिक खिलाड़ी शरद पवार और उद्धव ठाकरे अब इस स्थिति में नहीं हैं कि कोई जादू कर सकें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

10 जून 2022 के बाद महाराष्ट्र का सियासी गणित बदल गया है। उस दिन सूबे में राज्यसभा की छह सीटों के लिए चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार को चकमा देकर तीसरी सीट भी जीत ली थी। विगत 25 सालों में यह पहला अवसर है, जब सूबे के दो बड़े राजनीतिक खिलाड़ी शरद पवार और उद्धव ठाकरे अब इस स्थिति में नहीं हैं कि कोई जादू कर सकें। इससे सूबे में राज्यसभा की 6 सीटों पर होने वाले चुनाव में एक बार फिर चमत्कार होने की संभावना जताई जा रही है। महाराष्ट्र में राज्यसभा की 6 सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव होना है। भाजपा के तीन सदस्य नारायण राणे, प्रकाश जावड़ेकर और वी मुरलीधरन, एनसीपी की वंदना चव्हाण, कांग्रेस के कुमार केतकर और शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई अप्रैल में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से शिवसेना विधायक अनिल बाबर एवं भाजपा के गोवर्धन शर्मा की मृत्यु होने और कांग्रेस के सुनील केदार को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद कुल संख्या 285 है। एक उम्मीदवार के लिए 42 मतों की आवश्यकता है। सबसे ज्यादा 104 विधायक भाजपा के हैं। वहीं, एनसीपी (अजित गुट) के 44 और शिंदे की शिवसेना के 39 विधायक हैं। इसके अलावा सत्ता पक्ष को निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। विधायकों की संख्या के लिहाज से भाजपा तीन, शिवसेना और एनसीपी एक सीट आसानी से जीत सकती है। वहीं, विपक्ष में कांग्रेस के 44, शिवसेना (यूबीटी) के 16 और एनसीपी (शरद गुट) के 11 विधायक हैं। कांग्रेस भी एक सीट जीत सकती है, लेकिन 6 सीटों के लिए 7 उम्मीदवार मैदान में उतरे तो खेला हो सकता है।

### महाराष्ट्र से उत्तर भारतीय नेता को मिल सकता है मौका

शरद पवार और उद्धव ठाकरे के पास अंकगणित नहीं है। वहीं, भाजपा में एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति है। नारायण राणे और प्रकाश जावड़ेकर का पत्ता कट सकता है। दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर हुई बैठक में संजय उपाध्याय, पंकजा मुंडे, विनोद तावड़े, अमरीश पटेल, हर्षवर्धन पाटिल, माधव भंडारी और महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्रा वाघ के नाम पर चर्चा हुई है। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के संजय उपाध्याय को पिछली बार राज्यसभा की उम्मीदवारी मिली थी, लेकिन पार्टी के निर्देश पर नामांकन वापस ले लिया था। मुंबई महानगर और महाराष्ट्र में उत्तर भारतीय बड़ा वोट बैंक है, जिस पर भाजपा की पैनी नजर है। ऐसे में संजय उपाध्याय को मौका मिल सकता है।

# अमेरिका में पीटे जाने की वजह से घायल हुए भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका में भारतीय लोगों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल के दिनों में भारत के कई छात्रों को निशाना बनाया गया है। अब वॉशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर एक और भारतवंशी पर हमला किया गया। खबरों के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति से कहासुनी के दौरान उनकी हत्या की गई। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

### वॉशिंगटन में कहां हुई घटना

मामले की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक, घटना 2 फरवरी को 15वीं स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट के 1100 ब्लॉक पर रात करीब दो बजे हुई। जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें विवेक तनेजा (41 वर्षीय) का फुटपाथ पर मिले। उन्हें जानलेवा चोटें आई हुईं थीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### जनता से मदद मांग रही पुलिस

मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग (एमपीडी) हत्या में शामिल संदिग्ध का पता लगाने के लिए जनता से मदद मांग रहा है। एमपीडी के दस्तावेजों के मुताबिक, हमले की घटना की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने हमले के बाद जानलेवा हमले की चोटों के साथ पीड़ित को पाया और उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। सात फरवरी को पीड़ित ने दम तोड़ दिया। एमपीडी ने मामले में जानकारी देने वाले लोगों के लिए इनाम का एलान किया है।

### भारतीय लोगों पर हो रहे हमले

इसी हफ्ते की शुरुआत में शिकागो में लुटेरों ने भारतीय छात्र सैयद मजाहिर अली पर हमला किया था। इससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशे के आदी बेघर शख्स ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था। इस साल अमेरिका में भारतीय मूल के चार अन्य छात्रों की भी मौत की खबर है।

### कहासुनी के बाद तनेजा पर हमला

वॉशिंगटन डीसी के एक टेलीविजन स्टेशन डब्ल्यूयूएसए ने कहा, शुरुआती जांच में पाया गया कि तनेजा और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया और उसकार सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर चल रही है।

### कौन थे भारतीय मूल के विवेक तनेजा

तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, तनेजा डायनेमो उन रणनीतिक और साझेदारी की पहलों का नेतृत्व करते थे, जिनमें संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर दिया जाता था। पुलिस अज्ञात व्यक्ति की तलाश कर रही है। आरोपी निगरानी वाले कैमरों में कैद हुआ है।

## 1411 करोड़ की लागत से 24184 आवासों का ई-लोकार्पण, पीएम मोदी ने दी सौगात



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत 1,411 करोड़ की लागत से 24,184 आवासों का ई-लोकार्पण किया। इस दौरान पीएम मोदी ने लाभार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि अभी पिछले महीने ही मुझे वाइब्रेंट गुजरात समिट में आने का मौका मिला था। वाइब्रेंट गुजरात के 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस बार का आयोजन भी आपने बहुत शानदार तरीके से किया। ये गुजरात और देश के लिए निवेश के लिहाज से बहुत बेहतर कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब के लिए उसका अपना घर उसके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी होता है, लेकिन समय के साथ परिवार बढ़ रहे हैं, इसलिए नए घरों की जरूरत भी बढ़ रही है। हमारी सरकार का प्रयास है कि हर किसी के पास पक्की छत हो, अपना खुद का घर हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जिन परिवारों को उनका नया घर मिला है, उन सब परिवारजनों को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। जब ऐसे काम होते हैं, तभी देश कहता है मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी। उन्होंने कहा कि हमने नवंबर, दिसंबर और जनवरी के महीने में पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल आयोजन देखा। गांव-गांव में मोदी की गारंटी की गाड़ी पहुंची। सरकार के ऐसे ही प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

## हिंद प्रशांत महासागर रणनीति की वजह से क्षेत्र में शांति-समृद्धि आयी: यूएस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

अमेरिका ने कहा है कि हिंद प्रशांत महासागर रणनीति की वजह से अमेरिका और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र ज्यादा सुरक्षित, समृद्ध हुआ है। अमेरिका ने ये भी कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध भी अभूतपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हिंद-प्रशांत महासागर रणनीति को लागू हुए दो साल पूरे हो गए हैं। रणनीति लागू होने की दूसरी वर्षगांठ पर व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने मीडिया से बात की। मीडिया से बातचीत के दौरान एड्रिएन वाटसन ने कहा कि अमेरिका, हिंद-प्रशांत महासागर इलाके में पहले कभी भी इतना मजबूत नहीं रहा है। बीते दो साल में हमने हिंद प्रशांत महासागर इलाके को मुक्त, कनेक्टिड, समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर रखने में ऐतिहासिक प्रगति की है। राष्ट्रपति बाइडन के नेतृत्व को इसके लिए धन्यवाद। वाटसन ने कहा हमने जापान, कोरिया गणतंत्र, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, थाईलैंड के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। साथ ही हमने वियतनाम और इंडोनेशिया के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों में भी सुधार किया है।

**रिपोर्ट** बनारस के करखियांव एग्रो पार्क में लगभग तीस एकड़ परिक्षेत्र में 500 करोड़ की लागत से अमूल प्लांट तैयार, बना प्रदेश का सबसे बड़ा दुग्ध प्लांट

# उत्तर प्रदेश में श्वेत क्रांति लाएगा बनारस का अमूल प्लांट

* बहुत जल्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन, समय और तारीख के लिए पीएमओ से चल रही वार्ता
* बनास डेरी के चेयरमैन शंकर भाई चौधरी की पहल मील का पत्थर साबित होगी
* यूपी हेड दिनेश चौधरी की मेहनत लाई रंग, समय से पहले डेरी बनकर तैयार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश में श्वेत क्रांति का शंखनाद होने वाला है। बनारस के करखियांव एग्रो पार्क में अमूल प्लांट का उद्घाटन बहुत जल्द होने वाला है। यह प्रदेश के किसानों, पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगा। इस प्लांट की बदौलत बड़ी तादाद में लोगों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिलेगा। बनास डेरी के चेयरमैन शंकर भाई चौधरी के प्रयास रंग ला रहे हैं। उनकी यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। बहुत जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्लांट का उद्घाटन करने बनारस आएंगे। तारीख और समय तय करने के लिए उच्च स्तर पर पीएमओ से वार्ता चल रही है। करखियांव एग्रो पार्क में लगभग तीस एकड़ परिक्षेत्र में 500 करोड़ की लागत से तैयार अमूल प्लांट को प्रदेश का सबसे बड़े दुग्ध प्लांट बताया जा रहा है। इसके प्रारंभ होने पर प्रदेश में श्वेत क्रांति आने की बात तय मानी जा रही है। पूर्वांचल के दुग्ध उत्पादकों की आमदनी बढ़ेगी तो लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। खेती-बाड़ी व पशुपालन की तरफ एक बार बड़े पैमाने पर लोग लौटेंगे। युवाओं को बड़े पैमाने पर परोक्ष व अपरोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। बरकी में 18 दिसंबर को आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19157 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के क्रम में बनास डेरी का नाम लिया था। यह भी कहा था कि बनास डेरी के चेयरमैन शंकर भाई चौधरी व यूपी हेड दिनेश चौधरी के प्रयास से अमूल प्लांट लगभग तैयार हो चुका है।

### डेढ़ लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे

प्लांट निर्माण के पहले चरण में पांच लाख लीटर पैकेट बंद दूध का उत्पादन का लक्ष्य है। इस दौरान डेढ़ लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्लांट विस्तार के बाद 10 लाख लीटर पैकेट बंद दूध का प्रतिदिन उत्पादन, तीन लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। वाराणसी और समीपवर्ती जनपदों में गांव-गांव कलेक्शन सेंटर खोले जाएंगे।

### प्रथम चरण में पांच लाख पैकेट बंद दूध उत्पादन का लक्ष्य

प्लांट में प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, चिलिंग, ब्यावलर समेत लगभग शत प्रतिशत मशीनें इंस्टाल हो चुकी हैं। प्लांट से प्रथम चरण में पांच लाख पैकेट बंद दूध उत्पादन का लक्ष्य है।

### एक महीने में तीन लाख किलो मिठाई तैयार होगी

अमूल प्लांट में दूध दही, छाछ के साथ मिष्ठान भी बाजार में लाने की तैयारी है। एक माह में लगभग तीन लाख किलो मिठाई उत्पादन होगा। इसमें काजू कतली, पेड़ा, रसगुल्ला, लड्डू समेत कई मिठाइयां शामिल होंगी।

### एक हजार से अधिक गांवों के पशुपालकों से दूध लिया जाएगा

अमूल प्लांट के शुरू होते ही बनारस, जौनपुर, गाजीपुर, चंदैली, भदोही समेत 18 जिलों एक हजार से अधिक गांवों के पशुपालकों से दूध लिया जाएगा।

### नौ जिलों में होंगे मिल्क कलेक्शन सेंटर

गाजीपुर, चंदौली, शाहगंज, मीरजापुर समेत नौ जिलों में दुग्ध कलेक्शन सेंटर की स्थापना लगभग फाइनल हो चुका है। इसके अलावा और भी कलेक्शन सेंटर बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है।

### लौंगलता व लाल पेड़ा का भी होगा उत्पादन

पीएम की सोच के मुताबिक अमूल लोकल बनारसी मिठाई लौंगलता व लाल पेड़ा भी बनाएगा। ताकि अमूल प्लांट से बनारस की यह देसी मिठाई देश के कोने-कोने में जा सके व ब्रांड बनारस की धाक बनी रहे।

### बनास डेरी करा रही पशुओं का नस्ल सुधार

पशुओं के नस्ल सुधार के लिए अमूल की ओर से शहंशाहपुर में केंद्र खोला गया है। गिर व साहीवाल गाय का संवर्धन भ्रूण प्रत्यारोपण टेक्नोलाजी के माध्यम से बनास डेरी के माध्यम से किया जा रहा है।

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर एयरफोर्स दिखाएगी अपनी ताकत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पोकरण फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में एयरफोर्स अपनी ताकत दिखाएगा। इसके लिए देश के अलग-अलग 5 एयरबेस पर तैयारियां चल रही हैं। दरअसल, 17 फरवरी को वायु शक्ति एक्सरसाइज होनी है। इसे लेकर एयरबेस पर 121 एयरक्राफ्ट पहुंच चुके हैं। जोधपुर एयरबेस पर सुखाई-30 और राफेल की तैनाती की गई है। इसी एयरबेस पर सुखाई और राफेल के साथ लड़ाकू विमान तेजस, प्रचंड और ध्रुव हेलिकॉप्टर भी तैनात किए गए हैं। 17 फरवरी को पोकरण में होने वाली एक्सरसाइज वायु शक्ति के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है। इसमें पायलट से लेकर ग्राउंड स्टाफ शामिल है। वहीं सुखोई और राफेल के पायलट भी जोधपुर एयरबेस पर सोंठी लेकर एक-दूसरे के बीच कम्युनिकेशन सेट कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ भी इन एयरक्राफ्ट में हथियारों को लैस कर रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)